

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आजादी के साथ प्रगति पथ पर आगे बढ़ता भारत व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण शुक्ल पक्ष सप्तमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष-4, अंक-175, पृष्ठ-14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम: 29.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 38 | सूर्यास्त 06 :56

हल्द्वानी, रविवार, 11 अगस्त 2024




अभिभूत हूं, देश मना रहा है हमारी जीत का जश्न : हरमनप्रीत...13

## आतंकियों से मुठभेड़, दो जवान शहीद

श्रीनगर, एजेंसी



- कश्मीर में आतंकियों की गोलीबारी में तीन सैनिक और एक सिविलियन घायल

जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में सेना और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें सेना के दो जवान शहीद हो गए। वहीं तीन जवान घायल हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है।

कश्मीर ज़ोन पुलिस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए लिखा, अनंतनाग जिले के अहलान गगरमांडू इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई है। पुलिस और सुरक्षा बल काम पर लगे हुए हैं। हालांकि शहीद सैनिकों के बारे में तत्काल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। सेना के चिनार कॉर्प्स ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए लिखा, चल रहे ऑपरेशन में आतंकवादियों की अंधाधुंध गोलीबारी के कारण दो नागरिक भी घायल हुए हैं। उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। ऑपरेशन जारी है।

चिनार कॉर्प्स के एक और पोस्ट के मुताबिक,विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर आज भारतीय सेना, जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ़ ने अनंतनाग के कोकरनाग क्षेत्र में एक ज्वाइंट ऑपरेशन शुरू किया। गोलीबारी में दो जवान भी घायल हो गए हैं।

हालांकि भारतीय सेना ने किसी भी जवान के मारे जाने की जानकारी साझा नहीं की है। हाल के दिनों में भारतीय सेना और चरमपंथियों के बीच कई मुठभेड़ें हुई हैं, जिनमें कई सैनिकों की जान भी गई है।

## उत्तराखंड की 11,217 वन पंचायतें होंगी डिजिटल

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

एक्सक्लूसिव

- राज्य सरकार ने शुरू की कवायद, वन पंचायतों को ऑनलाइन बैंकिंग एकाउंटिंग सिस्टम से भी जोड़ा जाएगा

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'डिजिटल इंडिया' अभियान अब जंगलों तक पहुंचने जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार पहली बार राज्य की वन पंचायतों को डिजिटल करने के लिए कवायद शुरू कर दी गई है। वन पंचायतों को सशक्त एवं समृद्ध करने के लिए उन्हें नई तकनीकी से लैस करने के साथ ही ऑनलाइन बैंकिंग एकाउंटिंग सिस्टम से जोड़ा जाएगा।

राज्य में 11,217 वन पंचायतें हैं, जिनके दायरे में 4.52 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र हैं। इन वन पंचायतों को आर्थिक स्वाबलंबी व आधुनिक बनाने के लिए सरकार ने वन पंचायत नियमावली संशोधन-2024 में कई अहम सुधारात्मक बदलाव किए हैं। इसमें वन पंचायतों को डिजिटल किया जाएगा। वन पंचायतों में कंप्यूटराइज्ड सिस्टम, इंटरनेट आधुनिक तकनीकी से लैस किया जाएगा। जहां-जहां नेटवर्क की समस्या हैं, वहां नेटवर्क बनाया जाएगा। वन पंचायत सरपंच व सदस्यों के लिए ऑनलाइन व्यवस्था प्रबन्धन संबंधित क्षमता विकास प्रशिक्षण मॉड्यूल भी तैयार किया जा रहा है। फिर उनको इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वन पंचायतों को डिजिटल बनाने में सुविधा हो। इसके अलावा इन वन पंचायतों को ऑनलाइन बैंकिंग एकाउंटिंग सिस्टम से भी जोड़ा जा रहा है। अब वन पंचायतों को मिलने वाली राशि सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित होगी। ऐसे में पारदर्शिता तो बढ़ेगी ही सरपंचों व सदस्यों की जवाबदेही भी तय होगी। कई जिलों में वन पंचायतों में यह व्यवस्था शुरू कर दी गई है।

### अपराधियों से जुर्माना भी वसूल सकेंगी वन पंचायतें

उत्तराखंड में वन पंचायत नियमावली में संशोधन के बाद प्रत्येक वन पंचायत नौ सदस्यीय होगी। जिनमें एक सदस्य प्रधान व एक सदस्य जैव विविधता प्रबंधन समिति से नामित होगा। वन पंचायतें जड़ी-बूटी उत्पादन, वनाग्नि रोकथाम व ईको टूरिज्म में भी भागीदारी निभाएंगी। पहली बार वन पंचायतों को वन अपराधियों से जुर्माना वसूलने, कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड से मदद लेने का भी अधिकार दिया गया है।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान को बढ़ावा देने के क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की सभी वन पंचायतों को डिजिटल करने के निर्देश दिए हैं, इसी क्रम में वन पंचायतों के डिजिटलाइजेशन की कवायद शुरू की गई है। वन पंचायतों को ऑनलाइन बैंकिग एकाउंटिंग सिस्टम से भी जोड़ा जा रहा है। इससे पारदर्शिता, अधिकार बढ़ने के साथ ही जिम्मेदारी भी तय होगी।
>
> – **डॉ . पराग मधुकर धकाते,** विशेष सचिव एवं मुख्य वन संरक्षक वन पंचायत

## एक नजर

### कैबिनेट सचिव बने वरिष्ठ आईएएस टीवी सोमनाथन



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी टीवी सोमनाथन को शनिवार को कैबिनेट सचिव नियुक्त किया गया। वह राजीव गौबा की जगह लेंगे। तमिलनाडु कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी सोमनाथन वर्तमान में केंद्रीय वित्त सचिव व व्यय सचिव के रूप में कार्यरत हैं। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने टीवी सोमनाथन को 30 अगस्त से दो साल के कार्यकाल के लिए कैबिनेट सचिव के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी है। सोमनाथन को कैबिनेट सचिवालय में विशेष कार्य अधिकारी के रूप में नियुक्ति को भी मंजूरी दे दी है, जो उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से लेकर कैबिनेट सचिव के कार्य करने तक लागू रहेगा।

### 3 साल से फरार कुख्यात मानव तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एनआईए ने लिट्टे से संबंध रख चुके एक व्यक्ति द्वारा चलायी जा रही सीमापार मानव तस्करी के मामले में शनिवार को एक प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी सीनी अब्दुलखान को तमिलनाडु के रामनाथपुरम से पकड़ा गया। जांच में पाया गया है कि वह और उसके साथी तस्करी के शिकार लोगों को गहरे समुद्र में नौका पर बंधक बनाकर रखते थे और फिर बाद में उन्हें ट्रेन, कार, मोटरसाइकिल से मंगलुरु भेजते थे, जहां इन लोगों को फिर बंधक बनाकर रखा जाता था।

प्रधानमंत्री मोदी ने वायनाड भूस्खलन प्रभावित इलाकों का किया दौरा, पीड़ितों से मिले

## यह सामान्य त्रासदी नहीं, सरकार पीड़ितों की करेगी हर संभव मदद

- पीएम बोले- मदद में कोई कसर नहीं छोड़ेगी केंद्र सरकार

वायनाड (केरल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आश्वासन दिया कि केंद्र वायनाड जिले के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास प्रयासों में हर संभव सहायता प्रदान करेगा। मोदी ने कहा कि सभी की संवेदनाएं भूस्खलन में जीवित बचे लोगों के साथ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सामान्य त्रासदी नहीं है। केंद्र सरकार केरल सरकार के साथ मिलकर उन लोगों की मदद करेगी, जिन्होंने इस आपदा में अपना सब कुछ खो दिया।

भूस्खलन की वजह से वायनाड में अब तक 226 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 130 से ज्यादा लोग लापता हैं। प्रधानमंत्री यहां जिला कलेक्ट्रेट में जमीनी हालात की समीक्षा करने और भूस्खलन पीड़ितों के पुनर्वास की योजना तैयार करने के लिए आयोजित बैठक में बोल रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि देश और भारत सरकार आपदा से प्रभावित लोगों की मदद में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इससे पहले मोदी कन्नूर हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर से वायनाड पहुंचे। वायनाड जाते समय उन्होंने भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से भूस्खलन प्रभावित चूरलमाला, मुंडक्कई और पुंचिरीमट्टम का हवाई सर्वेक्षण किया था।



आपदा प्रभावित वायनाड पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी नुकसान का जायजा लेते हुए। ● एजेंसी

### आपदा में अपनों को खोने वाले बच्चों का दर्द बांटा



**वायनाड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अस्पताल पहुंचकर आपदा में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान की तस्वीरें सामने आई हैं, जो दिल को छूने वाली हैं। वह घायलों के पास बैठे, उनके हाथ पकड़े और उनकी बात सुनते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 11 वर्षीय लावण्या से भी मुलाकात की, जिसने अपने सभी प्रियजनों को खो दिया है। उन्होंने उसके सिर पर हाथ रखा। उन्होंने 8 वर्षीय अवंतिका से भी बातचीत की, जिसने अपनी दादी को छोड़कर परिवार के सभी सदस्यों को खो दिया है।

### उम्मीद है कि प्रधानमंत्री को मणिपुर जाने का भी समय मिलेगा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वायनाड गए हैं और उम्मीद है कि वह मणिपुर का दौरा करने के लिए भी समय निकालेंगे, जो पिछले 15 महीनों से दर्द झेल रहा है। विपक्षी दल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब मोदी केरल के भूस्खलन प्रभावित वायनाड के दौरे पर थे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "यह अच्छी बात है कि 'नॉन-बायोलॉजिकल' प्रधानमंत्री आज वायनाड में हैं। यह एक विनाशकारी त्रासदी थी।" उन्होंने कहा, "इसके बाद वह (मोदी) एक बार फिर युद्ध को रोकने के लिए यूक्रेन का दौरा करने वाले हैं। उम्मीद है कि उसके पहले वह मणिपुर का दौरा करने का समय और इच्छाशक्ति दोनों ही ढूंढ़ निकालेंगे।"

## पीएम मोदी अच्छी उपज देने वाली फसलों की 109 किस्में करेंगे लॉन्च

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को यहां भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में फसलों की उच्च पैदावार वाली, जलवायु अनुकूल और जैव पोषित 109 किस्में लॉन्च करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के दौरान किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी करेंगे।

लॉन्च की जाने वाली 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 खेत की फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। खेत की फसलों में ज्वार-बाजरा जैसे मोटे अनाज, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास समेत अन्य के बीज जारी किए जाएंगे। इसमें कहा गया है कि बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागानों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में जारी की जाएंगी। इसके अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा टिकाऊ खेती और जलवायु अनुकूल पद्धतियों को अपनाने के लिये प्रोत्साहित किया है। उन्होंने भारत को कुपोषण से मुक्त बनाने के लिए मध्याह्न भोजन और आंगनवाड़ी जैसे कई सरकारी कार्यक्रमों के साथ जोड़कर फसलों की जैव-पोषित किस्मों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया है।

## केदारनाथ हाईवे पर धंसा पहाड़, बदरीनाथ हाईवे 12 घंटे बाद खुला

ब्यूरो, देहरादून



भूस्खलन के चलते हाईवे पर मलबा जमा हो गया

- लगातार बोल्डर गिरने से यातायात हो रहा बाधित

**अमृत विचार :** पर्वतीय इलाकों में हो रही बारिश की वजह से भूस्खलन जारी है। रुद्रप्रयाग जिले में डोलिया देवी के पास अचानक पहाड़ धंस जाने से केदारनाथ हाईवे बाधित हो गया। वहीं भूस्खलन की वजह से अवरुद्ध बदरीनाथ हाईवे को 12 घंटे की मशक्कत के बाद खोला जा सका। लगातार बोल्डर गिरने से पर्वतीय इलाकों में यातायात प्रभावित हो रहा है।

केदारघाटी में शुक्रवार रात जोरदार बारिश होने से जगह-जगह भूस्खलन की खबरें हैं। वहीं शनिवार सुबह मौसम साफ होते ही डोलिया देवी के पास पहाड़ भर-भराकर हाईवे पर आ गिरा। देखते ही देखते पहाड़ से बड़े-बड़े बोल्डर और मलबा नीचे गिरने लगा। बोल्डरों और मलबे से केदारनाथ नेशनल हाईवे पट गया। इससे एनएच पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई।

वहीं चमोली जिले में भारी भूस्खलन की वजह से गौचर के कमेड़ा में काफी मलबा एकत्र हो जाने से बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया। छिनका में भी मलबा आने से यह हाईवे बाधित हो गया। इससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। करीब 12 घंटे की मशक्कत के बाद बदरीनाथ हाईवे को खोला जा सका।

राष्ट्रीय राजमार्ग के अतिरिक्त कई अन्य मार्ग भी मलबा आने से बंद हो गए। थराली-देवाल मोटर मार्ग नंदकेसरी के समीप भारी मात्रा में मलबा आने से बंद हो गया। थराली-देवाल, वाण मोटर मार्ग पर भी लैंडस्लाइड हुआ। यहां पहाड़ी से लगातार पत्थर सड़क मार्ग पर गिरने से मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है।

## यौन उत्पीड़न महिला-पुरुष दोनों हो सकते हैं आरोपी : हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा, ऐसे मामलों में जेंडर ढाल नहीं, महिला आरोपी पर चलाया जाए केस





दिल्ली हाईकोर्ट ने शनिवार को पॉक्सो एक्ट के एक मामले में सुनवाई की। न्यायमूर्ति जयराम भंभानी ने कहा कि पॉक्सो एक्ट के तहत पेनिट्रेटिव यौन हमले और गंभीर पेनेट्रेटिव यौन हमला (जबरन किसी चीज से बच्चों के निजी अंगों से छेड़छाड़) मामले में महिलाओं के खिलाफ भी केस चलाया जा सकता है। ऐसे मामलों में जेंडर कोई ढाल नहीं हैं।

कोर्ट की टिप्पणी एक महिला की ओर से दाखिल याचिका पर आई है। उसका तर्क है कि पॉक्सो एक्ट की धारा 3 में पेनिट्रेटिव यौन हमला और धारा-5 में गंभीर पेनिट्रेटिव यौन हमला का मामला किसी महिला पर दर्ज नहीं हो सकता, क्योंकि इनकी परिभाषा से पता चलता है कि इसमें केवल सर्वनाम 'वह' का उपयोग किया गया है, जो पुरुष को दर्शाता है। दरअसल, याचिककर्ता महिला पर वर्ष 2018 में केस दर्ज हुआ था। मार्च 2024 में ट्रायल कोर्ट ने उसके खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत आरोप तय किए थे। इसके बाद महिला ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

## हरिद्वार रेलवे स्टेशन से 8 माह का बच्चा चोरी, मचा हड़कंप

ब्यूरो, हरिद्वार

- सीसीटीवी फुटेज में दिखी संदिग्ध महिला, तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन से आठ माह का बच्चा चोरी होने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। बच्चा चुराते हुए एक महिला सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस महिला की तलाश में जुट गई है लेकिन उसका कहीं पता नहीं लग पा रहा है।

पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश में बनारस का निवासी सुरेश पुत्र राजकुमार शुक्रवार रात हरिद्वार रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर अपने पांच बच्चों व पत्नी के साथ सो रहा था। शनिवार तड़के करीब साढ़े चार बजे सुरेश की नींद टूटी तो उसने नजर अपने बच्चों पर डाली। आठ माह का बेटा वीरू वहां नहीं था। उसने तुरंत पत्नी को उठाया और फिर स्टेशन पर तैनात पुलिस कर्मियों को बच्चे के गायब होने की जानकारी दी।

बच्चा चोरी होने की बात सुनते ही जीआरपी जवानों में हड़कंप मच गया। तत्काल उन्होंने स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक संदिग्ध महिला बच्चा चोरी करती नजर आ रही थी। पुलिस के मुताबिक हावड़ा एक्सप्रेस से उतरी महिला ने बच्चे को चुराया है। जीआरपी घटना की रिपोर्ट दर्ज कर तत्काल जांच में जुट गई। जीआरपी हरिद्वार इंचार्ज अनुज सिंह ने बताया कि कई पुलिस टीमों को महिला की तलाश में लगाया गया है। पुलिस ने हरिद्वार से ऋषिकेश के बीच घटनाक्रम के बाद हावड़ा एक्सप्रेस से आने वाले यात्रियों की सीसीटीवी फुटेज में गहनता से जांच की। देरशाम तक महिला के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी थी।

## बहादराबाद में कांवड़ियों ने बस में की तोड़फोड़, चालक-परिचालक को पीटा

ब्यूरो, हरिद्वार

**अमृत विचार :** गंगाजल लेने अभी भी कांवड़िये हरिद्वार पहुंच रहे हैं। अभी डाक कांवड़ ज्यादा चल रही है। शनिवार को बहादराबाद क्षेत्र में प्राइवेट बस की बाइक सवार कांवड़िया से टक्कर हो गई। घटना से गुस्साए कांवड़ियों ने जमकर हंगामा किया। बस में तोड़फोड़ के साथ ही चालक व परिचालक के साथ भी हाथापाई कर दी। पुलिस ने चालक-परिचालक को हिरासत में लिया है।

हरिद्वार से डाक कांवड़ियों का जत्था शनिवार को गंगाजल लेकर अपने गंतव्य को जा रहा था। कांवड़ियों का दल बहादराबाद थाना क्षेत्र के बढ़ेडी राजपूतान के पास रतमऊ नदी के पास पहुंचा तो वहां बाइक सवार कांवड़िया बस की चपेट में आ गया। घटना से गुस्साए कांवड़िये वहां एकत्रित हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। कांवड़ियों ने बस में तोड़फोड़ शुरू कर दी।

बस चालक व परिचालक के साथ जमकर मारपीट की गई। सूचना मिलते ही एएसपी हरिद्वार जितेंद्र मेहरा और चौकी प्रभारी खेमेन्द्र गंगवार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बमुश्किल कांवड़ियों को समझा बुझाकर मामला शांत करवाया। बस की टक्कर से सरहिंद, फतेहगढ़ साहिब पंजाब निवासी उमेश पाल घायल हुआ है। उसे अस्पताल भिजवा दिया गया। पुलिस ने बस चालक और परिचालक को हिरासत में ले लिया। एएसपी हरिद्वार जितेंद्र मेहरा ने बताया कि तहरीर आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सरकारी अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म, फिर हत्या

कोलकाता, एजेंसी

- कोलकाता सरकारी डॉक्टरों ने काम बंद किया, आरोपी 14 दिन की पुलिस हिरासत में

एक सरकारी अस्पताल की महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। शनिवार को आरोपी संजय को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। वहीं, इस घटना के बाद कोलकाता के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजा जाएगा।

बहरहाल, पुलिस ने आरोपी संजय को 9 अगस्त को गिरफ्तार किया था। पड़ताल में सामने आया है कि वह अस्पताल का कर्मचारी नहीं है, बाहरी व्यक्ति है। लेकिन उसकी अस्पताल के अलग-अलग विभागों में काफी पहुंच है। पुलिस के मुताबिक, संजय की हरकतें संदिग्ध हैं। वह सीधे तौर पर घटना में है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर मुरली धर ने कहा कि हत्या और दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। जांच के लिए एसआईटी बनाई है। कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में शुक्रवार को ट्रेनी महिला डॉक्टर का अर्धनग्न शव मिला था। आंख, मुंह और प्राइवेट पार्ट्स से खून बह रहा था।

प्रकृति

भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाने वाली 10 में से तीन प्रजातियों की मौजूदगी पीटीआर में, जंगल के किसान के रूप में जाने जाते हैं हार्नबिल

## पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बसने लगा दुर्लभ हॉर्नबिल का संसार

सुनील यादव, पीलीभीत



- एक किमी तक सुनाई देती है हॉर्नबिल की आवाज

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व बाघों की बढ़ती संख्या को लेकर विश्व पटल पर पहचान बना चुका है। तराई के इस जंगल में वैश्विक स्तर के पक्षियों के साथ कई अन्य ऐसे पक्षियों की प्रजातियां पाई जाती हैं, जो शेड्यूल वन से भी ऊपर हैं। अब पीटीआर में जंगल के किसान कहे जाने वाले हार्नबिल पक्षी ने भी दस्तक दे दी है।

वन्यजीव प्रेमी इसे शुभ संकेत मान रहे हैं। 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैला पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी जैवविविधता को लेकर पूरी दुनिया में मशहूर होता जा रहा है। बाघों की बढ़ती संख्या को लेकर पीटीआर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का टी एक्स टू अवार्ड के अलावा बाघ संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान के लिए कैट्स जैसे अवार्ड भी हासिल कर चुका है। वन्यजीवों के साथ अब पक्षियों को भी पीटीआर की आबोहवा रास आने लगी है। वर्तमान में पक्षियों की 350 से अधिक प्रजातियां पीटीआर में मौजूद हैं। इसमें वैश्विक स्तर की 10 प्रजातियां भी शामिल हैं। अपने प्रेम के लिए दुनिया भर में जाना जाने वाला हार्नबिल भारत में केरल, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और हिमालय के जंगलों में पाया जाता रहा है।

### पीटीआर में हैं 3 प्रजातियां

हार्नबिल, जिसे धनेश भी कहा जाता है, ने पीटीआर में दस्तक दे दी है। टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी ने अपने अध्ययन में पीटीआर में हॉर्नबिल की तीन प्रजातियां होने की बात कही है। सोसायटी अध्यक्ष अख्तर मियां खान के मुताबिक पीटीआर में इंडियन ग्रे हार्नबिल, ओरिएंटल पाइड हॉर्नबिल और ग्रेट हॉर्नबिल की मौजूदगी देखी गई है।

### जंगल का किसान भी है करिश्माई हॉर्नबिल

अख्तर मियां खान के मुताबिक इंडियन हॉर्नबिल को जंगल के किसान के रूप में भी जाना जाता है। फलों के बीजों को फैलाने में उनकी भूमिका के कारण इन्हें यह नाम दिया गया है। खास बात यह है कि इसकी कर्कश आवाज एक किलोमीटर दूर से सुनाई देती है।

### नर द्वारा लाया भोजन खाती है मादा हॉर्नबिल

फलों पर निर्भरता के चलते हॉर्नबिल फल वाले पेड़ों के आसपास किसी पेड़ के छिद्र में अपने घोंसला बनाते हैं। ये पंछी आपस में प्रगाढ़ प्रेम के लिए जाने जाते हैं। घोंसला मिलकर चुनते हैं। घोंसले के लिए छिद्र का चुनाव करने के बाद मादा उसमें स्वयं को बंद कर लेती है। छिद्र के उतने ही हिस्से को खुला छोड़ती है, जिसमें से वह अपनी चोंच बाहर निकाल सके और नर द्वारा लाए गए भोजन को ग्रहण कर सके। इसलिए हॉर्नबिल का जोड़ा काफी सोच-समझकर घर ढूंढ़ता है। जितने समय तक मादा हॉर्नबिल घोंसले में कैद रहती है, नर उसे अपनी चोंच से खाना देता रहता है।



> पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों के साथ पक्षियों की कई विशेष प्रजातियों की मौजूदगी देखी जा रही है। हॉर्नबिल की तीन प्रजातियां भी पीटीआर में देखने को मिली है। इससे पूर्व वैश्विक स्तर के पक्षियों की मौजूदगी में देखने को मिली है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो आने वाले दिनों में पीटीआर बर्ड वॉचिंग की दिशा में अग्रसर होगा। – **अख्तर मियां खान,** अध्यक्ष, टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी

## सार-संक्षेप

### एसडीएम से समस्याओं के समाधान की मांग

**भीमताल :** नगर पालिका क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर निवर्तमान सभासद राम पाल सिंह गंगोला ने एसडीएम प्रमोद कुमार को ज्ञापन सौंपा। गंगोला ने बताया कि नगर के प्रत्येक वार्ड में सोलर लाइटें खराब पड़ी हैं। वार्डों में संक्रामक रोगों से बचाव के लिए अब तक कीटनाशक का छिड़काव और फॉगिंग नहीं की गई है। कई मार्गों में बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने एसडीएम से सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। जिस पर एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए।



अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के युवा मंडल की कार्यकारिणी के नए पदाधिकारी

### रोहित कर्मयाल अध्यक्ष, राहुल जोशी महामंत्री बने

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल ने मुखानी मंडल में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुखानी युवा मंडल का गठन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने कहा कि आज व्यापारियों को युवा शक्ति की जरूरत है। युवाओं को ही भविष्य में व्यापारियों के हितों के लिए आगे आना होगा। कुमाऊं अध्यक्ष भुवन भट्ट ने कहा कि युवाओं का जोश व्यापारियों की मूलभूत जरूरतों के समय उनके हितों के लिए उपयोगी है। मंडल अध्यक्ष दिगंबर भोजक ने कहा कि मुखानी मंडल के व्यापारियों के लिए संगठन हमेशा खड़ा है। इस दौरान मुखानी युवा मंडल में रोहित कर्मयाल अध्यक्ष, राहुल जोशी, हर्षित जोशी महामंत्री, मोहित राणा, राहुल अधिकारी, हिमांशु जोशी उपाध्यक्ष, मनरूप सिंह, गोविन्द सिंह दानू, विनोद कांडपाल सचिव, अजय पडलिया, अजय बोरा, मोहित चंद्र, संजय, आशुतोष परगाई मंत्री मनोनीत हुए। इस मौके पर डिंपल पांडे, चंदन बिष्ट, संजय बिष्ट, बालम बिष्ट, विशाल जोशी मौजूद रहे।




पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्राचीन शिव मंदिर समिति के पदाधिकारी।

### गणेश महोत्सव की तैयारियां शुरू, 7 को होगी मूर्ति स्थापना

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्राचीन शिव मंदिर समिति ने शनिवार को नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में गणेश महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक की। इस मौके पर संरक्षक प्रताप सिंह बिष्ट ने कहा कि सात सितंबर को भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। साथ ही आठ सितंबर को समिति की ओर से विशाल रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। बैठक में संरक्षक स्वर्णलाल सडाना, सुभाष मोंगा, संरक्षक बालकिशन अग्रवाल, पंडित विवेक शर्मा, अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक रूपेंद्र नागर, हरिमोहन अरोरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लाला जायसवाल, सचिव अमित आसवानी, अनिल अग्रवाल, मुरली मुलानी, सूरज, महामंत्री पदम पाल व सुशील गुप्ता मौजूद रहे।

### शिव पूजन का आयोजन कल

**हल्द्वानी :** छठ पूजा सेवा समिति की ओर से 12 अगस्त को शिव पूजा का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को छठ पूजा स्थल पर हुई बैठक में मुरारी प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि सावन माह के उपलक्ष्य में शिव पूजन किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष कृष्णा साह, कपिल भगत, वीरू पंडित, जयप्रकाश शाह, ओमप्रकाश शाह, द्वारिका पंडित, राम अवतार, यूके सिंह, दीन भगत, शंकर भगत और महिला सदस्य मौजूद रहीं।

### देश में खुशहाली की प्रार्थना की

**भीमताल :** ओखलकांडा के नाई ग्राम सभा में विश्व प्रसिद्ध देव गुरु धाम मंदिर स्थित है। भाजपा के कार्यकर्ता अखिलेश सेमवाल ने वहां पहुंचकर देश और क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दौरान देव गुरु पर्वत में गुफा में रहने वाले स्वामी प्रेमानंद महाराज से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज ने बताया कि यह उत्तर भारत का एकमात्र बृहस्पति देवगुरु धाम मंदिर है जो नाई ओखलकांडा की ऊंची पहाड़ी पर स्थित है, जिसे देव गुरु पर्वत भी कहा जाता है।



गुरु धाम में बाबा प्रेमानंद महाराज।

### टैक्सी स्कूटी का ज्यादा किराया लेने को लेकर हुआ विवाद

**नैनीताल :** तल्लीताल क्षेत्र में किराए की स्कूटी वापस करते समय किराए को लेकर पर्यटकों व टैक्सी स्कूटी स्वामी का विवाद हो गया। जब विवाद के बाद तल्लीताल पुलिस ने भी पर्यटकों की नहीं सुनी तो पर्यटकों ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार राजस्थान निवासी ऋषभ जैन अपने एक दोस्त के साथ नैनीताल आया था। दोनों पर्यटकों ने घूमने के लिए तल्लीताल क्षेत्र से स्कूटी किराए पर ली। वह स्कूटी लेकर जागेश्वर चले गए। उनका आरोप है कि वह तय समय के अनुसार शाम आठ बजे से पहले वापस तल्लीताल पहुंच गए। इस दौरान उनको टैक्सी बाइक स्वामी और अन्य लोगों ने घेर लिया। इस दौरान टैक्सी स्कूटी स्वामी पर्यटक से जागेश्वर जाने के अतिरिक्त पैसे मांगने लगा। जिस पर पर्यटकों ने ऐसी कोई बात पहले नहीं होने की बात कही तो वह अभद्रता करने लगे। जिसके बाद पर्यटक पुलिस चौकी पहुंच गए। जहां पर्यटकों ने पुलिस को पूरी बात बताई। लेकिन पर्यटकों का आरोप है कि पुलिस ने उनकी एक बात नहीं सुनी। टैक्सी बाइक स्वामी को पैसे देकर चले जाने को कहा। जिसके बाद पर्यटकों को स्कूटी का अतिरिक्त किराया देना पड़ा। मामले में पर्यटक ने एसएसपी से शिकायत कर टैक्सी बाइक स्वामी व मौके पर मौजूद एसआई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### जिले में एक स्टेट हाईवे समेत छह मार्ग अभी भी बंद

**हल्द्वानी :** जनपद में दैवीय आपदा से एक स्टेट हाईवे समेत छह ग्रामीण मार्ग बंद हैं। संबंधित एजेंसियों का दावा है कि 15 अगस्त तक सभी मार्ग खोल दिए जाएंगे। नैनीताल जिले में बीती 31 जुलाई को अतिवृष्टि से आपदा आई थी। इसमें स्टेट हाईवे-41 हल्द्वानी-कालाढूंगी मार्ग चकुलुवा के समीप बह गया था तब से यह मार्ग बंद है। लोनिवि इस पर वैली ब्रिज बना रहा है। लोनिवि का दावा है कि 15 अगस्त तक मार्ग खोल दिया जाएगा। हालांकि तब तक वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल हो रहा है। इसके अलावा फतेहपुर-पीपल-अडिया-छड़ा, फतेहपुर-बेल, एचएमटी ब्रेवरी, मल्यूटी, कोटाबाग-देवीपुरा मार्ग अभी भी बंद हैं। इनमें अधिकांश मार्ग रविवार को खोले जाने की संभावना है।

### हर बूथ के 100 घरों में तिरंगा लगाएगी भाजपा

**नैनीताल।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के तहत भाजपा हर घर तक तिरंगा पहुंचाएगी और युवा मोर्चा द्वारा 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जिसकी तैयारियां को लेकर राज्य अतिथि गृह में बैठक का आयोजन किया गया। शनिवार को राज्य अतिथि गृह में मुख्य अतिथि देवेन्द्र ढैला व विशिष्ट अतिथि प्रांत प्रभारी देवेन्द्र बिष्ट द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि भाजपा 11 से 13 अगस्त तक सभी शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाएगी और 13 अगस्त को युवा मोर्चा के नेतृत्व में चीना बाबा से बड़ा बाजार होते हुए पंत पार्क तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान भाजपा नैनीताल शहर के सभी वार्ड के 100 घरो में तिरंगा लगने का लक्ष्य रखा है। इस दौरान 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका के मौके पर फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री मोहित साह ने किया गया। यहां मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट बिष्ट, कविता गंगोला, गोपाल रावत, अरविंद पडियार, मारुति साह, बहादुर नगदली, विक्रम राठौर, विक्रम रावत, प्रो. ललित तिवारी, विक्रम नेगी, नंदन सिंह, सुंदर बिष्ट, जगमोहन, कैलाश रौतेला, भगवत रावत, आशु उपाध्याय, जीवंती भट्ट, तुलसी डालाकोटी, तारा राणा, कलावती असवाल, राजेन्द्र बिष्ट, भूपेंद्र बिष्ट, सुमन, मीरा बिष्ट, सुनीता रावत रहे।

# सात करोड़ रुपये से होगा मां नयना देवी मंदिर क्षेत्र का सौंदर्यीकरण कार्य

## मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत बजट जारी, बरसात के बाद शुरू होगा कार्य

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मां नयना देवी मंदिर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण का कार्य बरसात के बाद शुरू कर दिया जाएगा। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत मंदिर के सौंदर्यीकरण को लेकर राज्य सरकार ने सात करोड़ रुपये का बजट जारी किया है।

जानकारी देते हुए लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता जीएस जनोटी ने बताया कि डीपीआर के तहत मंदिर के आसपास के क्षेत्र में बदलाव किया जाएगा। मंदिर के बाहर से तिब्बती बाजार की 13 दुकानों को दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। प्रथम चरण में इन दुकानों के स्थानांतरण की प्रक्रिया चल रही है, ताकि सौंदर्यीकरण का कार्य बिना किसी बाधा के चल सके। मंदिर परिसर के बाहर बनी दुकानों के स्वामियों से वार्ता हो गई है। जल्द ही दूसरे स्थान पर इन दुकानदारों को विस्थापित कर दिया जाएगा।




### मंदिर के बाहर बनेगा सुंदर फुटपाथ

डीपीआर के तहत मंदिर के बाहर दो मीटर चौड़ा फुटपाथ बनाया जाएगा। फुटपाथ भक्तों और पर्यटकों को सुरक्षित और आरामदायक चलने की सुविधा प्रदान करेगा। साथ ही भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने में मदद करेगा। इसके अलावा डबल स्टोरी क्रियाशाला का भी निर्माण किया जाएगा। क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के बाद मंदिर परिसर में अतिरिक्त स्थान बनेगा। जिससे पूजा-अर्चना और अन्य धार्मिक गतिविधियों के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध हो सके। इस क्रियाशाला का डिजाइन न केवल सुविधाओं को शामिल करेगा, बल्कि मंदिर की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के अनुरूप भी होगा। मंदिर से पंत पार्क तक की पूरी फ्लोरिंग भी इस परियोजना में शामिल है। सौन्दर्यीकरण के लिए 11 करोड़ का बजट स्वीकृत हुआ है, जिसमें से 7 करोड़ रुपये से मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है।



नैनीताल स्थित रैमजे अस्पताल। ● अमृत विचार

# रैमजे अस्पताल में बनाया जाएगा जटिल प्रसव केंद्र

संवाददाता, नैनीताल

▸▸ प्रसव से एक सप्ताह पूर्व अस्पताल में ठहर सकेंगी गर्भवतियां

**अमृत विचार :** नैनीताल के पंडित जीबी पंत चिकित्सालय (रैमजे अस्पताल) को जटिल प्रसव केंद्र बनाने की कवायद चल रही है। जटिल प्रसव केंद्र बनने के बाद यहां गर्भवती महिलाएं प्रसव से एक सप्ताह पूर्व ठहर पाएंगी और चिकित्सक उनकी देखरेख करेंगे।

रैमजे अस्पताल में चिकित्सक नहीं होने के कारण मरीजों को काफी परेशानी होती है। जिसके चलते यहां मरीज न के बराबर आते हैं। हालांकि डायलिसिस केंद्र होने से अस्पताल में मरीजों की आवाजाही रहती है। नवनियुक्त सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र पंत की पहल से अब रैमजे अस्पताल में गर्भवती महिलाएं प्रसव से पूर्व देखभाल के लिए ठहर पाएंगी। जल्द ही रैमजे अस्पताल जटिल प्रसव केंद्र के रूप में नजर आएगा। सीएमओ डॉ. पंत ने बताया कि अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए जटिल प्रसव केंद्र खोला जा रहा है। इससे प्रसव से पूर्व गर्भवती महिलाएं एक सप्ताह ठहर सकेंगी। हालांकि प्रसव के लिए गर्भवतियों को बीडी पांडे अस्पताल ही भेजा जाएगा, लेकिन बाद में रैमजे अस्पताल में भी सामान्य प्रसव हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि इससे दूरदराज की गर्भवती महिलाओं को लाभ मिलेगा।

# आरएफसी कर्मचारी लापता 20 दिन बाद गुमशुदगी दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आरएफसी कर्मी संदिग्ध हालात में लापता हो गया। चार दिन तक परिजन खुद तलाशते रहे, लेकिन जब सुराग नहीं लगा तो मुखानी पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया और 20 दिन बाद गुमशुदगी दर्ज की।

गांधी आश्रम फतेहपुर मुखानी निवासी यमुना दत्त शर्मा (52 वर्ष) पुत्र बच्ची राम आरएफसी में कार्य करते हैं। वह मूलरूप से दूदली बबियाड़ भीमताल के रहने वाले हैं। यमुनादत्त की बेटी भारती शर्मा के मुताबिक यमुनादत्त 18 जुलाई को घर से निकले और फिर लौट कर नहीं आए।। परिजन चार दिन तक यहां-वहां तलाशते रहे। उनके कार्यालय, रिश्तेदार, दोस्त-परिचित सभी जगह पता किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद परिजनों ने 22 जुलाई को मुखानी पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने भी मामले में तत्काल कार्रवाई नहीं की और 20 दिन बाद गुमशुदगी दर्ज की।

भारती के मुताबिक गायब होने से तीन दिन पहले पिता का मोबाइल खो गया था। 18 जुलाई को उन्होंने ऊंचापुल स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा से 4,000 रुपये निकाले थे। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि खोजबीन के लिए एक टीम को सीसीटीवी फुटेज खंगालने के लिए लगाया गया है।

# पेड़ों के कटान के चलते घंटों बिजली गुल

▸▸ कालाढूंगी रोड पर आठ घंटे बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों को हुई भारी परेशानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती उपभोक्ताओं के साथ-साथ व्यवसायियों की परेशानी बढ़ा रही है। शनिवार को कालाढूंगी रोड पर पेड़ों के कटान के चलते मुखानी और पीलीकोठी फीडर से आठ घंटे तक सप्लाई बंद रही। जिससे लोगों और व्यवसायियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

शनिवार को कालाढूंगी रोड पर मुखानी चौराहे से गैस गोदाम तिराहे तक पेड़ों के कटान के चलते यातायात बाधित रहा। इसको लेकर पुलिस प्रशासन ने रूट डायवर्जन जारी किया था। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कालाढूंगी रोड के वाहनों को अन्य मार्गों से डायवर्ट कर आगे भेजा गया। वाहनों का दबाव बढ़ने के कारण कुछ मार्गों में जाम की समस्या भी रही। इधर, पेड़ों के कटान के चलते क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी ठप रही। बिजली न होने से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बेचने वाले व्यवसायियों का कारोबार भी गड़बड़ा गया। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहने के कारण कई संस्थानों को डीजल खरीदकर जनरेटर चालू करना पड़ा, जिसके बाद उपकरण चल सके। इधर, मानसून सीजन में हो रही उमस और रोस्टिंग ने लोगों की मुश्किलें और खर्चे को दोगुना कर दिया है। उपभोक्ताओं का कहना था कि विद्युत विभाग को शटडाउन का समय कम करना चाहिए।



कालाढूंगी रोड में सड़क चौड़ीकरण के लिए काटे जा रहे पेड़। ● अमृत विचार

> हमारी इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। लंबे समय का शटडाउन कारोबार को प्रभावित कर रहा है। हर दिन हजार से 1200 रुपये खर्च कर जनरेटर के लिए डीजल खरीदना पड़ रहा है। – **उमाशंकर पांडे**, वैल्यू प्लस कालाढूंगी रोड

> मेरी डेयरी प्रोडक्ट की दुकान है। रेफ्रिजरेटर लगाकर दूध और अन्य सामान रखा है। शटडाउन से सामान खराब होने के आशंका है। कामकाज जारी रखने के लिए अतिरिक्त पैसे खर्च कर रहे हैं। – **हिमांशु**, रूही मिल्क स्टोर कुसुमखेड़ा

> हर दिन आधे से डेढ़ घंटे तक बिजली जाती है। शटडाउन भी लंबा रखा गया है। ऐसे में परेशानी बढ़ रही है। इनवर्टर चार्ज करने के लिए अतिरिक्त पैसा खर्च करना पड़ रहा है। – **पंकज बजेठा**, मेगा स्टोर कुसुमखेड़ा रोड।

## रिटायर्ड एसडीओ के घर में सेंधमारी

**कालाढूंगी।** चोरों ने कालाढूंगी बंदोबस्ती में रिटायर्ड एसडीओ के घर से बाइक उड़ा ली। जिस घर में चोरी हुई वहां ताला लगा हुआ था और परिवार एक महीने से बेंगलुरू में था। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कालाढूंगी बंदोबस्ती निवासी गोपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके भाई गंगा सिंह बिष्ट का कालाढूंगी बंदोबस्ती में अपना घर है। गंगा सिंह बीएसएनएल के रिटायर्ड एसडीओ हैं। वह एक महीने से अपनी पत्नी संग बैंगलोर में बेटे के घर गए थे। शनिवार शाम पड़ोसियों ने भाई के घर के दरवाजे खुले देखे तो इसकी सूचना उन्हें दी। घर में सामान बिखरा था। कमरे की गैलरी में रखी बाइक गायब थी। अलमारियों के लॉक तोड़े हुए थे।

# एडी ने लिया प्रशिक्षण का जायजा

संवाददाता, भीमताल

**अमृतविचार:** मूलभूत भाषाई एवं संख्या ज्ञान के अंतर्गत डाइट भीमताल में राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के लिए सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण के अंतिम दिन राज्य परियोजना अपर निदेशक एवं एडी माध्यमिक शिक्षा देहरादून डॉ. मुकुल सती ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण में सीखी हुई बातों को अपने विद्यालय मे छात्र हित में प्रयोग करना चाहिए एवं विभाग द्वारा जो कार्यक्रम छात्र हित में चलाए जा रहे हैं उनका अनुपालन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने राजनीतिक विज्ञान उत्कृष्टता केंद्र का निरीक्षण किया एवं प्राचार्य डाइट गीतिका जोशी एवं उत्कृष्ट केंद्र प्रभारी रेखा तिवारी के कार्यों को सराहा।

ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर डॉ. सुमित पांडे ने अभिभावकों एवं समुदाय की भागीदारी एवं विद्यालय लाइब्रेरी रेटिंग सिस्टम पर चर्चा की। एफएलएम कोऑर्डिनेटर रेखा तिवारी ने जेंडर संवेदीकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। अंतिम सत्र में प्राचार्य गीतिका जोशी ने अच्छे स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रधानाध्यापकों से विद्यालय में छात्र संख्या बढ़ाने, सामुदायिक सहभागिता एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की अपील की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ।



डायट में प्रशिक्षण में मौजूद राज्य परियोजना अपर निदेशक एवं एडी माध्यमिक शिक्षा।

# रेलवे लाइन के किनारे मिला युवक का शव

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** घर से लड़कर निकले एक युवक का शव शनिवार को रेलवे लाइन के किनारे मिला। वह 8 अगस्त से लापता था। पुलिस ने आधार कार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचना दी।

मोटाहल्दू बरेली रोड निवासी नीरज जोशी (30 वर्ष) पुत्र मुरली मनोहर जोशी यहां परिवार के साथ रहता था। बताया जाता है कि बीती 8 अगस्त को उसका घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। नीरज बिना बताए घर से निकल गया और फिर लौट कर नहीं आया। परिजनों ने तलाश शुरू की और यह सोच कर चुप बैठ गए कि गुस्सा शांत होने पर वह लौट आएगा। इसके बाद दो दिन गुजर गए और वह लौट कर नहीं आया। 9 अगस्त को परिजनों ने उसे फोन किया तो फोन बंद मिला। शनिवार को आंवला चौकी गेट के पास स्थित आम का बगीचा इलाके से गुजरी रेलवे लाइन के किनारे लोगों ने उसका शव देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तलाशी ली तो जेब से आधार कार्ड मिला। जिससे उसकी पहचान नीरज जोशी के रूप में की गई। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

**जर्जर** बारिश के कारण सड़कों में बने गड्ढे, दो बार हुआ था डामरीकरण

# सड़कों में भरा पानी, लोग परेशान

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** बारिश के कारण नगर की अधिकांश सड़कों की हालत खराब हो गई है। दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों और स्वयं के बचाव के लिए वाहन वहां से न गुजरे इसके लिए सड़क के गड्ढों में पत्थर रख दिये हैं। खस्ताहाल सड़कों में वाहन चालकों के साथ-साथ राहगीरों का चलना भी मुश्किल हो गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार गर्मी के मौसम में लोक निर्माण विभाग ने दो बार विभिन्न मदों से लाखों रुपये की धनराशि खर्च कर सड़कों का डामरीकरण किया था। कहीं-कहीं तो मशीन लगाकर बड़े पैमाने पर डामरीकरण हुआ। वर्तमान में कई सड़कों में डामर निकलने के कारण गड्ढे हो गए हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से पूर्व में हुए डामरीकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा भविष्य में होने वाले कार्यों के लिए जिम्मेदारी तय करने की मांग की है।



सड़क में पड़े गड्ढे। ● अमृत विचार



> सड़कों के डामरीकरण के साथ-साथ पानी निकासी की भी व्यवस्था की जाए, ताकि बारिश होने पर सड़क में पानी जमा न हो। – **विपिन चंद्रा, सामाजिक कार्यकर्ता**



> कई बार डामरीकरण होने के बाद भी बरसात में सड़क खस्ताहाल है। डामरीकरण कार्य में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल किया जाए। – **हितेन्द्र बिष्ट**, सामाजिक कार्यकर्ता



> नगर की अधिकांश सड़कों की हालत खराब हो गई है। गड्ढों के कारण सड़कों पर चलना भी मुश्किल हो गया है। – **चंदन नौगाई**, पूर्व बीडीसी सदस्य

## दो होटल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल।** नैनीताल के मंगोली क्षेत्र के होटलों में पुलिस की ओर से देर रात निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमितता मिलने पर दो होटल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

शुक्रवार शाम पुलिस की ओर से मंगोली क्षेत्र में बने होटलों व रेस्टोरेंट में निरीक्षण किया। पुलिस ने इस दौरान होटल के पंजीकरण रजिस्टर व कर्मचारियों के सत्यापन की जांच की। इस दौरान एक होटल व एक रेस्टोरेंट में अनियमितता पाई गई। मंगोली चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह मेहता ने बताया कि देर शाम गौरी रिट्रीट रिजॉर्ट घटगड़ में निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं पाई गई। जिस पर होटल स्वामी अरविंद कुमार के खिलाफ पांच हजार की चालानी कार्रवाई की गई है। वहीं चशेड़ी रेस्टोरेंट में भी कर्मचारियों का सत्यापन नहीं पाया गया। जिस पर रेस्टोरेंट स्वामी ललित कुमार के खिलाफ 10 हजार की चालानी कार्रवाई की गई है।

अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।
पढ़ते रहिए अपना अखबार
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

| | | | |
|---|---|---|---|
| हल्द्वानी | कार्यालय | : | 7830460114 |
| हल्द्वानी | कृष्णानंद जोशी | : | 9759658008 |
| हल्द्वानी | चंदन सिंह राणा | : | 9719437755 |
| हल्द्वानी | बाला दत्त नैनवाल | : | 9759749932 |
| काठगोदाम | शहजादे आलम | : | 9627035285 |
| नैनीताल | गणेश काण्डपाल | : | 9412017422 |
| रामनगर | सिद्धार्थ पपनै | : | 7983376222 |
| रुद्रपुर | कार्यालय | : | 8476843488 |
| काशीपुर | राहुल पाल | : | 82181 00208 |
| जसपुर | सुखवीर | : | 9536211111 |
| बरेली रोड ITI | कमल आसरा | : | 9917106359 |
| कमलुवागांजा | श्याम भोज | : | 9012803251 |
| ब्लॉक (हल्द्वानी) | पूरन बृजवासी | : | 9927780770 |
| लामाचौड़ (हल्द्वानी) | नन्दा बल्लभ जोशी | : | 9568591773 |
| पनचक्की, हल्द्वानी | मनोज डालाकोटी | : | 8923661000 |
| पंचायत घर, हल्द्वानी | हरीश जोशी | : | 8218899134 |
| गौलापार | मनोज शर्मा | : | 9759921464 |
| हल्दूचौड़ | गौतम भट्ट | : | 7248505100 |
| हल्दूचौड़ | पूनम पाण्डे | : | 9412134705 |
| लालकुआं | दीपू पांडेय | : | 6399832290 |
| सितारगंज | अतुल शर्मा | : | 7017941901 |
| बाजपुर | सैनी न्यूज़ एजेंसी | : | 8445072215 |
| बाजपुर | अकील अहमद | : | 9837146215 |
| खटीमा | ओम प्रकाश मौर्य | : | 7500981690 |
| टनकपुर | आबिद हुसैन | : | 6398415199 |
| अल्मोड़ा | टी.डी. गुरु | : | 9410183487 |
| रानीखेत | हेम चन्द्र पांडेय | : | 9758833254 |
| किच्छा | राजू सहगल | : | 9837777817 |
| मालधन (रामनगर) | जितेन्द्र कुमार | : | 9917303031 |
| चकरपुर, बाजपुर | जितेन्द्र पाल | : | 9837135170 |
| कालाढूंगी | गोपाल सिंह बिष्ट | : | 9634222693 |
| गदरपुर | रमेश कुमार | : | 7351388930 |
| दिनेशपुर | केवल चंद्र पाठक | : | 7055150050 |
| गूलरभोज | ऋतिक न्यूज एजेन्सी | : | 9917089411 |

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप व गरज के साथ बौछारें

31.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.38 | सूर्यास्त 06.56

## एक नजर

### आवारा सांड के हमले से बुजुर्ग घायल

**लालकुआं :** पूर्वी राजीव नगर घोड़ानाला निवासी भवान सिंह परिहार (80 वर्ष) दो दिन पूर्व सांयकाल के समय टहलने निकले थे तभी रास्ते में एक आवारा सांड ने उन पर पीछे से हमला कर दिया। सांड के हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें तुरंत डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लाए, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इधर, क्षेत्र में आवारा पशुओं की संख्या बढ़ने से लोगों में डर का माहौल है। क्षेत्रीय विधायक से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को लोग कई बार ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन अब तक आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही नहीं हुई है।

### 53 पव्वे के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** काठगोदाम पुलिस ने कुमाऊं कॉलोनी निवासी सोनू को देसी शराब के 53 पव्वे के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि बीती रात टीम गश्त पर थी। जब युवक को पकड़ने की कोशिश की तो उसने जंगल में भागने का प्रयास किया, लेकिन पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### नुमाइश में मारपीट करने वाला छठा आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एमबी ट्रस्ट के मैदान में संचालित नुमाइश में 20 जुलाई की रात कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद में कार चालक और उसके साथियों को गंभीर रूप से घायल कर चेन व नकदी लूटने के मामले में पुलिस ने छठे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि जांच के दौरान मामले में भवाली के खैरना स्थित दूनाकोट शेरा निवासी नवीन मेहरा का नाम सामने आया था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को भवाली से गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# भीमताल बाईपास में अब नहीं लगेगा जाम नहर कवरिंग के लिए 7.95 करोड़ हुए मंजूर

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भीमताल को जाम की समस्या से निजात के लिए योजना का किया अनुमोदन

संवाददाता, हल्द्वानी/भीमताल

**कवायद**

- सड़क चौड़ी होने से जनता व पर्यटकों को मिलेगी राहत
- लंबे समय से नहर कवरिंग की मांग उठा रहे थे क्षेत्रवासी



**अमृत विचार :** नैनीताल जिले के भीमताल में पर्यटकों व नगरवासियों को जाम से नहीं जूझना पड़ेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जाम की समस्या से निजात के लिए 7.95 करोड़ की योजनाओं को वित्तीय स्वीकृति दी है।

भीमताल नगर पालिका के अंतर्गत बाईपास सड़क से सटी हुई नहर की कवरिंग की मांग लंबे समय से चल रही थी। नहर कवरिंग नहीं होने से लगभग ढाई किलोमीटर का पैच संकरा था। वाहनों के आमने-सामने आ जाने से ही जाम लग जाता था। पर्यटन सीजन में यह बाईपास सिर्फ नाम का रहता था दिन भर वाहनों की कतार लगी रहती थी। ऐसे में क्षेत्रवासियों का जीना मुश्किल हो जाता था, उन्हें भी घंटों जाम से जूझना पड़ता था। पर्वतीय काश्तकार, मरीजों, बुजुर्गों, स्कूली बच्चों को काफी दिक्कतें होती हैं। गैर पर्यटन सीजन में भी संकरी सड़क से लोगों को जूझना पड़ता है। इसी के मद्देनजर नगरवासी लंबे से नहर कवरिंग की मांग कर रहे थे, ताकि सड़क चौड़ीकरण हो सके और बाईपास का उर्पयुक्त इस्तेमाल हो सके। इसको देखते हुए लोनिवि ने 7.95 करोड़ का नहर कवरिंग का प्रस्ताव बनाकर भेजा था, जिसे शनिवार को मुख्यमंत्री धामी ने वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब ढाई किलोमीटर के पैच में नहर कवरिंग होने से सड़क चौड़ी होगी और जनता एवं पर्यटकों को जाम का सामना नहीं करना होगा।

इधर, विधायक राम सिंह कैड़ा ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि भीमताल बाईपास नहर कवरिंग होने से सड़क चौड़ी होगी। बाजार व बाईपास पर जाम की समस्या से निजात मिलेगी। शीघ्र ही कार्य शुरू हो जाएगा।

### भवाली में भी बाईपास के लिए 15 करोड़ मिले

**हल्द्वानी :** भवाली नगर पालिका के निवर्तमान चेयरमैन संजय वर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए कहा कि कैंचीधाम में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है, इसको देखते हुए मुख्यमंत्री ने 15 करोड़ रुपये बाईपास के लिए मंजूर किये हैं, जिसकी निविदा प्रक्रिया हो रही है। वहीं, कुमाऊं मंडल विकास निगम 18 करोड़ से पार्किंग बना रहा है। इसके अलावा रोडवेज में भी 7 करोड़ से पार्किंग बनकर तैयार है। आगामी पर्यटन सीजन में श्रद्धालुओं को सहूलियत मिलेगी।उन्हें वाहनों के लिए यहां-वहां नहीं भटकना होगा।



### इन योजनाओं के लिए भी दी वित्तीय मंजूरी

- नाबार्ड के अंतर्गत अल्मोड़ा जिले के चौखुटिया ब्लॉक में स्प्रिंकलर आधारित 1 संख्या भेल्ट लिफ्ट सिंचाई योजना के निर्माण के लिए 100.49 लाख की स्वीकृति और द्वाराहाट ब्लॉक की छाना नहर के जीर्णोद्वार को 217.31 लाख की मंजूरी।
- नाबार्ड में ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर ब्लॉक की किच्छा नहर के लाइनिंग के लिए 180.81 लाख, सिरसा नहर की लाइनिंग के लिए 137.10 लाख, सितारगंज में सिसैया नहर के आधुनिकीकरण एवं पुनरोद्धार के लिए 290 लाख, खटीमा में चन्देली माइनर के आधुनिकीकरण एवं पुनरोद्धार को 212.51 लाख, खटीमा में नहर संख्या-03. 03ए- 03बी के पुनरोद्धार को 162.58 लाख की स्वीकृति दी गई।
- उधमसिंहनगर के काशीपुर में ढेला नदी से ट्रंचिंग ग्राउंड एवं मानपुर सैनी फार्म कॉलोनी, सिल्वर सिटी कालोनी के समीप बाढ़ बचाव को 488 लाख का अनुमोदन किया है। इसके अलावा सीएम धामी ने गढ़वाल मंडल की भी कई योजनाओं को मंजूरी दी है।

# सीओ के वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

संवाददाता, रामनगर

**हादसा**

- घटना से गुस्साए परिजनों ने कोतवाली में किया हंगामा
- दुर्घटना वाली बोलेरो सीओ संचार ऊधमसिंह नगर की

**अमृत विचार :** हल्द्वानी मार्ग पर छोई के समीप पुलिस की बोलेरो ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। बोलेरो सीओ संचार ऊधमसिंह नगर की है। आरोप है कि उसमें सवार पुलिस कर्मी नशे में थे।

रामनगर के मोहल्ला इंदिरा कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय अर्पित पवार व मोहल्ला खताड़ी निवासी वसीम बैलपडाव से आ रहे थे। छोई के समीप तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो गाड़ी ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। बोलेरो में सीओ संचार ऊधमसिंह नगर रेवाधर मठपाल सवार थे, जो रामनगर जा रहे थे। हादसे में स्कूटी सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें रामनगर के सरकारी अस्पताल उपचार के लिए लाया गया, जहां चिकित्सकों ने अर्पित पवार को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल वसीम को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। उसकी भी हालत चिंताजनक बताई जाती है। घटना से गुस्साए मृतक के परिजनों के साथ अन्य लोगों ने कोतवाली में जमकर हंगामा किया। बताया जाता है कि वसीम मृतक अर्पित के यहां मकान में टाइल्स लगाने का काम कर रहा था। शनिवार को दोनों टाइल्स लेने के लिए बैलपडाव गए थे।



मृतक अर्पित पवार।

वहीं मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि बोलेरो वाहन में जो पुलिस कर्मी तैनात थे वह शराब के नशे में थे। उन्होंने इन लोगों का मेडिकल भी नहीं कराया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। इधर, एसएसआई मो. युनूस खान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने लंबे समय से फरार तीन वारंटी दबोचे

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बनभूलपुरा और काठगोदाम पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज बाकुनी ने बताया कि वर्ष 2022 में दर्ज दो अलग-अलग मुकदमों के नामजद आरोपी लाइन नंबर चार निवासी मोहम्मद नईम और वर्ष 2023 में दर्ज मुकदमे के नामजद आरोपी मो. शाहिद फरार चल रहे थे।

आरोपियों के गैर जमानती वारंट जारी हो चुके थे। शुक्रवार रात दोनों आरोपियों को अलग-अलग टीमों ने गिरफ्तार किया। वहीं काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि फौजदारी मामले में छह वर्ष से फरार चल रहे आरोपी गोविंद ग्राम काठगोदाम निवासी विक्रम सिंह उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया गया है।

## ढेला गांव में मासूम को कोबरा ने डसा, मौत

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** रामनगर के ढेला गांव में शुक्रवार शाम छह वर्षीय मासूम को कोबरा ने डस लिया। परिजन उसे बचाने के लिए अस्पतालों के चक्कर लगाते रहे, लेकिन उसने दम तोड़ दिया। वन विभाग और सेव द स्नेक सोसाइटी की टीम ने बालिका को डसने वाले कोबरा को रेस्क्यू कर लिया है।



जानकारी के मुताबिक ढेला गांव में पंजाबपुर निवासी कुंदन अधिकारी की छोटी बेटी का शुक्रवार को पहला जन्मदिन था। शाम करीब साढ़े छह बजे बर्थडे मनाने के लिए कुंदन की छह वर्षीय बेटी रोशनी पड़ोस के बच्चों को बुलाने गई। बताया जाता है कि आंगन के एक किनारे पर लकड़ी के ढेर के पास बैठे सांप (कोबरा) पर रोशनी का पैर पड़ गया। सकपकाई रोशनी भागी तो दुबारा उसका पैर कोबरा पर पड़ा, जिससे कोबरा ने उसे डस लिया। बेटी को डंक मारते देख कुंदन के होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल बेटी के पैर में बंधन बांधे और सर्पदंश के जानकारों की मदद से रामनगर अस्पताल पहुंचे। यहां हालत खराब होती देख कुंदन कुछ लोगों को लेकर बाजपुर अस्पताल भी गए, लेकिन रोशनी को बचाया नहीं जा सका। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। एसएसआई मोहम्मद यूनुस ने बताया कि शनिवार सुबह बालिका का सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## कालाढूंगी में घायल गुलदार की मौत

**कालाढूंगी :** रामनगर वन प्रभाग के कालाढूंगी रेंज में घायल गुलदार मिलने की सूचना से वन विभाग में हड़कंप मच गया। वन विभाग ने ट्रेंकुलाइज कर गुलदार को रेस्क्यू किया। कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। धापला के ग्राम प्रधान दयानंद आर्या के खेत में ग्रामीणों ने घायल गुलदार को देखा। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान ने तुरंत वन विभाग को दी।



टीम के साथ मौके पर पहुंचे डॉ. दुष्यंत शर्मा ने गुलदार को ट्रेंकुलाइज किया और रेस्क्यू सेंटर ले गये। जहां उसकी मौत हो गई। दो चिकित्सकों के पैनल के शव का पोस्टमार्टम किया। इधर, डीएफओ दिगंत नायक ने बताया कि गुलदार की उम्र 5 से 6 वर्ष है। प्रथम दृष्टया मौत का कारण आपसी संघर्ष लग रहा है।

# दरोगा आदेश कक्ष से गायब एसएसपी ने किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विवेचनाओं की समीक्षा बैठक से नदारद एक दरोगा को एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने निलंबित कर दिया। साथ ही बैठक में मौजूद अन्य विवेचकों से विवेचना के बारे में पूछा। कहा कि धोखाधड़ी के मामलों में अगर बैंकों की भूमिका पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ भी कार्रवाई करें।

शनिवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में विवेचकों का आदेश कक्ष लिया गया। आदेश कक्ष में बिना कारण गायब रहने पर एसएसपी ने एसआई सुशील जोशी को निलंबित कर दिया। बैठक में एसएसपी ने कहा कि आरोपी निजी हो या सरकारी विभाग से, सभी के लिए समान दृष्टिकोण रखें। विवेचनाओं में वांछितों की धरपकड़ करें। क्वालिटी विवेचना पर फोकस करें और धोखाधड़ी के मामलों में कोताही न बरतें। विवेचना में लापरवाही बरतने वाले विवेचक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। सड़क दुर्घटना में मौके पर वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी अवश्य करें। नाबालिग और मृत्यु कारित के मामलों में तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करें। आदेश कक्ष में सीओ सिटी नितिन लोहनी, कोतवाल उमेश कुमार मलिक, दिनेश सिंह फर्त्याल, डीआर वर्मा, थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, थानाध्यक्ष पंकज जोशी मौजूद रहे।



विवेचना समीक्षा बैठक लेते एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा। ● अमृत विचार

# कालाढूंगी रोड के व्यावसायिक भवनों के बेसमेंट की होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- अगले सप्ताह से जिला प्रशासन चलायेगा अभियान
- निजी स्कूलों के बेसमेंट की भी की जाएगी जांच

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन नैनीताल रोड के बाद अब कालाढूंगी रोड पर व्यावसायिक भवनों के बेसमेंट की जांच करेगा। इसमें बेसमेंट का स्वीकृत मानचित्र के इतर उपयोग व सुरक्षा के मानकों की जांच की जाएगी।

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के संयुक्त सचिव एपी वाजपेयी ने बताया कि दिल्ली कोचिंग हादसे के बाद प्राधिकरण हल्द्वानी शहर के सभी व्यावसायिक भवनों में बेसमेंट की जांच कर रहा है। नैनीताल रोड पर तीन दिनी सर्वे किया गया था, इसमें 128 व्यावसायिक भवनों की जांच हुई थी जिसमें 44 में बेसमेंट मिले थे इनमें 32 में पार्किंग के इतर उपयोग हो रहा था। अब इन बेसमेंट स्वामियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि नैनीताल रोड के बाद अब कालाढूंगी रोड पर व्यावसायिक भवनों के बेसमेंट की जांच की जाएगी। साथ ही निजी स्कूलों के बेसमेंट में कक्षाएं संचालित होने की शिकायतें मिली हैं, जिनकी भी जांच की जाएगी।

# ओवररेट शराब बेचने पर 50-50 हजार का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आबकारी विभाग आंखें मूंद कर सोया है। शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई शराब की दुकानों की पड़ताल करने निकले तो बड़ा खुलासा हुआ। पता लगा कि दुकानदार प्रिंट रेट से ज्यादा पैसे वसूल रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट ने ऐसे दुकानदारों पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया है।

सिटी मजिस्ट्रेट ने शनिवार को आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह बिष्ट के साथ रामपुर रोड व कालाढूंगी रोड में लोहरियासाल, कुसुमखेड़ा और ब्लॉक के पास देसी और विदेशी मदिरा की दुकानों में छापेमारी की। इस दौरान लोहारियासाल में देसी शराब, कुसुमखेड़ा और ब्लॉक के पास विदेशी शराब की दुकानों में बियर की बिक्री में ओवर रेटिंग पाई गई। देसी मदिरा की दुकान में भी ओवर रेटिंग मिली। तीनों शराब की दुकानों में स्टॉक रजिस्टर अनुरक्षित नहीं पाए गए। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि ओवर रेटिंग में 50-50 हजार का जुर्माना और स्टॉक रजिस्टर मेंटेन न करने पर भी जुर्माने की कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी जाएगी। वहीं उप जिला मजिस्ट्रेट कैंची विपिन पंत ने भी खैरना स्थित शराब की दुकान का निरीक्षण किया। यहां बिलिंग मशीन नहीं मिलने पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।



शराब की दुकान में चेकिंग करते सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी। ● अमृत विचार

### पदमपुरी में भी बिक रही थी अधिक दाम में शराब

**भीमताल :** एसडीएम केएन गोस्वामी ने पदमपुरी लदफोड़ा में शराब की दुकान पर छापा मारा। दुकान से ग्राहकों को निर्धारित रेट से अधिक दामों में शराब बेची जा रही थी। एसडीएम ने दुकान और रिटेल स्टोर का निरीक्षण किया और शराब खरीदकर जा रहे चार लोगों से मूल्य के संबंध में पूछताछ की। जिस पर प्रकाश सिंह और ललित सिंह के बताए मूल्य निर्धारित मूल्य से अधिक निकले। दुकान के बाहर रेट लिस्ट भी नहीं लगी थी। सीसीटीवी कैमरा लगा था, लेकिन डिस्प्ले नहीं थी। वहीं सेल्समैन को अनुज्ञप्ति की ओर से कोई आईडी कार्ड जारी नहीं किया गया था। एसडीएम ने अग्रिम कार्यवाही के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजने की बात कही है।

# दादा-दादी के घर फंदे पर लटका मिला पोता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दादा-दादी के घर में नाबालिग पोते का शव फंदे पर लटका मिला। वह शुक्रवार शाम से लापता था। सुबह तलाशते हुए मामा, दादा-दादी के घर पहुंचा तो शव को फंदे पर लटका पाया। पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के अनुसार जान देने वाला किशोर निजी स्कूल में 12वीं का छात्र था। उसके पिता मर्चेंट नेवी में हैं और देश के बाहर उनकी पोस्टिंग है। किशोर की मां नैनीताल में निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। शुक्रवार रात से किशोर लापता था। रात भर तलाश के बावजूद जब उसका पता नहीं चला तो शनिवार सुबह किशोर के मामा काठगोदाम पहुंचे। यहां किशोर के दादा-दादी रहते हैं। मामा ने दादा-दादी से किशोर के बारे में पूछा तो उन्होंने कुछ भी जानकारी होने से इनकार कर दिया। मामा ने जब कमरा खोला तो किशोर का शव चादर से बने फंदे से लटक रहा था। शव देखते ही किशोर के मामा ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद किशोर का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**त्योहार** बाजार में धार्मिक महत्व वाली राखियों की डिमांड सबसे अधिक, दो रुपये से लेकर पांच हजार तक की राखियां मौजूद, खरीदारी को उमड़ रही भीड़

# इस बार भाइयों को राम दरबार और खाटू श्याम की राखियां बांधेंगी बहनें

रजनी मेहता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक त्योहार रक्षाबंधन नजदीक है। बाजार विभिन्न प्रकार की राखियों से सज गया है। दुकानों में लगी आकर्षक और फैंसी राखियां बहनों को काफी पसंद आ रही हैं। अलग-अलग वैरायटी की राखियों से सजी दुकानों में सुबह से शाम तक खासी रौनक देखने को मिल रही है।

बाजार में दो रुपये से लेकर पांच हजार रुपये तक की राखियां उपलब्ध हैं। इनमें चांदी और सोने के अलावा बहुमूल्य स्टोन लगाए गए हैं। ज्वैलर्स का कहना है कि समय के साथ-साथ ट्रेंड बदल रहा है। ऐसे में डिमांड को देखकर पहले से ही ऐसी राखियां तैयार की गई हैं। दुकानदारों के अनुसार चांदी और स्टोन लगी राम दरबार और खाटू श्याम की राखियों की सबसे अधिक खरीदारी हो रही है। वहीं, बच्चों के कार्टून कैरेक्टर वाली राखियों को भी खूब खरीदा जा रहा है। रक्षाबंधन को लेकर बाजार पूरी तरह से सज चुका है। पौंची से लेकर रुद्राक्ष, चंदन, कलावा, नजर पट्टू, ब्रेसलेट, कार्टून कैरेक्टर, तुलसी और स्टोन हर तरह की राखियां दुकानों में मिल रही हैं। त्योहार नजदीक आता देख बहनें विभिन्न तरह की राखियां अपने भाईयों को डाक और कोरियर के माध्यम से भेज रही हैं।



रक्षाबंधन के लिए दुकान से राखी खरीदती युवतियां। ● अमृत विचार

### रुद्राक्ष और चंदन की राखियों की खूब डिमांड

बाजार में मिल रही राखियों में चंदन और रुद्राक्ष की राखियां खूब डिमांड में हैं। व्यवसायी अतुल सोनकर ने बताया कि उनके पास से अब तक 300 जोड़े चंदन और रुद्राक्ष के बिक चुके हैं।

### भाभियों के लिए भी राखियां पहुंची

भाइयों के साथ-साथ भाभियों के लिए भी राखियां खूब खरीदी जा रही हैं। बाजार में पहुंची राखियों में कई जोड़ों वाली राखियां हैं। जिनमें भाइयों के साथ भाभियों के लिए भी राखी को डिजाइन किया गया है। बाजार में इन राखियों को बहनें भी खूब पसंद कर रही हैं।



बाजार में उपलब्ध आकर्षक राखियां।

### कार्टून के साथ साउंड भी

राखियों की वैरायटी में बच्चों की पसंद को देखते हुए इस बार बाजार में साउंड वाली राखियां भी पहुंची हैं। इनमें छोटा भीम और मिकी माउस वाली राखियां प्रमुख हैं।

### व्यवसायियों से बातचीत



"इस बार बच्चों के कार्टून कैरेक्टर के अलावा थ्रीडी एनिमेशन और एनिमेशन वाली राखियां बहनों को पसंद आ रही हैं। इस बार वैरायटी बहुत हैं।" -**मुकेश चौहान** राखी व्यवसायी, पटेल चौक



"खाटू श्याम और राम दरबार वाली राखियां पहली बार बाजार में पहुंची हैं। महिलाओं और बच्चों को धार्मिक राखियां सबसे अधिक पसंद आ रही हैं।" -**नीरज सागर**, राखी व्यवसायी, पटेल चौक



"चंदन वाली राखियां सबसे अधिक खरीदी जा रही है। महिलाएं धार्मिक महत्व वाली राखियां अधिक खरीद रही हैं।" -**पूजा**, राखी व्यवसायी, कुसुमखेड़ा



"चांदी की राखियों को लोगों के बजट को ध्यान में रखकर बनाया गया है। 250 से लेकर 1500 तक की राखियां उपलब्ध हैं।" -**मुकेश कुमार**, महालक्ष्मी ज्वैलर्स, पटेल चौक

### अवकाश पर भी खुला रहेगा डाक विभाग का राखी काउंटर

**हल्द्वानी :** भाइयों तक राखियां पहुंचाने के लिए डाक विभाग छुट्टी पर भी राखी काउंटर खुला रखेगा। इस संबंध में डाक विभाग ने प्रधान डाकघर में खोले गए काउंटर के इंचार्जों को निर्देश जारी किये हैं। रक्षाबंधन त्योहार को आठ दिन बचे हैं। ऐसे में बहनों की राखियां भाइयों तक सही समय पर पहुंच सके, इसके लिए डाक विभाग ने अतिरिक्त काउंटर बनाकर राखी भेजने की व्यवस्था बनाई है। डाकपाल गौरव कुमार जोशी ने बताया कि महिलाओं की सुविधा को देखते हुए अवकाश के दिन भी काउंटर खुला रखने के निर्देश दिए गये हैं। अब तक पांच हजार राखी लिफाफे पोस्ट किए जा चुके हैं। बताया कि विभाग ने इस बार सात हजार वॉटर प्रूफ लिफाफे मंगाए थे, जो बिक चुके हैं। मांग को देखते हुए एक हजार लिफाफों का आर्डर दिया गया है।

## सार-संक्षेप



तीज क्वीन निशि पाल को सम्मानित करतीं क्लब की सदस्य। ● अमृत विचार

### निशि पाल के सिर सजा तीज क्वीन का ताज

**रामनगर :** इंटर नेशनल पायनियर्स क्लब ने एक रिजॉर्ट में तीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। क्लब की महिला शाखा अध्यक्ष नैना अग्रवाल के नेतृत्व में महिलाओं और बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों और खेलों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान लॉटरी के माध्यम से पीरूमदारा निवासी निशि पाल को तीज क्वीन चुना गया। नैना अग्रवाल, दीवान कटारिया, पूरन शर्मा ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान हरीश खंतवाल, हरीश सनवाल, मधु शर्मा, संदीप अग्रवाल, हरेंद्र चौहान, रमनदीप सिंह, मधु पाल, ममता सनवाल, मोहनी खंतवाल, प्रियंका चौहान मौजूद रहे।

### एनसीसी के लिए 38 छात्राओं का चयन

**रामनगर :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में 24 यूके गर्ल्स बटालियन अल्मोड़ा की ओर से नामांकन एवं भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किया गया। लेफ्टिनेंट (डॉ.) कृष्णा भारती के निर्देशन में लिखित परीक्षा एवं शारीरिक मापदंडों के आधार पर 38 कैडेटों का चयन किया गया। एनसीसी अल्मोड़ा के स्टाफ सूबेदार मेजर दीपेंद्र सिंह व सूबेदार बालाकृष्ण पांडा ने दौड़, ऊंचाई, मेडिकल व लिखित परीक्षा के आधार पर कैडेटों का चयन किया। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनोज कुमार कांडपाल ने सीनियर अंडर ऑफिसर ज्योति सती, अंडर ऑफिसर वंदना को मेडल तथा 'बी' परीक्षा में उत्तीर्ण कैडेट्स को प्रमाण पत्र प्रदान किये।

### छात्राओं ने सीखे माइंड व मेमोरी के अद्भुत रहस्य

**हल्दूचौड़ :** जीजीआईसी दौलिया हल्दूचौड़ में पंखुड़िया संस्था के सहयोग से मोटिवेशनल कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 300 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मोटिवेशनल स्पीकर सुनील सैनी ने छात्राओं को बताया कि किस तरह से माइंड का इस्तेमाल कर चीजों को आसानी से अधिक समय तक याद रख सकते हैं। इसके अलावा लक्ष्य निर्धारित विषय पर सैनी ने सिखाया कि किस तरह से सफलता प्राप्त कर सकते हैं। सैनी ने एक मेमोरी का डेमो दिया, जिसको देखकर बच्चे आश्चर्यचकित रह गए। इसके अलावा स्ट्रेस मैनेजमेंट एंगर कंट्रोल कंसंट्रेशन विषय पर विस्तार से जानकारी दी। संचालन रिम्पी बिष्ट ने किया।




रामनगर में कार्यक्रम में जानकारी देतीं मास्टर ट्रेनर। ● अमृत विचार

### आज विदेशों में भी रोजगार के अवसर मौजूद: मौर्य

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के करियर काउंसलिंग सेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में काशीपुर से "विजन वे" की टीम ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को विदेश में अध्ययन और रोजगार हेतु काउंसलिंग की। कार्यक्रम का शुभारम्भ एवं विजन वे टीम का स्वागत प्रभारी प्राचार्य प्रो. एसएस मौर्य ने की। उन्होंने कहा कि आज स्वदेश के साथ विदेशों में भी रोजगार के अच्छे अवसर मौजूद हैं। ट्रेनर सुलेखा ने छात्र-छात्राओं को विदेश में अध्ययन और रोजगार हेतु प्रेरित किया। पवनीत ने विद्यार्थियों को विदेश जाने की प्रक्रियाओं की अहर्ताओं वीजा, पासपोर्ट, लोन आदि से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताए।



रामनगर में बैठक में मौजूद पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

### पूर्व सैनिकों की समस्याओं को लेकर हुआ गहन मंथन

**रामनगर :** पूर्व सैनिक कल्याण एवं उत्थान समिति की बैठक में पूर्व सैनिकों व वीर नारियों की समस्याओं पर विचार किया गया। बैठक में सैनिक कल्याण एव उत्थान समिति के वरिष्ठ संरक्षक हरगोविंद पाण्डेय, संरक्षक हरगोविंद मासिवाल, अध्यक्ष कुलवंत सिंह, उपाध्यक्ष बालम सिंह डंगवाल, ब्लॉक प्रतिनिधि चंद्र मोहन मनराल व सचिव भुवन सिंह डंगवाल द्वारा पद ग्रहण करने के बाद बैठक ली गयी। अध्यक्ष कुलवंत रावत ने 15 अगस्त के कार्यक्रम व 21 अगस्त को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के आगमन को लेकर विचार विमर्श किया। बैठक में उपाध्यक्ष बालम सिंह डंगवाल, ब्लॉक प्रतिनिधि सीएस मनराल, सदस्य संगठन भारत सिंह रावत (सेना मैडल), भगवत सिंह चौहान, बालम सिंह डंगवाल, हरेन्द्र सिंह बिष्ट, दामोदर जोशी, बालम सिंह बिष्ट, चंद्र मोहन खाती आदि रहे।

### जीएसटी की जटिलताओं पर हुआ मंथन

**हल्द्वानी :** व्यापारी दिवस पर दिल्ली के रंग भवन संसद मार्ग में राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जीएसटी की जटिलताओं और व्यापारियों की समस्याओं पर मंथन हुआ। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंह ने केंद्रीय सचिवालय संबंधित विभागों के सचिव के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से उनकी समस्याओं का निदान करने के निर्देश दिए हैं। व्यापारी प्रतिनिधियों ने कहा कि ऑनलाइन व्यापार में जीएसटी की जटिलताएं और निरंतर हो रही हैं।

### हाजी अयूब अली कांग्रेस जिला महासचिव मनोनीत

**लालकुआं :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल ने नगर से तीन कार्यकर्ताओं को जिले में अहम जिम्मेदारी सौंपी है। पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामबाबू मिश्रा ने बताया कि लालकुआं से हाजी अयूब अली को जिला महासचिव, आजम खान व राजकुमार शर्मा को जिला सचिव मनोनीत किया गया है। उन्होंने हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश व जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल का आभार व्यक्त किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को पूर्व अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष भुवन पांडे, महासचिव फिरोज खान, गंगा सिंह मेहता, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरेंद्र बोरा, हेमवतीनंदन दुर्गापाल ने बधाई दी है।



रामनगर में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि। ● अमृत विचार

### ग्रेट मिशन, सेंट जोसफ व शिवालिक ने जीते मैच

**रामनगर :** ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल, हिम्मतपुर ब्लॉक, रामनगर के तत्वावधान में दो दिवसीय अंडर-17 इंटर स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ बैडमिंटन खिलाड़ी रहे संजीव माहेश्वरी उर्फ बबली के साथ पवन गुप्ता, बास्केटबॉल कोच संजय रावत एवं फुटबॉल कोच जितेंद्र बिष्ट ने किया। पहले दिन बालक (एकल) में ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल, हिम्मतपुर ब्लॉक, रामनगर ने शिवालिक होली माउंट, काशीपुर को 31-8 से हराया। बालिका (एकल) में शिवालिक होली माउंट, काशीपुर ने ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल को 31-17 से हराया। ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल, हिम्मतपुर ब्लॉक ने लिटिल स्कॉलर, काशीपुर को मिश्रित टीम स्पर्धा में 3-2 से हराया। सेंट जोसफ पीरुमदारा ने लिटिल स्कॉलर, काशीपुर को 3-0 से शिकस्त दी।

# नकली माल बेचने पर होगा बहिष्कार

## देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में समस्याओं पर हुआ मंथन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी




देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की बैठक को संबोधित करते व्यापारी नेता।

**अमृत विचार :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक शनिवार को नगर निगम सभागार में संपन्न हुई। इस अवसर पर पर्वतीय क्षेत्रों में नकली माल बेचने वालों के बहिष्कार का संकल्प लिया गया।

संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि व्यापारियों के साथ-साथ उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी है। नकली माल, ब्रांडेड कंपनियों के मिलते जुलते नामों से बिकने वाले माल व एक्सपायरी माल आदि का ध्यान रखना होगा। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल ने कहा कि सरकार को इस छोटे राज्य में बाजार व व्यापार को बढ़ाने के लिए ठोस नीति बनानी होगी, वरना पलायन और बेरोजगारी और बढ़ेगी। अल्मोड़ा जिलाध्यक्ष मनोज पंवार ने कहा कि प्रशासन दुकानों में नकली माल के नाम पर दुकानदारों का उत्पीड़न करता है, जबकि दुकानदार को असली नकली का पता नहीं है। प्रशासन को राज्य की सीमा पर ही नकली माल रोकने का प्रबंध करना चाहिए। भीमताल अध्यक्ष संदीप पांडेय ने कहा कि रेहड़ी-फेरी वाले गांव-गांव में गली-गली माल बेच रहे हैं जो सरकार को टैक्स नहीं दे रहे हैं। दूसरी ओर दुकानदारों को नुकसान पहुंचाते हैं। घटिया गुणवत्ता से उपभोक्ता भी ठगा जाता है।

रामनगर अध्यक्ष विपिन कांडपाल ने ऑनलाइन बिजनेस से बाजार को बचाने के लिए योजना बनाने की मांग की। हल्दूचौड़ अध्यक्ष खीम सिंह बिष्ट ने जिला पंचायत के कर वसूली पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि दुकानदारों से टैक्स तो लिया जाता है, लेकिन सुविधा नहीं दी जाती है। गौलापार अध्यक्ष पंकज कुमार व चोरगलिया अध्यक्ष दीपक थुवाल ने आरोप लगाया कि हाट बाजार लगाने से स्थानीय दुकानदार बर्बाद होते हैं। वहीं, यातायात इकाई ने बताया कि पुलिस चालान व टैक्स की दोहरी मार से ट्रांसपोर्ट कारोबार चौपट हो रहा है। अंत में सभी ने पहाड़ में नकली माल बेचने वालों के बहिष्कार का संकल्प लिया। इस दौरान अनुशासन समिति अध्यक्ष डॉ. बालम बिष्ट, युवा प्रदेश प्रभारी आफताब हुसैन, प्रदेश सचिव रमेश जोशी, प्रदेश संगठन मंत्री मनोज खुल्बे, संजय साह, राजेंद्र सिंह बिष्ट रज्जी, पृथ्वीपाल सिंह रावत, यातायात नगर अध्यक्ष राजकुमार नेगी, हरजीत चड्ढा, दया किशन शर्मा, जगमोहन चिलवाल, राजकुमार केसरवानी, अजय कृष्ण गोयल, कृष्ण कुमार आगरी, गोपाल दत्त भट्ट, हिमांशु पांडेय रहे।

# मंडलायुक्त से लखनपुर बाईपास खोलने की मांग

संवाददाता, रामनगर



मंडलायुक्त को ज्ञापन देते युकां जिलाध्यक्ष।

**अमृत विचार :** युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने मंडलायुक्त दीपक रावत से लखनपुर बाईपास खोलने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने मंडलायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा है। सुमित ने बताया कि तत्कालीन डीएम धीरज गर्ब्याल ने लखनपुर बैराज बाईपास रोजाना 6 से 8 बजे तक वेंडर जोन घोषित कर वाहनों के प्रवेश को वर्जित कर दिया था। जिससे शहर के मुख्य बाजार व मेन रोड में भीषण जाम लग जाता है।

कई बार क्षेत्रवासियों ने बैराज बाईपास को खोलने की मांग की, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाही नहीं की। उन्होंने मंडलायुक्त से जल्द से जल्द बाईपास को पूर्व की भांति 6 से 8 बजे तक वाहनों के लिए खोलने की मांग की। जिससे शहर में लोगों को जाम से निजात मिले सके। जिस पर मंडलायुक्त दीपक रावत ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।



रामनगर में बैठक के लिए एकत्र भाजयुमो कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### तिरंगा यात्रा की सफलता को कसी कमर

**रामनगर, अमृत विचार :** भारतीय जनता युवा मोर्चा रामनगर के तीनों मंडलों की संयुक्त बैठक में कार्यकर्ताओं ने घर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। तिरंगा यात्रा को लेकर जिला मंत्री कार्यक्रम प्रभारी कुलदीप कुलयाल के नेतृत्व में कार्यक्रम की रूपरेखा योजना तैयार की गई। तय हुआ कि 13 अगस्त को प्रातः 10 :00 बजे लखनपुर स्कूल रामनगर में एकत्रीकरण के पश्चात नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पंडित दीनदयाल पार्क एमपी इंटर कॉलेज में सभा के रूप में समापन होगा। युवा मोर्चा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेश पाल ने सभी से पदयात्रा को सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम प्रभारी भूपेंद्र खाती ने कहा कि 11 अगस्त से 14 अगस्त तक पार्टी के कार्यालय द्वारा हर घर तिरंगा लगाया जाएगा। इस मौके पर नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा प्रेम मेहरा, नगर अध्यक्ष मदन जोशी, युर्जर कालाकोटी, आशीष ठाकुर, घनश्याम शर्मा, वीरेंद्र पाल सिंह, विनय बिष्ट, दीपक राणा, इंद्र लाल, बृजेश मधवाल, दीपू पाल, आशीष सिंह, साजन रहे।

# आज से स्कूलों में चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

संवाददाता, हल्द्वानी



तिरंगा यात्रा निकालते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रविवार (आज) से जनपद के सभी सरकारी व निजी स्कूलों के अलावा शैक्षणिक संस्थानों में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत जिले के सभी स्कूलों में स्थानीय स्तर पर ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक, सांसद और प्रभारी मंत्री को तिरंगा यात्रा में आमंत्रित किया जाएगा। यात्रा 13 अगस्त तक चलेगी। अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज को जनमानस तक पहुंचाने और स्वतंत्रता संग्राम के प्रति जनता को जागरूक करने के लिए सभी नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से हर घर पर तिरंगा फहराने का आग्रह किया जाएगा।

प्रारंभिक शिक्षा के प्रभारी निदेशक रघुनाथ लाल आर्य ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। कहा कि जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी व उप शिक्षा अधिकारी स्कूलों के कार्यक्रम की फोटो और वीडियो निदेशालय, प्राथमिक शिक्षा के ईमेल पर भेजेंगे। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने भी बीते शुक्रवार को आयोजित वर्चुअल बैठक में इस संबंध में अवगत कराया था।

### तिरंगा यात्रा निकालकर झंडा लगाने का आह्वान

**रामनगर :** राइंका ढेला के शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों ने गांव में तिरंगा यात्रा निकालकर ग्रामीणों से घरों पर तिरंगा झंडा लगाने का आह्वान किया। अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज भारत की एकता, शांति, समृद्धि और विकास को दर्शाता है। इस दौरान बच्चों ने जीव विज्ञान प्रवक्ता सीपी खाती, प्रदीप शर्मा, जया बाफिला के निर्देशन में विजयी विश्व तिरंगा प्यारा समेत कई देशभक्ति गीत गाए। प्रधानाचार्य श्रीराम यादव के नेतृत्व में निकली यात्रा में मनोज जोशी, नवेंदु मठपाल, शैलेंद्र भट्ट, संत सिंह, नफीस, हरीश, दिनेश निखुरपा रहे।

# राजेंद्र प्रसाद अध्यक्ष और कन्हैया महामंत्री चुने गए




जायसवाल समाज की बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जायसवाल कलवार समाज समिति की आमसभा शनिवार को रामपुर रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में हुई। इस अवसर पर पिछले तीन वर्षों के कार्यकाल का ब्योरा, सहस्त्रार्जुन देव जयंती, सहस्त्रार्जुन मार्ग, तीज महोत्सव, होली महोत्सव आदि पर चर्चा हुई। कोषाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने आय-व्यय का ब्योरा पेश किया। इसके बाद चुनाव समिति की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए।

जिसमें सर्व सम्मति से राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल अध्यक्ष, कन्हैया जायसवाल महामंत्री, अरविंद जायसवाल कोषाध्यक्ष, खुशबू जायसवाल महिला समिति अध्यक्ष, छवि जायसवाल महामंत्री चुनी गईं। युवा समिति में वीरेंद्र जायसवाल को अध्यक्ष व सचिन जायसवाल को महामंत्री चुना गया। चुनाव समिति में गंगा प्रसाद जायसवाल, राजेश जायसवाल, रामबाबू जायसवाल, लक्ष्मी जायसवाल, सुमित जायसवाल मौजूद रहे। अंत में वैश्य महासभा के अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, युवा वैश्य महासभा अध्यक्ष अतुल जायसवाल का अभिनंदन किया गया। इस दौरान विजय जायसवाल, गिरीश जायसवाल, संतोष जायसवाल, राजेश जायसवाल, विनोद जायसवाल, शंकर जायसवाल, विजय जायसवाल, जमुना प्रसाद जायसवाल, राजेश जायसवाल, राधेश्याम जयसवाल मौजूद रहे।

अग्रवाल न्यूरो एण्ड मेडिकल सेन्टर, हल्द्वानी
डॉ. रजत अग्रवाल
(न्यूरोफिजिशियन)
पूर्व विशेषज्ञ : सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली
सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी
सुविधायें :-
• मिर्गी दौरे • हिस्टीरिया • लकवा (Stroke) • सिर दर्द / माइग्रेन / चक्कर आना • मस्तिष्क ज्वर • दिमाग में सूजन • दिमाग में सूजन • मानसिक तनाव, घबराहट, मन उदास • कमर व गर्दन का दर्द • शियाटिका, स्पोन्डिलाइटिस • हाथ पैरों में सुन्नपन • झनझनाहट • दिमागी कमजोरी • याददाश्त की कमी • बैचेनी एवं नींद न आना।
New Well Equipped Setup - अपने नए सेन्टर में
नया पता : होटल पर्ल इन के पीछे, निकट सरगम सिनेमा, रामपुर रोड, हल्द्वानी, Mob. 7302293944

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग- • सफेद दाग • सोरायसिस, एलोपेसिया • मुंहासे • झाईयाँ • मस्से व गोखरू • एलर्जी
पेट रोग- • पेट दर्द • गैस • पेट में जलन • कमजोर पाचन • गुर्दे की पथरी
गुदा रोग- • बवासिर • फिशर • बवासीर के मस्से
लिवर सम्बन्धि रोग- • लीवर में सूजन • बदहजमी
अन्य रोग- • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग- • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
स्त्री रोग- • PCOD • हार्मोस में असंतुलन • ओवरी सिस्ट • अनियमित माहवारी • वजन बढ़ना • बाल झड़ना • थायराइड
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473
शनिवार अवकाश

॥श्रीः॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
Celebrating 10 Years Anniversary 2nd Feb 2023
SVP Ayurveda Clinic
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google Top Rated
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन
(उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

# चार महीने से पानी के लिए तरस रहे हरिपुर गंगा कॉलोनी के लोग

## विधायक सुमित हृदयेश के आवास पहुंचकर बताई समस्या, ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दमुवाढूंगा वार्ड 37 की हरिपुर गंगा कॉलोनी के लोग पिछले चार माह से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। जल संस्थान के अधिकारियों से कई बार गुहार लगाने के बाद भी समस्या जस की तस है। अब लोगों ने विधायक सुमित हृदयेश से समस्या के समाधान की मांग की है।

शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता मन्नू गोस्वामी के नेतृत्व में दर्जनों लोग विधायक सुमित हृदयेश के आवास पहुंचे। जहां उन्होंने विधायक को अपनी समस्या से अवगत कराया और ज्ञापन सौंपा। लोगों ने बताया कि पिछले चार माह से कॉलोनी में पानी नहीं आ रहा है। रोजाना टैंकर मंगवाना पड़ रहा है। कई बार जल संस्थान के अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अधिकारियों की उनकी समस्या को अनसुना कर दिया। उन्होंने कहा कि जल संस्थान पानी की आपूर्ति तो नहीं कर रहा है, लेकिन बिल बराबर भेज रहा है। लोगों विधायक से पानी की आपूर्ति सुचारू करवाने तथा बिल माफ कराने की मांग की। जिस पर विधायक सुमित ने आश्वासन दिया कि यदि बुधवार तक समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह स्वयं मौके पर जाकर जल संस्थान के अधिकारियों को बुलाएंगे और पेयजल लाइन ठीक करवाएंगे। इस दौरान राहुल गुप्ता, एसएल विश्वकर्मा, निशा देवी, एसएल टम्टा, दिनेश टम्टा, रोशन लाल और पूजा देवी मौजूद रहे।


विधायक सुमित हृदयेश को ज्ञापन सौंपते दमुवाढूंगा के हरिपुर गंगा कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

### मंडलायुक्त से पेयजल समस्या से निजात दिलाने की मांग

**हल्द्वानी :** बरेली रोड के रामकृष्ण विहार, अशोक विहार और तीनपानी क्षेत्र के लोग पिछले कई दिनों से पानी की समस्या से परेशान हैं। लोगों ने मंडलायुक्त दीपक रावत को ज्ञापन देकर शीघ्र समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता यमुना दत्त बेलवाल ने बताया कि आये दिन क्षेत्र के नलकूप की मोटर खराब होती रहती है। बीते जुलाई माह में मोटर खराब होने से 15 दिन तक पानी की आपूर्ति ठप रही। एक बार फिर से नलकूप खराब हो गया है। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जल संस्थान के अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया था। जिसके बाद विभाग ने टैंकर से पानी की आपूर्ति की। वर्तमान में पानी वितरण का समय निर्धारित न होने से लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन देने वालों में नारायण दत्त रूवाली, श्याम सिंह किरौला, पूरन बेलवाल, विपिन बहुगुणा आदि शामिल रहे।

# नाली बनने के बाद गौशाला में नहीं होगा जलभराव

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उप नगर आयुक्त तुषार सैनी ने शनिवार को राजपुरा और हल्दूचौड़ के गंगापुर कबडाल स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। वर्तमान में राजपुरा में 195 गौवंश रखे गए हैं। यहां एक टीनशेड का निर्माण कर दिया गया है। जिसमें नंदी गोवंश को रखा जाएगा। साथ ही एक टीनशेड का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें अन्य गायों को रखा जाएगा। गौशाला की एक तरफ की जमीन नीचे होने के कारण बरसात में जल भराव हो रहा है , जिसके लिए नाली बनाई जा रही है। मिट्टी भरान के साथ ही वहां पर गेट बनाने और टंकी लगाने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

सैनी ने बताया कि 15 दिनों में सभी कार्यों को पूरा कर गोवंशों को व्यवस्थित रूप में रखना संभव होगा। इसमें लगभग 400 गौवंश को रखे जाने की व्यवस्था की जाएगी। वहीं गंगापुर कबडाल स्थित गौशाला में पहले फेज का कार्य लगभग पूरा हो गया है। दूसरे फेज की डीपीआर बनाकर शासन को भेजी जा रही है, जिसमें दो शेड का और निर्माण किया जाना है। इसके तहत एक भवन बनाया जाएगा, जिसमें भूसा रखने के लिए दो स्टोर भी प्रस्तावित हैं। गौशाला में लगभग 2500 गायों को रखने की व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान में यहां 316 गौवंश रखे गए हैं, जिनकी व्यवस्था श्रील नित्यानंद पाद संस्था की ओर से की जा रही है। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, सहायक अभियंता नवल नौटियाल सहित मुख्य सफाई निरीक्षक, सफाई निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।


गौशाला में रखे गए आवारा पशु। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन देते उत्तराखंड क्रांति दल के पदाधिकारी।

### एसटीएच में मरीजों व तीमारदारों के लिए हो निशुल्क पार्किंग

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड क्रांति दल ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी को ज्ञापन सौंपकर डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में पार्किंग शुल्क वसूली पर रोक लगाने की मांग की है। उक्रांद के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने ज्ञापन में कहा कि एसटीएच के अंदर बनी पार्किंग में मरीजों व तीमारदारों से शुल्क लिया जा रहा है, जो सरासर गलत है। पहाड़ से कमजोर व आर्थिक पिछड़े वर्ग के लोग एसटीएच में उपचार के लिए आते हैं। ऐसे में पार्किंग शुल्क लिया जाता है। अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए निशुल्क पार्किंग का इंतजाम होना चाहिए। मरीजों को इसकी जानकारी हो सके, इसलिए निशुल्क पार्किंग का बोर्ड भी लगाया जाना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में राज्य आंदोलनकारी प्रकाश जोशी, मोहन कांडपाल, हरीश जोशी, करण जोशी मौजूद रहे।

### शहीद दान सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**हल्द्वानी :** जगदम्बा नगर स्थित जिला पूर्व सैनिक लीग कार्यालय में शनिवार को ऑपरेशन पवन के दौरान साहस, वीरता का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले जांबाज दान सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष पूर्व मेजर बीएस रौतेला समेत कई पूर्व सैनिक और वीरांगनाएं मौजूद रहीं।

### प्राइमरी स्कूल राजपुरा में किया पौधरोपण

**हल्द्वानी :** राष्ट्रीय मानव अधिकार और एंटी करप्शन फोर्स के प्रदेश मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण के नेतृत्व में सुभाष नगर स्थित प्राइमरी विद्यालय में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इस दौरान अशोक कश्यप, शरीफ खान, शोभा बिष्ट, प्रधानाचार्य फराह खान, दीपा खत्री, शशि गुप्ता, दिनेश मंडल, गंगा प्रसाद मौजूद रहे।


तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित डॉ. सुधा पाल को कॉलेज में सम्मानित करते प्राचार्य एनएस बनकोटी व अन्य। ● अमृत विचार

### प्राध्यापिका डॉ. सुधा पाल को किया सम्मानित

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुधा पाल को तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर कॉलेज के प्राचार्य एनएस बनकोटी व वरिष्ठ प्राध्यापकों ने सम्मानित किया। प्राचार्य ने डॉ. सुधा की ओर से किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें बधाई भी दी। विभाग प्रभारी डॉ. चारू चंद्र ढौंडियाल ने कहा कि डॉ. सुधा को तीलू रौतेली पुरस्कार मिलने से विद्यार्थियों के साथ ही विभाग के अन्य प्राध्यापकों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान डॉ. कमला पंत, डॉ. नीता पांडे, डॉ. कविता बिष्ट , डॉ. महेश कुमार और डॉ. नवल किशोर लोहनी मौजूद रहे।

# एमबीपीजी कॉलेज में शुरू हुई छात्रसंघ चुनाव की सरगर्मियां

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव को लेकर सरगर्मी शुरू हो गई है। हालांकि अभी तक चुनाव की तिथि तय नहीं हो पाई है, लेकिन संभावित प्रत्याशियों ने अपने समर्थन के साथ कॉलेज में प्रचार शुरू कर दिया है।

शनिवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद के लिए संभावित प्रत्याशियों ने कॉलेज परिसर में रैली निकालकर छात्र-छात्राओं से वोट देने की अपील की। अन्य पदों के दावेदार अभी तक सामने नहीं आए हैं। शासन की ओर से सितंबर माह में चुनाव कराए जाने की संभावना है।

इधर, कॉलेज परिसर में प्रचार के कारण बैक और यूओयू की परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को सुबह 9 से 11 बजे तक उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) और सुबह 9 से 12 बजे तक छात्रों ने बैक परीक्षा दी। परीक्षार्थियों ने बताया कि नारेबाजी से उन्हें काफी परेशानी हो रही है। इस पर रोक लगनी चाहिए। चीफ प्राक्टर डॉ. कविता बिष्ट ने बताया कि कॉलेज परिसर में प्रचार कर नारेबाजी करना मना है। यदि कोई छात्र नारेबाजी करते पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि स्नातक और स्नातकोत्तर पंचम सेमेस्टर में प्रवेश चल रहे हैं। छात्र-छात्राएं कॉलेज की वेबसाइट में आवेदन कर पूरी जानकारी ले सकते हैं।


कॉलेज में छात्राओं से वोट की अपील करता संभावित प्रत्याशी। ● अमृत विचार

## नहर कवरिंग कार्य की धीमी गति पर आक्रोश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शहर और आसपास के क्षेत्रों में नहर कवरिंग कार्य की धीमी गति से व्यापारियों में आक्रोश है। प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल और प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि सरकार जनहित में नहर कवरिंग का कार्य करवा रही है, लेकिन कार्य धीमी गति से होने के कारण जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

केंद्रीय संयोजक धर्म यादव और प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फर्सवाण ने बरेली रोड से तीनपानी तक नहर को भी जनहित में कवर करने की मांग की। कहा कि इस संदर्भ में शीघ्र एक शिष्टमंडल डीएम वंदना से मुलाकात करेगा। साथ ही शहर के विकास को लेकर अन्य सुझाव भी देगा। मांग करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, राजेश पुरी, प्रज्ञान भारद्वाज, देवेश अग्रवाल, पूरन लाल साह शामिल रहे।

## संजय डंगवाल 15 अगस्त को दिल्ली में होने वाले समारोह में लेंगे हिस्सा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नेहरू युवा केंद्र संगठन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिले से संजय सिंह डंगवाल पुत्र पान सिंह डंगवाल निवासी सुनकिया गांव को आमंत्रित किया है।



भाजयुमो के जिला मंत्री विवेक डंगवाल ने बताया कि देश भर में उत्कृष्ट काम करने वाले 68 युवाओं को इस वर्ष स्वयं सेवी के रूप में स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रतिभाग करने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि संजय डंगवाल ने जल संरक्षण, पौधरोपण, मेरी माटी मेरा देश, नारी शक्ति, फिटनेस दौड़, डोर टू डोर कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता अभियान रैली, वर्ष 2023 में जम्मू कश्मीर में बॉडर एक्सचेंज कार्यक्रम में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया। संजय युवा मंडल सुनकिया के कोषाध्यक्ष हैं।


कार्यशाला के दौरान प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्राचार्य व प्राध्यापक।

### एमबीपीजी में लगी प्राकृतिक उत्पादों की प्रदर्शनी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में शनिवार को छात्राओं की ओर से बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रतिभागियों ने नहाने के विभिन्न प्रकार के साबुन, बर्तन धोने का बार, बॉडी लोशन और लिप बाम प्राकृतिक उत्पादों के निर्माण की विधि और प्रभाव के बारे में बताया। इससे पूर्व प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा सभी उत्पादों की प्रशंसा की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्राप्त ज्ञान के समुचित प्रयोग और स्वरोजगार के लिए कार्ययोजना बनाने को कहा। इसके बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिये गये। कार्यशाला के समापन पर विशेषज्ञ डॉ. हेमा भंडारी को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. प्रेम प्रकाश ने किया। इस मौके पर डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. सीएस नेगी, परीक्षा प्रभारी डॉ. महेश कुमार, डॉ. कविता बिष्ट, डॉ. सुधीर नैनवाल, हिमांशु पांडे, प्रदीप आर्या मौजूद रहे।

### नई शिक्षा नीति की समस्याओं का हो निराकरण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में शनिवार को प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित की उपस्थिति में शिक्षक-अभिभावक समिति की बैठक हुई। जिसमें संयोजक डॉ. रश्मि पंत ने समिति के उद्देश्य और कार्यकारिणी की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। बैठक में अभिभावकों ने कॉलेज में छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से कॉलेज से संबंधित सभी समस्याओं के निराकरण व छात्राओं के हित में नवीन परिवर्तनों के लिए सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया। डॉ. सरस्वती बिष्ट और डॉ. विभा पांडे ने अभिभावकों की सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस दौरान अभिभावकों ने नई शिक्षा नीति से संबंधित समस्याओं का निराकरण, पुस्तकालय में पुस्तकों की अधिक उपलब्धता, नए रोजगारपरक विषयों का संचालन और विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू करने की मांग की।


महिला डिग्री कॉलेज में आयोजित बैठक के दौरान शिक्षक व अभिभावक।

परेशानी | सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में रोज आ रहे 70 से 90 मामले

# लावारिस ही नहीं पालतू कुत्ते भी दे रहे जख्म

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में रोजाना कई लोग कुत्ते के काटने पर एंटी रैबीज वैक्सीन लगाने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। एक दिन मे 70 से 90 लोग वैक्सीन लगवा रहे हैं। पता चला कि लावारिस कुत्तों के अलावा पालतू कुत्ते भी लोगों को काट रहे हैं। जिस वजह से अस्पताल आने तक की नौबत आ रही है।

बेस अस्पताल में एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने के लिए सुबह से ही लोगों की कतार लग जाती है। डॉक्टरों ने बताया कि कुत्ते काटने के जो मामले सामने आते हैं, उनमें करीब आधे मामले पालतू कुत्ते के हैं। देखने में आ रहा है कि आज के समय में लोग कुत्ता तो पाल रहे हैं लेकिन उसको जरूरत से ज्यादा उसे अपने पास रखते हैं। जिस वजह से कभी-कभार पालतू कुत्ता काट लेता है। इसके अलावा लावारिस कुत्तों की समस्या अभी भी बनी हुईं हैं। गली-मोहल्लों में घूम रहे लावारिस कुत्ते भी लोगों को काट रहे हैं।

बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि एंटी रैबीज वैक्सीन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। अगर किसी व्यक्ति को कोई जानवर को काटता है तो बिल्कुल भी लापरवाही न करें और तुरंत ही डॉक्टर को दिखाएं।



### तनाव होने पर हिंसक होते हैं कुत्ते

**हल्द्वानी :** पशुओं के डॉक्टर डॉ. अनुज अग्रवाल ने बताया कि पालतू कुत्ते ज्यादातर तभी काटते हैं जब वह तनाव में होते हैं। यदि वह बीमार हैं तो वे तनाव में आ जाते हैं। कहा कि कुत्तों की कुछ ऐसी नस्ल भी होती हैं, जो थोड़े हिंसक बर्ताव के होते हैं। इसलिए सबसे अच्छा है कि यदि आपके पालतू कुत्ते के व्यवहार में कोई बदलाव आ रहा है तो तुरंत ही डॉक्टर से संपर्क करें।

### कुत्ता काटे तो ये रखें ध्यान

- जिस जगह कुत्ते ने काटा है, उस जख्म को जल्दी से जल्दी साफ करें।
- घाव को साफ करके उस पर एंटीसेप्टिक लगाएं।
- कोशिश करें कि खून का बहाव कम हो जाए।
- तुरंत डॉक्टर के पास जाएं और उसे दिखाएं।
- अगर टीके लगें तो सभी टीके समय पर लगवाएं।



## सार-संक्षेप


देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपते ब्लॉक प्रमुख नामधारी।

### ब्लॉक प्रमुख ने मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं समस्याएं

**खटीमा** : ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी ने शनिवार को देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर क्षेत्र के अति आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकति देने के लिए पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री धामी को सौंपे पत्र में सत्रहमील–भागचुरी– प्रतापपुर मार्ग को दोनों ओर 15–15 मीटर चौड़ाकर हॉटमिक्स बनवाने, ग्रामपंचायत मोहम्मदपुर भुड़िया में नदी के किनारे छठ घाट के पास पिचिंग कराने, प्रतापपुर जोगीठेर से पूर्णापुर संपर्क मार्ग पर परवीन नदी पर 40 मीटर पुल और ढाई किलोमीटर कच्चे मार्ग को हॉटमिक्स मार्ग बनवाने, जोगीठेर में ग्रोवर फार्म से आधार सिंह के घर भुडिया तक पांच किमी हॉटमिक्स मार्ग बनवाने आदि मांगें शामिल थीं। सीएम धामी ने मांगों पर विचार कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।


कार्यशाला को संबोधित करते सीईओ। ● अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं को इंस्पायर अवार्ड के लिए प्रेरित करें शिक्षक

**रुद्रपुर** : अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर में ब्लॉक स्तरीय इंस्पायर अवार्ड कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत ने किया। अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी ने ब्लॉक के सभी विद्यालयों से आए विज्ञान शिक्षकों का वर्ष 2024– 25 के इंस्पायर अवार्ड मानक का अच्छी तरह से अध्ययन कर छात्र–छात्राओं को इसमें प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित कराने के निर्देश दिए। खंड शिक्षा अधिकारी सावेज आलम ने शिक्षकों को अधिक से अधिक छात्रों को इंस्पायर अवार्ड के लिए बेहतर प्रोजेक्ट चुनने में मदद करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में रुद्रपुर ब्लॉक के विज्ञान कोऑर्डिनेटर विनीता जगदीश ने इस वर्ष अवार्ड मानक में हुए परिवर्तन के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक प्रेमचंद, राजपति बिंद, गिरीश शर्मा, पूजा बत्रा, सायरा खातून आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गिरीश शर्मा ने किया।

### कुटरा में संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**खटीमा** : संदिग्ध हालत में शनिवार को एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। शव संस्कार को ले जा रहे थे कि किसी व्यक्ति की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल ले आई और आज पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। कुटरा निवासी राजू सिंह ( 55 ) मजदूरी करते थे। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार रात घर में फिसलने से गिरकर उनके सिर के पिछले हिस्से में चोट लग गई थी। रात को सोते समय भी वह चारपाई से नीचे गिर गए थे। सुबह के समय वह फर्श पर मृत अवस्था में पड़े थे। उनके दो पुत्र हैं। परिजन संस्कार करने जा रहे थे कि पुलिस को सूचना मिली। इस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।


आग लगने से शोरूम में जला सामान। ● अमृत विचार

### फर्नीचर के शोरूम में लगी आग, सामान जलकर राख

**सितारगंज** : नगर के किच्छा रोड स्थित तीनमंजिला शोरूम में देर रात आग लग गई। शोरूम में रखा फर्नीचर का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। नगर के किच्छा रोड स्थित गोल्डन फर्नीचर में देर रात्रि अचानक आग लग गयी। आग का पता तब चल पाया जब रात्रि गश्त पर निकले पुलिस कर्मी वहां से गुजरे। पुलिस कर्मियों द्वारा तत्काल इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गयी। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। इससे आग आसपास की दुकानों तक नही पहुंची। लेकिन तब तक गोल्डन फर्नीचर की ऊपरी दो मंजिलों में रखा सामान जलकर राख हो गया। शोरूम स्वामी मोईन खान के अनुसार शोरूम में आग लगने से पचास लाख से ऊपर का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारण का पता नहीं लग सका। जिसके चलते लोग शॉर्ट सर्किट होने का अनुमान लगा रहे हैं।

# नगर निगम ट्रंचिंग ग्राउंड की चहारदीवारी कराएगा

## व्यावसायिक गतिविधियां भी शुरू करने की है तैयारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**30 साल बाद मिली है नगर निगम को कूड़े की समस्या से निजात**


किच्छा रोड स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** 30 साल बाद ट्रंचिंग ग्राउंड से कूड़े का पहाड़ हटने के बाद नगर निगम ने ट्रंचिंग ग्राउंड की जमीन को फ्री होल्ड कराने के लिए आवेदन किया हुआ है। फ्री होल्ड होते ही नगर निगम इस जमीन पर चहारदीवारी कराएगा। इसके बाद इस जमीन पर व्यावसायिक गतिविधियां भी शुरू की जाएगी। इससे निगम की आय में वृद्धि होगी।

नगर निगम में 40 वार्ड शामिल हैं। परिसीमन से पूर्व नगर निगम में 20 वार्ड शामिल थे। इन सभी वार्डों का कूड़ा ट्रंचिंग ग्राउंड में फेंका जाता था। इससे वहां कूड़े का पहाड़ बन गया था। इससे किच्छा रोड पर कूड़े के ढेर से वहां रहने वाले लोगों के साथ ही वहां से गुजरने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसको लेकर काफी आंदोलन भी हुए। निवर्तमान मेयर रामपाल के आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त हुआ था।

अब कूड़े का ढेर हटने से नगर निगम की वर्षों पुरानी चुनौती खत्म हो गयी है। वहीं विगत दिनों जिलाधिकारी ने ट्रंचिंग ग्राउंड के पास नदी के 30 मीटर के दायरे में ग्रीन बेल्ट बनाये जाने की बात कही थी। वहीं मुख्य नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल ने बताया कि ट्रंचिंग ग्राउंड से कूड़े का पहाड़ साफ हो गया है। जमीन के फ्री होल्ड होने के बाद चहारदीवारी करायी जाएगी। साथ ही जमीन को कॉमर्शियल के रूप में प्रयोग किया जाएगा। इससे निगम की आय में वृद्धि होगी।

### बजट न होने से खराब पड़ा रोडवेज डिपो का जनरेटर

**काशीपुर:** बजट नहीं होने से रोडवेज डिपो का जनरेटर लंबे समय से खराब पड़ा है। इससे यात्रियों के साथ ही डिपो के कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

रोडवेज डिपो की कार्यशाला में रखा जनरेटर चार महीने से खराब है। लेकिन बजट पास नहीं होने के कारण उसे ठीक नहीं कराया जा सका। वहीं दूसरा जनरेटर लगाने के लिए भी कोई बजट पास नहीं हो सका। जनरेटर नहीं होने से बिजली कटौती के समय कर्मचारियों को पूरी गर्मी बिना बिजली के ही काटनी पड़ रही है। परिसर के मात्र ईबीटीएम कक्ष में ही इन्वर्टर रखा गया है, जिससे ईबीटीएम मशीनों को चार्ज किया जाता है। इसके अलावा किसी भी अन्य कक्ष में इन्वर्टर नहीं है। जिस कारण बिजली कटौती होने पर सबको बिना बिजली के ही बैठना पड़ता है। जिस वजह से लंबी बिजली कटौती के कारण कई बार कार्य प्रभावित होता है। बिजली जाने पर यात्री पसीने से तर हो जाते हैं। एआरएम अनिल सैनी ने बताया कि उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा जा चुका है। अभी तक कोई बजट नहीं आया है।


प्राथमिक विद्यालय में पंखे और इनवर्टर भेंट करते भाजपा नेता चुघ व अन्य।

## स्कूल को दिए पंखे व इनवर्टर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और समाजसेवी भारत भूषण चुघ और राजेंद्र तुलस्यान ने खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं के कक्ष के लिए पंखे और इनवर्टर भेंट कर सहयोग किया।

शनिवार को कार्यक्रम के दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक चुघ ने कहा कि छात्र-छात्राएं आने वाले भविष्य का आधार हैं। शिक्षा ही एकमात्र ज्ञान का ऐसा भंडार है जिससे हर युवा पीढ़ी ऊंचाइयों को छू सकती है। सरकारी स्कूलों में समाज के सहयोग से हरसंभव मदद देने का प्रयास किया है जो आगे भी जारी रहेगा। समाजसेवी राजेंद्र तुलस्यान ने कहा कि आज के समय में ऐसे कई बच्चे जो शिक्षा से वंचित रह जाते हैं उन्हें शिक्षित करना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को पंखे और इनवर्टर भेंट किया जहां दो विद्यालय संचालित होते हैं और विद्यालय में लगभग 700 बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं।

## कमेटी के नाम पर धोखाधड़ी मामले में एसआईटी गठित

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** कमेटी डालने के नाम पर 40 से अधिक लोगों से करोड़ों की ठगी करने मामले में एसपी सिटी ने सीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया है। मामले में एसआईटी ने आरोपी जागरण मंडली के संचालक के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। वहीं एसपी सिटी ने बताया कि पूर्ण ब्यौरा जुटाने के बाद एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

शुगर फैक्ट्री रोड, राजेंद्र नगर निवासी एक व्यक्ति जागरण मंडली का संचालक है। धार्मिक व्यक्ति होने के कारण उसकी छवि अच्छी थी। इसी का लाभ उठाकर उसने काशीपुर के दर्जनों व्यापारियों को विश्वास में लेकर कमेटियां डालनी शुरु कर दी। बताया गया कि भागने से पहले उसकी 15-16 कमेटियां चल रही थीं। कई लोगों की रकम तो 20 से 30 लाख रुपये तक हैं। कमेटियों की कुल रकम 20 करोड़ से भी अधिक की बताई गई है। मंडली संचालक के कमेटी के करोड़ों रुपये हड़प कर भागने से कई लोग अवसाद में आ गए हैं।

पीड़ितों की शिकायत पर भाजपा नेता दीपक बाली ने एसएसपी से बात की थी। इस मामले में पुलिस को तहरीर भी दी गई है। एसपी सिटी अभय कुमार सिंह का कहना है कि अभी इस बात की जानकारी जुटाई जा रही है कि किस व्यापारी की कितनी रकम गई है। इस संबंध में शनिवार को पीड़ित व्यापारियों को दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ कोतवाली बुलाया गया था। करीब 40 व्यापारियों ने सीओ अनुषा बडोला के समक्ष अपने दस्तावेज रखे हैं। इनमें से प्रत्येक पीड़ित की अलग फाइलें बनाकर एसआईटी द्वारा जांच की जाएगी।

## तीज महोत्सव में महिलाओं ने किया धमाल



हरियाली तीज महोत्सव में भाग लेतीं इनर व्हील क्लब की सदस्याएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** इनर व्हील क्लब द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। इनर व्हील क्लब ( आईडब्लूसी ) द्वारा तीज के पर्व के उपलक्ष में जसपुर के मुख्य बाजार स्थित एक प्रतिष्ठान में हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें सावन के गीतों पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। क्लब की सदस्यों ने सावन के गीत गाए और उनपर जमकर नृत्य किया। साथ ही उन्होंने झूले का भी आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ममता अग्रवाल एवं बबीता अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। क्लब की अध्यक्ष डॉ.छवि वर्मा ने पारंपरिक त्योहारों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। इस मौके पर सुरभि, मनीषा, रेनू, पूजा, शिवांगी, सीमा, प्राची, चारू, निशि, प्रिया, ऋचा आदि मौजूद रहीं।

### फाटो में क्षतिग्रस्त हुए रास्ते के लिए भेजा 50 लाख का प्रस्ताव

**काशीपुर** : तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो जोन में क्षतिग्रस्त हुए भ्रमण के मार्ग को बनाने की कवायद शुरू हो गई है। मार्ग के निर्माण के लिए डीएफओ ने शासन को 50 लाख रुपये का प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव पास होते ही रास्ते को बनाने का कार्य शुरू किया जाएगा। विगत माह बारिश के चलते मालधन से फाटो जोन तक जाने वाला रास्ता बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके चलते इस मार्ग पर जिप्सियों के फंसने के मामले सामने आ रहे थे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से देखते हुए वन अधिकारियों ने फाटो जोन को मानसून सीजन तक बंद कर दिया था। तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ पीसी आर्या ने बताया कि रास्ते के निर्माण के लिए शासन को 50 लाख रुपये का प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव पास होने के बाद मालधन से फाटो जोन के प्रवेश द्वार तक पत्थरों की मदद से मार्ग का निर्माण कराया जाएगा।


**न्यायालय श्रीमान परिवार न्यायाधीश महोदय खटीमा जिला ऊधम सिंह नगर**

वाद सं०- 31/24 सन-20

वादी- रामप्रवेश

बनाम

प्रतिवादी - राजकेश्वर आदि

नोटिस बनाम हर आम व खास

हरगाह आपको सूचित किया जाता है कि याची ने आपके खिलाफ धारा-7 सहपठनीय धारा 25 संरक्षक एंव प्रतिपाल्य गार्जियन एण्ड वार्ड एक्ट 1890 एंव हिन्दू अवयस्क एंव संरक्षक अधि० 1956 प्रस्तुत किया है। जिसमें जबाबदावा / आपत्ति सुनवाई हेतु दिनांक-12-8-24 नियत है। उक्त सम्मन का अखवार प्रकाशन कर रहा है।

अतः जरिये अखवार प्रकाशन द्वारा विपक्षी उपरोक्त को सूचित जाता है कि नियत तिथि किया 12-8-24 को समय प्रातः 10 बजे न्यायालय में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चत करे इसमें चूक न करें, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद की कार्यवाही एकपक्षीय रूप से अग्रसारित कर दी जायेगी। सूचना जानें। आज दिनांक 25/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत से जारी किया गया।

मुंसरिम
कुटुम्ब न्यायाधीश
खटीमा जिला ऊधम सिंह नगर


## भाजपा महिला मोर्चा की तिरंगा यात्रा आज से शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता 11 से 13 अगस्त तक पूरे जनपद में तिरंगा पद यात्रा निकालेंगी। इसके अलावा जगह-जगह स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। इस दौरान देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर सैनिकों को सम्मानित भी किया जाएगा। वहीं मंडल स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को तिरंगा उपलब्ध कराने की योजना तैयार की गई है।


विमला मुडेला।

यह जानकारी भाजपा महिला मोर्चा ऊधमसिंह नगर की जिलाध्यक्ष विमला मुडेला ने दी। उन्होंने बताया कि भाजपा महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारी और महिला कार्यकर्ता विधानसभा स्तर पर तिरंगा पदयात्रा निकालेंगे। इसमें अधिक से अधिक बच्चों की सहभागिता भी करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि 11 से 13 अगस्त के चलने वाले इस अभियान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, सैनिकों को भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी सम्मानित करेंगी।

उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीर सैनिकों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस पर पूरे जनपद में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता कैंडल मार्च निकालेंगी और विभाजन विभीषिका दिवस के कार्यक्रम में भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT, VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### कार व बाइक के बीच भिड़ंत, दो लोग घायल

**बाजपुर :** नेशनल हाइवे पर कार व बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। इसमें बाइक सवार दो लोगों के चोटें आई हैं जिन्हें राहगीरों की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर दोराहा बाजपुर के निकट तेज रफ्तार कार व बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार ग्राम रम्पालीला केलाखेड़ा निवासी दिलबाग सिंह, ग्राम महेशपुरा निवासी ख्याली घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने राहगीरों की मदद से निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक में टक्कर मारने के बाद आरोपी कार चालक ने पीछे से एक प्राइवेट बस में भी टक्कर मार दी थी और भागने का प्रयास करने लगा जिसे पुलिस ने घेराबंदी करके पकड़ लिया है। घटना में बाइक व कार क्षतिग्रस्त हो गई है।

### सड़क हादसे के मामले में चालक पर मुकदमा

**काशीपुर :** बीते दिनों कार की टक्कर से मौत मामले में मृतक की पत्नी की तहरीर पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पैगा निवासी प्रवेश ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में पीड़िता ने कहा कि उसके पति धर्मपाल 23 जुलाई 2024 को महुआखेड़ा गंज से मोटर साइकिल पर सवार होकर अपने घर पैगा लौट रहे थे। रास्ते में अलीगंज की ओर से आ रही कार संख्या यूके 06-एपी-0467 के चालक ओझान निवासी कृष्णा सिंह बोरा ने कार को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसके पति की मोटर साईकिल में टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**बाजपुर :** घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी के मोहल्ला नेतानगर निवासी अशफाक उस्मानी ने पुलिस को बताया कि उसने 9 अगस्त की सुबह करीब 11 बजे मोहल्ला आदर्शनगर स्थित अपने दूसरे घर के सामने बाइक खड़ी की थी। आरोप है कि कुछ देर बाद बाहर आया तो बाइक गायब थी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश कर रही है।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**खटीमा :** चार दिन पूर्व पुरानी शारदा देवहा पोषक नहर के पास बाइक खड़ी कर खेत में निराई करते समय नदन्ना निवासी रोहित कुमार की बाइक संख्या यूके06 वी0616 चोर उड़ा ले गए थे। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की खोजबीन शुरू कर दी है।

#### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, व्यापारी की मौत के बाद परिजनों में मचा कोहराम, भाई ने दी तहरीर

# सड़क हादसे में बाइक सवार व्यापारी की मौत

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** किच्छा-रुद्रपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात्रि बाइक से घर लौट रहे व्यापारी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में व्यापारी की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद गमगीन माहौल में व्यापारी का अंतिम संस्कार किया गया। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।


जगदीश शर्मा।

शुक्रवार रात्रि करीब 10 बजे कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि अज्ञात वाहन ने बाइक सवार व्यक्ति को रुद्रपुर किच्छा राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवरिया क्षेत्र में टक्कर मारकर घायल कर दिया है। तेज बारिश के बीच कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस के माध्यम से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल किच्छा में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की तलाशी के दौरान जेब में रखे विजिटिंग कार्ड के आधार पर पुलिस ने मृतक के भाई रुद्रपुर मार्ग स्थित शर्मा एल्युमिनियम एंड कंपनी के स्वामी रामगोपाल शर्मा को घटना की जानकारी दी। दुर्घटना की सूचना पर रामगोपाल शर्मा तमाम परिजनों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने मृतक की पहचान अपने भाई किशनपुर, कोतवाली किच्छा निवासी 45 वर्षीय जगदीश शर्मा के रूप में की। घटना की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और सरकारी अस्पताल में तमाम लोगों की भीड़ जमा हो गई।


किच्छा में घटना के बाद बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद जगदीश शर्मा का शव उनके निवास पर पहुंचने के बाद माहौल गमगीन हो गया। मृतक की पत्नी तथा तीनों बच्चों सहित परिजन रोते बिलखते नजर आए। नगर के बाईपास स्थित सत्यपथ धाम पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### पुत्र को नहीं पता था कि आखिरी बार हो रही पिता से बात

**किच्छा :** परिजनों के अनुसार बारिश होने के चलते परिजनों ने देर रात जगदीश शर्मा को जल्द घर वापस लौटने का आग्रह करते हुए मोबाइल पर फोन किया था। लेकिन परिजनों को नहीं पता था कि मोबाइल पर बात होने के कुछ देर बाद जगदीश शर्मा की मौत की खबर आ जाएगी। भाई राम गोपाल शर्मा ने बताया कि रात्रि करीब 9 :20 बजे भतीजे रजत शर्मा की बात अपने पिता से हुई थी। फोन पर रजत ने पिता जगदीश से कितनी देर में घर लौटने को लेकर पूछा था। जिस पर मृतक जगदीश ने बताया था कि वह लालपुर निवासी व्यक्ति से एल्युमिनियम फिटिंग कार्य के पैसे लेने गए थे और टोल प्लाजा पर पहुंच गए हैं तथा करीब 10 मिनट में घर पहुंच जाएंगे। करीब एक घंटे तक जगदीश के घर न लौटने पर परिजनों को चिंता होने लगी। इसी बीच मृतक के भाई रामगोपाल शर्मा ने परिजनों को सड़क दुर्घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर मृतक की पत्नी तथा 18 वर्षीय पुत्री, 15 एवं 17 वर्षीय दो पुत्रों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त बाइक और मोबाइल बरामद

**किच्छा :** मृतक के भाई एवं वरिष्ठ व्यापारी रामगोपाल शर्मा ने बताया कि पुलिस की जानकारी के बाद जब परिजन घटना स्थल पर पहुंचे तो क्षतिग्रस्त बाइक तथा सड़क किनारे खेत में भाई का मोबाइल बरामद हुआ। भाई रामगोपाल शर्मा ने बताया कि पुलिस को लिखित शिकायत देकर बाइक को टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन तथा वाहन चालक को चिन्हित कर कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। फिलहाल पुलिस ने भी शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। उधर, व्यापारी की मौत पर शोक व्यक्त करने वालों में व्यापारी नेता नितिन फुटेला, गुलशन सिंधी, विजय अरोड़ा, ठाकुर संजीव कुमार सिंह, कमलेश दुबे, नवीन सिंह, ब्रह्मानंद पुरोहित, रितेश सिंह, मनीष सिडाना आदि मौजूद रहे।

# मटकोटा-गदरपुर मार्ग को लेकर सड़क पर उतरे कांग्रेसी

#### युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसी व कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, पदयात्रा निकाली, पुतला फूंका

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसी व सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शनिवार को छतरपुर रेलवे फाटक से दिनेशपुर तक 8 किलोमीटर पदयात्रा निकाली। उन्होंने मटकोटा-दिनेशपुर 16 किलोमीटर क्षतिग्रस्त मार्ग का चौड़ीकरण के साथ पुनर्निर्माण कराने, छतरपुर रेलवे फाटक पर फ्लाईओवर बनाने एवं सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये देने की मांग उठाई। समापन से पूर्व नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला आग के हवाले किया गया।

शनिवार को प्रातः 9 बजे युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसी व सैकड़ों कार्यकर्ता छतरपुर रेलवे फाटक पर एकत्र हुए। जहां से प्रदेशाध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर के नेतृत्व में छतरपुर से दिनेशपुर तक 8 किलोमीटर मार्ग पुनर्निर्माण की मांग को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ 'मटकोटा- गदरपुर मार्ग का जल्दी पुनर्निर्माण करो', 'अभी करो-अभी करो जल्दी करो मार्ग का निर्माण करो' के साथ पद यात्रा निकाली। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि आंदोलन का पहला पड़ाव शुरू किया है। मांगें पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में दो दर्जन से अधिक लोगों की मौतें हुई हैं। सरकार को मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजे के तौर पर देना होगा। भुल्लर ने कहा कि छतरपुर रेलवे फाटक पर फ्लाईओवर न होने से रेलवे फाटक बंद होने पर परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्कूली बच्चों व कर्मचारियों को समय से न पहुंचने पर उनकी छुट्टी हो रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार से छतरपुर रेलवे फाटक पर फ्लाईओवर बनाने की मांग की। कांग्रेस विधानसभा प्रभारी नीरज तिवारी ने कहा कि रुद्रपुर व गदरपुर विधानसभा से भाजपा के दो विधायक होते हुए भी छह वर्षों से क्षतिग्रस्त मार्ग का पुनर्निर्माण नहीं हो पा रहा है। मार्ग में दुर्घटनाओं में निर्दोष लोगों की मौतें हो रही हैं। पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने कहा कि गैरसैंण में हो रहे विधानसभा सत्र के दौरान वह कार्यकर्ताओं के साथ पांच मांगों को लेकर धरने पर बैठेंगे। कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता ने कहा कि भाजपा चुनाव के समय मटकोटा-गदरपुर मार्ग के चौड़ीकरण के साथ पुनर्निर्माण करने व छतरपुर रेलवे फाटक पर फ्लाईओवर बनाने की मांग को अपने घोषणा पत्र में रखती हैं। लेकिन चुनाव संपन्न होने के बाद सब भूल जाते हैं। परेशानी क्षेत्र के लोगों को भुगतानी पड़ रही है। वरिष्ठ नेता जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास ने कहा कि नैनीताल लोकसभा सांसद अजय भट्ट व क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय ने घोषणा कर सड़क के पुनर्निर्माण के नाम से कई बार नारियल तोड़े व लड्डू वितरण किए। लेकिन धरातल पर पैच वर्क ही दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेसियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला आग के हवाले किया। कार्यक्रम का संचालन युवा कांग्रेस प्रदेश महामंत्री मोहित चौहान व नगराध्यक्ष नारायण हालदार ने किया।



दिनेशपुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर प्रदेश की भाजपा सरकार का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**आक्रोश**

- मटकोटा- गदरपुर मार्ग का पुनर्निर्माण, छतरपुर रेलवे फाटक पर फ्लाईओवर बनाने की मांग

इस मौके पर डीसीबी पूर्व अध्यक्ष सुभाष बेहड, वरिष्ठ नेता केके गावा, बक्सौरा प्रधान गगन सिंह रंधावा, जयनगर प्रधान जगदीप सिंह विर्क, सौरभ बेहड़, शंकर सिंह नगरकोटी, चंचल सिंह देऊपा, तारक बाछाड़, ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल, जगन्नाथ सरकार, हरपाल सिंह मनेजा, चंदननगर प्रधान विकास सरकार, लक्ष्मी राय, रमेश बैरागी, किशोर हालदार, मनोज देवराड़ी, सुमित बैरागी, ओंकार सिंह ढिल्लों, शैलेंद्र प्रताप सिंह, सुखा सिंह, संदीप सिंह, गोकुल पांडे, काशीनाथ गुप्ता, ललित खोलिया, आशुतोष राय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पदयात्रा में शामिल थे।

### 12 को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत दिलाई जाएगी शपथ

**रुद्रपुर:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जनपद के सभी कार्यालयाध्यक्षों को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 12 अगस्त को सुबह 11 बजे नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाने के निर्देश दिए। मुख्य शिक्षा अधिकारी को जनपद के सभी विद्यालयों में शपथ दिलाने के निर्देश दिए। शनिवार को जिलाधिकारी ने नोडल आईटीआई को जनपद के सभी आईटीआई संस्थानों में शपथ कार्यक्रम कराने और जिला समाज कल्याण अधिकारी को जनपद के सभी शैक्षणिक संस्थानों से समन्वय कर, शपथ कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान के तहत सभी शैक्षणिक संस्थानों में पौधारोपण कार्यक्रम किया जायेगा। उन्होंने जनपद से समस्त कार्यालयाध्यक्षों व समस्त कार्मिक, छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त भारत अभियान की वेबसाइट से सर्टिफिकेट डाउनलोड करने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यक्रमों की फोटो एवं कुल प्रतिभागियों की संख्या, जिला समाज कल्याण अधिकारी के व्हाट्सएप मोबाइल नंबर 9084749430 पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।


डीएम उदयराज सिंह।

# अधिवक्ता की पत्नी की लूटी चेन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके में एक बार फिर चेन स्नेचर सक्रिय हो गए हैं। बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी सवार अधिवक्ता की पत्नी के गले से सोने की चेन लूट ली और फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

न्यू शक्ति विहार कॉलोनी निवासी अधिवक्ता मनोज तनेजा ने बताया कि 8 अगस्त सुबह साढ़े 9 बजे वह अपनी स्कूटी से भूरारानी स्थित एक प्राइवेट स्कूल से बच्चों की फीस जमा कर पत्नी के साथ घर लौट रहा था। सिंह कॉलोनी मोड़ पर नकाबपोश बाइक सवार बाइक दो युवक आए और एक युवक ने झपट्टा मार कर पत्नी के गले से तीन तोले वजनी सोने की चेन लूट ली। जब तक वे कुछ समझ पाते, बाइक सवार फरार हो चुके थे। अधिवक्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है और आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

### महिला के गले से सोने की चेन खींचकर बाइक सवार फरार

**बाजपुर :** बाइक सवार दो बदमाश घर के बाहर गाय को रोटी खिला रही महिला के गले में झपट्टा मारकर सोने की चेन खींच ले गए। आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा भी किया, लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़ पाए। घटना की लिखित तहरीर कोतवाली में देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं आरोपी मोहल्ले में लगे सीसीटीवी में कैद हो गए हैं। नगरपालिका के वार्ड नंबर-6 मोहल्ला केशवनगर चूना भट्ठी रोड निवासी मीरा मिश्रा ने पुलिस को बताया कि शनिवार की सुबह करीब 10 :30 बजे वह अपने घर के बाहर गाय को खाना खिलाने जा रही थी। आरोप है कि इसी बीच अचानक दो अज्ञात बाइक सवार युवक वहां पहुंचे और इनमें से एक आरोपी ने पीछे से महिला के गले में पड़ी सोने की चेन खींच ली और बाइक से फरार हो गए। अचानक हुई घटना से वह हड़बड़ाकर गिर गई। महिला ने शोर मचाने के साथ ही आरोपियों का कुछ दूर तक पीछा भी किया, लेकिन तब तक वह पकड़ से दूर जा चुके थे। चीख-पुकार सुनकर परिजन व आसपास के लोग भी बाहर निकल गए जिन्होंने बाइकों से आरोपियों की खोजबीन की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल पाया। वहीं पीड़िता के साथ कोतवाली पहुंचे विश्व हिंदू परिषद गौरक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस, राजेश पाठक आदि ने पुलिस से मामला दर्ज कर अविलंब बाइक सवार बदमाशों को पकड़ने की मांग की है। पुलिस ने उन्हें उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### बिना लाइसेंस चल रहा नर्सिंग होम सील

**काशीपुर :** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बिना लाइसेंस के चल रहे महुआखेड़ा गंज स्थित एक नर्सिंग होम को सील कर दिया। साथ ही नर्सिंग होम संचालक पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। बीते दिनों सीएमओ को शिकायत मिली थी कि महुआखेड़ा गंज स्थित झंडा चौक के पास निशा जच्चा-बच्चा केंद्र संचालित होता है। शुक्रवार शाम एलडी भट्ट चिकित्सालय के डॉ. अमरजीत सिंह साहनी ने टीम के साथ केंद्र पर छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान पाया कि नर्सिंग होम संचालक के पास कोई डिग्री नहीं थी और न ही नर्सिंग होम का पंजीकरण कराया गया था। उन्होंने बताया कि अस्पताल के अंदर डिलीवरी से संबंधित सभी उपकरण मौजूद थे। टीम ने खामियां मिलने पर अस्पताल को सील कर दिया।

# देर रात्रि चौकी इंचार्ज के खिलाफ व्यापारियों ने दिया धरना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी के दुर्व्यवहार से खफा व्यापारियों ने शुक्रवार की देर रात्रि चौकी में धरना प्रदर्शन कर हंगामा काटा। सूचना मिलने पर सीओ ने व्यापारी नेताओं के साथ वार्ता की और तीन घंटे बाद मामले का पटाक्षेप किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

शहर के पुराने सर्राफा कारोबारी के यहां पिछले दस सालों से एक युवक ज्वेलरी की खरीद-फरोख्त करता था। शुक्रवार को वही युवक आया और सर्राफा व्यापारी को सोने की चेन देते हुए मजबूरी बताई। जिस पर सर्राफा कारोबारी ने चेन खरीद ली और उसका भुगतान भी कर दिया, लेकिन इस बात का इल्म नहीं था कि युवक कोई चोरी की चेन बेचने आया है। प्रकरण को लेकर आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल सुनार की दुकान पहुंचे और कारोबारी से दुर्व्यवहार व अभद्रता करने लगते है। आरोप था कि चौकी प्रभारी ने डीवीआर भी उखाड़ दी। व्यापारी नेताओं का कहना था कि जब प्रकरण को लेकर चौकी प्रभारी से मुलाकात की तो पुलिसिया रौब दिखाकर धमकाया जाने लगा। इससे नाराज व्यापारियों ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा व कोषाध्यक्ष संदीप राय के साथ शुक्रवार की रात्रि 11 बजे से साढ़े 12 बजे तक चौकी में धरना शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना मिलते ही सीओ सदर निहारिका तोमर ने व्यापारी नेताओं को अपने कार्यालय बुलाया और प्रकरण की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद व्यापारी का गुस्सा शांत हुआ। इस मौके पर किशन सहगल, पवन गाबा, राजेश कामरा, मनीष गोस्वामी, शिवेन सेठी, गौरव गांधी, इंदरजीत सिंह, आकाश अरोरा, अजय सहगल, कवलजीत बठला, अमित तनेजा, पारस अरोरा, सागर छाबड़ा, जौमी चांडा आदि मौजूद रहे।


आदर्श कॉलोनी चौकी में धरना देते व्यापारी। ● अमृत विचार

**विवाद**

- सर्राफा व्यापारी से अभद्रता पर भड़के व्यापारी
- रात्रि 12 बजे सीओ से वार्ता के बाद माने नेता

**नर्स हत्याकांड** रामपुर, मुरादाबाद व बरेली में पुलिस टीम ने डाला डेरा

# 12 से अधिक संदिग्धों से शुरू की पूछताछ

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नर्स तस्लीम जहां जघन्य हत्याकांड का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस की चार टीमों ने अपनी तफ्तीश को तेज कर दिया है। जिसके चलते पुलिस ने 12 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने मृतका की सीडीआर निकालकर नंबरों की जांच भी शुरू कर दी है।

30 जुलाई को सिविल लाइंस स्थित नर्स तस्लीम जहां ड्यूटी के बाद से ही लापता हो गई थी। 9 अगस्त को नर्स का सड़ा-गला शव डिबडिबा यूपी स्थित एक खाली प्लाट की झाड़ियों में बरामद हुआ था। इस जघन्य हत्याकांड के खुलासे के लिए एसएसपी के आदेश पर चार टीमों का गठन किया था। पहली टीम मैनुअल तरीके से सुरागरसी करेगी। दूसरी टीम सीडीआर, सीसीटीवी कैमरों के अलावा सर्विलांस के आधार पर तफ्तीश करेगी, जबकि तीसरी टीम ने रामपुर, मुरादाबाद व बरेली में डेरा डाल दिया है। साथ ही चौथी टीम ने हिरासत में लिए गए 12 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी है।


नर्स तस्लीम जहां ।(फाइल फोटो)

साथ ही लापता होने के दूसरे दिन ही नर्स तस्लीम का मोबाइल बरेली इलाके में सक्रिय था। पुलिस उस व्यक्ति की खोज में जुट गई है। जिसके पास मृतका का मोबाइल है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि पुलिस की पांचवीं टीम को जल्द ही राजस्थान भेजा जाएगा। इसके अलावा चार टीमों को अलग-अलग टास्क दिया गया है। पुलिस की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और कई अहम सुराग हाथ लग चुके हैं। पुलिस जल्द ही नर्स तस्लीम हत्याकांड के राज से पर्दा उठाएगी।

# निर्माणाधीन पीएम आवास से एल्युमिनियम की प्लेट चोरी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पुलिस को चुनौती देते हुए चोरों ने ग्राम बागवाला में चल रहे पीएम आवास योजना निर्माण स्थल से एल्युमिनियम की सेंट्रींग प्लेट को चुरा लिया है। इसकी कीमत लाखों में आंकी गई है। पुलिस ने एचआर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम हिच्छन बिगहा अगनूर दाउदनगर औरंगाबाद बिहार निवासी शिवमनी कुमार ने बताया कि वह अभिलाषा इंटरप्राइजेज कंपनी में सेफ्टी ऑफिसर व एचआर के पद पर कार्यरत है। उन्होंने बताया कि ग्राम बागवाला में कंपनी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवनों का निर्माण कर रही है। 28 जुलाई की रात्रि साढ़े 12 से तीन बजे के करीब चोर चारदीवारी फांदकर अंदर प्रवेश कर गये और 58 एल्युमिनियम सेंट्रींग प्लेट चुरा ली। जिसकी कीमत पांच लाख रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि सामान की काफी खोजबीन की गयी, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। जब सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया तो कुछ संदिग्ध फुटेज में कैद हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला है। जिसमें कुछ संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं।

# पुलिस-आरएएफ ने किया फ्लैग मार्च

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शांति व्यवस्था को लेकर कोतवाली पुलिस और आरएएफ के जवानों ने अति संवेदनशील वार्ड में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने माइक के माध्यम से ऐलान किया कि कोई भी व्यक्ति अराजकता या शांति व्यवस्था को भंग करता है तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा।

शनिवार को मेरठ 108 बटालियन आरएएफ के द्वितीय कमान अधिकारी सुनील कुमार रंजन, डिप्टी कंमाडेंट प्रेम थापा और कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह दसौनी के नेतृत्व में पुलिस और आरएएफ के जवानों का फ्लैग मार्च कोतवाली से प्रारंभ हुआ। जो रंपुरा बस्ती, भदईपुरा, पहाड़गंज से होते हुए सिर गोटिया वार्डों में घूमा और पुनः कोतवाली आकर फ्लैग मार्च समाप्त हुआ। शांति व्यवस्था के लिए कोतवाली पुलिस को एक प्लाटून आरएएफ मुहैया कराई गई है। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि 15 अगस्त सहित त्यौहार को लेकर पुलिस व आरएएफ के जवान मिलकर शांति व्यवस्था बनाने की कोशिश करेंगे। साथ ही असामाजिक तत्वों को संदेश दिया गया है कि अराजकता की स्थिति में सख्ती से निपटा जाएगा। इस अवसर पर एसएसआई अशोक कुमार, एसएसआई दीपक कौशिक, निरीक्षक संजीव धामा आदि मौजूद रहे।


फ्लैग मार्च करते आरएएफ के जवान। ● अमृत विचार

# सोम प्रकृति की सृजन शक्ति


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> सत्य, शिव और सुंदर की त्रयी आकर्षक है। इस त्रयी में सत्य महत्वपूर्ण है, लेकिन सत्य को शिव भी होना चाहिए। सत्य और शिव का एकात्म सुंदर होता है। शिव में तीनों हैं। शिव और लोकमंगल पर्यायवाची हैं, लेकिन यह ऊर्जा सहज प्राप्य नहीं है। शिव के प्रति लोक आस्था विस्मयकारी है।

भारत में सावन का महीना शिव उपासना की जलरस भरी मुहूर्त है। शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। शिव के माथे पर सोम चन्द्र हैं। ऋग्वेद के ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं, वनस्पतियां औषधियां उगती हैं, खिलती हैं, खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में एक दिन सोम का। पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। शिवभक्तों को सोमवार प्रीतिकर है। शिव भी सोमवार का दिन भक्तों के लिए ही खाली रखते होंगे। काशी बहुत जाता हूं। काशी मंदिर में शिव उपासना की मूर्ति है। शिव दर्शन कई बार हुआ। मैंने समूची वाराणसी को सोम शिव पाया। हर-हर महादेव की गूंज व लोक उल्लास।

शिव भोले शंकर हैं, औघड़दानी हैं। गण समूहों के मित्र हैं। गणों के साथ स्वयं भी नृत्य करते हैं। वे रुद्र शिव एशिया के बड़े भूभाग में प्राचीन काल से ही उपासित हैं। शिव गूढ़ रहस्य हैं। युधिष्ठिर के मन में शिव जिज्ञासा थी। शर शैय्या पर लेटे भीष्म से उन्होंने तमाम प्रश्न पूछे थे। वे भीष्म से शिव गुण भी सुनना चाहते थे। भीष्म ने कहा, "शिवगुणों का वर्णन करने में मैं असमर्थ हूं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। वे प्रकृति से परे और पुरुष से विलक्षण हैं। श्रीकृष्ण के अलावा उनका तत्व दूसरा कोई नहीं जानता। फिर अर्जुन से कहा, "रुद्र भक्ति के कारण ही श्रीकृष्ण ने जगत को व्याप्त किया है।" यहां श्रीकृष्ण के विराट का कारण भी शिव तत्व का बोध है। मैं भारत के मन के साथ मन मिलाते हुए महादेव को नमस्कार करता हूं।

ऋग्वेद वाले रुद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है, लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त-मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। चरमोत्कर्ष वाले नृत्यकर्ता। श्रीकृष्ण की बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे तो शिव के डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रुद्र हो जाते हैं। प्रलयंकर हो जाते हैं, लेकिन यही रुद्र शिव भी हैं। शिव महाकाल हैं। ऋग्वेद में "जो रुद्र है, वही शिव भी है।" त्रिशूल उनका हथियार। ये तीन शूल क्या हैं? ये दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट तो नहीं हैं? या भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं। शिव दुख हारी हैं-त्रिशूल धारक जो हैं, लेकिन सोंचने से मन नहीं भरता। मन यहां, वहां, जहां, तहां भागता ही है। मैं मन ही मन यजुर्वेद के शिव संकल्प मंत्र दोहराता हूं- "हमारा मन भागता है। यहां वहां। ऐसा हमारा मन शिव संकल्प से भरापूरा हो-तन्मे मनः शिव संकल्पं अस्तु।" मैं राजनीति में हूं सो मंच, माला, माइक का त्रिशूल भीतर तक धंसा हुआ है। सोम सामने है, भीतर ओम है, लेकिन सोम से वंचित हूं। ओम् की अनुभूति नहीं। करूं तो क्या करूं? ऋग्वेद के ऋषि वशिष्ठ ने आर्तभाव से पुकारा था त्रायंबक रुद्र को-हमें पकी ककड़ी की तरह मृत्यु बंधन से मुक्त करो। मैं स्वयं भी डंठल से चिपका हुआ पका फल हूं। संसार क्षर से क्षर की यात्रा है। अंतर्यात्रा स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा है। पत्ती, पुष्प से पेड़ और पेड़ से जड़ की यात्रा सुगम है। जड़ें देखते ही बीज का ध्यान आता है। बीज के भीतर अनंत संभावनाएं हैं। पेड़, शाखा, पत्तियां और फूल। फिर-फिर बीज। ओम प्राण शक्ति है और सोम बीज का पल्लवन पुष्पन। ऋग्वेद के सोम कम लोगों को याद हैं, लेकिन सोमवार हर सातवें दिन उन्हीं की स्मृति दिलाता है। सोम से ओम की यात्रा शिव है। यहां कोई भौगोलिक दूरी नहीं। सोम और ओम साथ-साथ हैं। सोम शिव के ललाट पर हैं ही। शिव रूपक का सोम प्रतीक बड़ा प्यारा है। ऋग्वेद में सोम को पृथ्वी का निवासी बताया गया है। सोम असाधारण देवता हैं। आनंददाता भी हैं।

सत्य, शिव और सुंदर की त्रयी आकर्षक है। इस त्रयी में सत्य महत्वपूर्ण है, लेकिन सत्य को शिव भी होना चाहिए। सत्य और शिव का एकात्म सुंदर होता है। शिव में तीनों हैं। शिव और लोकमंगल पर्यायवाची हैं, लेकिन यह ऊर्जा सहज प्राप्य नहीं है। शिव के प्रति लोक आस्था विस्मयकारी है। कांवड़िए लंबी पदयात्रा करते हैं। शिव प्राप्ति के प्रयास जरूरी हैं। पार्वती को भी शिव प्राप्ति के लिए महातप करना पड़ा था। कालिदास के 'कुमार संभव' में तपरत पार्वती को एक ब्रह्मचारी ने भड़काया "पार्वती! आप भी किस प्रेम में फंस गई। आपका सुंदर हाथ सांप लिपटे शंकर को कैसे छुएगा। कहां हंस छपी चूनर ओढ़े आप? और कहां खाल ओढ़े शंकर?" शिव शंकर के रूप-कुरूप पर उसने बहुत कुछ कहा। पार्वती ने कहा "संसार के सारे रूप शिव के ही हैं-विश्वकूर्तेखाधार्यते वपु।" शिव ही सभी रूपों में रूप रूप प्रतिरूप हैं। कालिदास के कथानक में तब शिव ने अपना रूप प्रकट कर दिया। शिव बोले "अब मैं तुम्हारा दास हूं, पार्वती-तवस्मि दासः।" मन करता है कि पूंछू शिव से-महादेव! इतना कठोर तप क्यों कराते हैं? लेकिन शिव तप का पुरस्कार भी तो देते हैं। तप प्रभाव में वे स्वयं भक्त के भी भक्त बन जाते हैं। पौराणिक शिव बड़े आकर्षक हैं। बैल की सवारी और पार्वती से बतरस। 'विज्ञान भैरवतंत्र' में शिव और पार्वती के मध्य गहन दार्शनिक संवाद का उल्लेख है। कालिदास ने शिव बरात का मनोरम शब्द चित्र खींचा है। बताया है कि शिव बरात नगर पहुंची। स्त्रियां अपना कामधाम छोड़कर छतों की ओर भागी। एक की जूड़े की माला टूट गई। एक ने दायी आंख में ही काजल लगाया था, वह बाई आंख का काजल लगाना छोड़ भाग चली। पार्वती शिव जगत के माता-पिता हैं। विवाह के बाद देवों ने शुभकामनाएं दीं।"

भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के संवाद से भरापूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकर्ता। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही पूछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया, लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। यह भी उचित था। अनुभव करना सुनने से ज्यादा श्रेष्ठ है, लेकिन शिव सब जानते थे। वे सर्वत्र उपस्थित हैं। उनके कंठ में विष है। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप भी हैं, लेकिन चन्द्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। शरद् चन्द्र की पूनो शिव रस सोम की ही वर्षा करती है। सोम और चन्द्र पर्यायवाची हैं। शिव ने सनत कुमारों को बताया कि उनके तीन नेत्र हैं। सूर्य दाया नेत्र है और बाया चन्द्रमा। अग्नि मध्य नेत्र हैं। हम भारतवासी बहुदेव उपासक हैं, लेकिन बहुदेववादी नहीं। बहुदेव उपासना हमारा स्वभाव है।

शिव एशिया के बड़े भाग में प्रचलित देव हैं। शिव देव नहीं महादेव हैं। वे हजारों बरस से भारत के मन में रमते हैं। एक अकेले ही। एको रूद्र द्वितीयोनास्ति। कुछेक विद्वान रुद्र शिव को आयातित देवता मानते हैं। शिव उपासना पश्चिम एशिया व मध्य एशिया तक विस्तृत थी भी। प्रख्यात मार्क्सवाद चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेश (पृष्ठ 679) में लिखा है "वास्तव में शैवमत, वैष्णवमत, बौद्धमत इन सबके स्रोत भारत में थे। यहां से इन मतों का प्रसार मध्य एशिया और पश्चिमी एशिया में हुआ।" शिव उपासना का मूल केन्द्र भारत है। यजुर्वेद प्राचीन है। इसका 16 वां अध्याय शिव की ही स्तुति है। यहां शिव कण-कण में व्याप्त चेतना हैं।

# त्योहारों में अब वह उत्साह नहीं

> हमारा दायित्व है कि हम अगली पीढ़ी को कम से कम अपने कुछ गिने-चुने श्रेष्ठ पारंपरिक आयोजनों से परिचित कराते रहें। उनकी अभिरुचि जगाते रहें। तभी ये कुछ हमारे अभी भी स्पंदित हो रहे पारंपरिक आयोजन अक्षुण रह सकें।


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

नागपंचमी का समापन दलभरी पूड़ी और खीर के साथ हुआ। यह हमारा त्योहारी व्यंजन है, जो नागपंचमी को परंपरा से बनता आया है। आधुनिकता के दबाव में आज कितनी ही अच्छी परंपराएं तेजी से बिसरायी जा रही हैं। मेरा प्रायः आग्रह रहता है कि कुछ रस्मी आयोजनों, खानपान को यथासंभव बरकरार रखना चाहिए। यद्यपि तीज त्योहारों का अब वह उत्साह नहीं दिखता, जो तीस चालीस वर्ष पहले तक था।

गवईं बोली में नागपंचमी पचैयां कही जाती थी। गजब का उत्साह दिखता था। बड़े बुजुर्ग एक अस्थायी अखाड़ा तैयार करते थे, जिसमें हमजोली बच्चों की कुश्तियां होती थीं। कुश्ती के दांव पेंच सिखाए जाते थे। अंटी मारना और धोबियापठान (धोबीपाट) दांव बड़े लोकप्रिय थे। हमारे एक बुजुर्ग अंटी मारने के उस्ताद थे। अंटी के दांव में पैर से ही पैर में ऐसे अंदाज से मारते कि प्रतिद्वंद्वी धड़ाम और फिर उसे उठने का मौका ही नहीं देते थे। बच्चे चमत्कृत। यह दांव सीखने को मचलते। बुजुर्ग अंटी पर अंटी तब तक मारते रहते जब प्रतिद्वंदी बिचारा हारी-हारी नहीं चिल्लाता। फिर लंबी कूद (कूड़ी) की प्रतिस्पर्धा भी होती थी, जिसमें शारीरिक और मानसिक शक्ति को बढ़ाने की प्रेरणा मिलती।

बच्चों को बांस के छोटे-छोटे डंडों को रंग बिरंगा बनाकर दिया जाता कि उससे नाग-नागिन की प्रतीक गुड़िया को पास के तालाब में डालकर पीट पीट कर डुबा दो। बच्चों में गजब की उत्फुल्लता रहती। मगर अब त्योहारों का वह स्वरूप वह उमंग जाता रहा। अब त्योहार भी रोज के दिनों जैसे हो गए हैं। खान-पान भी वही रोजाना के ढर्रे का। सामाजिक बदलाव की गति इतनी तीव्र हो चली है कि हमारी परंपराओं, रहन-सहन और संस्कृति को भी तेजी से विकृत कर रही है। विस्मृति के गर्त में ढकेल रही है। हम गरीब भले थे, मगर जीवन का रास रंग कायम था। तीज-त्योहारों को विपन्नता के बावजूद हंसी-खुशी मनाते थे। दो जून की रोटी भले नहीं जुटती थी, मगर उत्साह का पारावार नहीं था। वही तुलसीदासजी का कथन कि 'चहिय अमिय पर जुरई न छांछी' - आकांक्षाएं हिलोर मारती थीं। सीमित संसाधनों में ही संतुष्टि थी। जीवन आनंद से सराबोर था। त्योहारों को हम पूरे उमंग उत्साह से मनाते थे। एक दिन ही सही सुरुचिपूर्ण व्यंजन अनिवार्य रूप से बनता था, जो सोने में सुगंध सा होता।

अब समृद्धता भले ही बढ़ी हो, किंतु जीवन का वह रास रंग गायब हो गया। अब त्योहार आते हैं और चले जाते हैं। सब कुछ नीरस सा हो गया है। मनुष्य अनेक तरह के दबाओं और दुश्चिंताओं में जी रहा है। जीवन की आपाधापी ने हमारे सहज व्यक्तित्व को हमसे छीन लिया है। कभी निबंध का एक विषय यह भी होता था उत्सव प्रिया मानवाः, आज के ग्रामीण परिवेश में वह उत्सव प्रियता न जाने कहां विलीन हो गई है। बाजार हाट, शहरों में बस दुर्गा पूजा, गणेश पूजा, दशहरे की धूम जरूर है, मगर वह भी व्यावसायिकता की भेंट चढ़ चुकी है। उनमें विपन्नता में भी उत्सव आनंद मनाने का वह अनिर्वचनीय आनंद कहां? सब अर्थतंत्र का भोंडा प्रदर्शन मात्र रह गया है। यह हमारा दायित्व है कि हम अगली पीढ़ी को कम से कम अपने कुछ गिने-चुने श्रेष्ठ पारंपरिक आयोजनों से परिचित कराते रहें। उनकी अभिरुचि जगाते रहें। तभी ये कुछ हमारे अभी भी स्पंदित हो रहे पारंपरिक आयोजन अक्षुण रह सकें।

# लोकहित एवं समन्वयकारी लोकनायक तुलसी


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> गोस्वामीजी ने अपना काव्य स्वान्त: सुखाय लिखा था। उन्होंने इसका स्पष्ट उल्लेख 'रामचरितमानस' के प्रारंभ में किया है। स्वांत: सुखाय तुलसी रघुनाथ गाथा। उनकी 'स्वांत: सुखाय' रचनाएं 'जन-हिताय' थीं।



तुलसी एक ऐसी महत्वपूर्ण प्रतिभा थे, जो युगों के बाद एक बार आया करती है तथा ज्ञान-विज्ञान, भाव-विभाव अनेक तत्वों का समाहार होती है। इनकी प्रतिभा इतनी विराट थी कि उसने भारतीय संस्कृति की सारी विराटता को आत्मसात कर लिया था। ये महान द्रष्टा थे, परिणामतः सृष्टा थे। ये विश्व कवि थे और हिन्दी साहित्य के आकाश थे, सब कुछ इनके घेरे में था। गोस्वामी तुलसीदास एक महान हिन्दू संत, समाजसुधारक के साथ ही दर्शनशास्त्र और कई प्रसिद्ध ग्रंथों के रचयिता भी थे। गोस्वामीजी की प्रत्येक रचना राम-कथा का संस्पर्श करती है।

कथा का जो भाग किसी रचना-विशेष में छूट गया है, उसकी पूर्ति उन्होंने दूसरी रचना के द्वारा कर दी है। इस प्रकार इन ग्रन्थों से गोस्वामीजी के निष्णात पांडित्य, व्यापक अनुभव, गहन एवं सूक्ष्म अंतर्दृष्टि तथा समर्थ अभिव्यंजना शक्ति का परिचय मिलता है। उन्होंने अपने सत्साहित्य द्वारा लोक आदर्श की स्थापना की, धर्म का उपदेश दिया, जीवन के मार्मिक तथ्यों का दार्शनिक निरूपण किया और जनमानस के मानस-पटल का परिष्कार किया। उन्होंने परिव्राजक के रूप में तीर्थाटन एवं सत्संग करते हुए संपूर्ण भारतवर्ष का भ्रमण किया था। अयोध्या तथा चित्रकूट उन्हें विशेष प्रिय थे। उनके जीवन का उत्तरार्ध काशी में व्यतीत हुआ था। जीवन के थपेड़ों ने जहां उनके स्वभाव में दीनता, विनम्रता, उदारता एवं परोपकार की भावना भर दी थी वहीं राम नाम के सबल आधार ने इसको निर्भीक एवं आत्मविश्वासी बना दिया था। जीवन-संघर्ष ने इनके व्यक्तित्व को तपा कर कुंदन बना दिया था और राम जैसे समर्थ स्वामी को प्राप्त करके गोस्वामीजी निश्चिंत हो गए। सोवै सुख 'तुलसी' भरोसे एक राम के। गोस्वामीजी की मान्यता थी कि राम ने दास भक्तों के लिए ही मनुष्य शरीर धारण किया हैं। अपने इष्टदेव के प्रति अनन्यता ही गोस्वामीजी की साधना का संबल, विचारों का मेरूदंड एवं भावों का उद्गम है। उन्होंने अपने ग्रंथों में जगह-जगह अनन्यता का भाव प्रकट किया हैं।

भारत का लोकनायक वही हो सकता है, जो समन्वय कर सके। बुध्य समन्वयकारी थे, गीता में समन्वयवाद को अपनाया गया है, तुलसी भी समन्वयवादी थे।" कविकुल चूड़ामणि गोस्वामी तुलसीदास जी का अविर्भाव ऐसे युग में हुआ, जब धर्म, समाज और राजनीति के क्षेत्रो में सर्वत्र पारस्परिक वैषम्य एवं विभेद का तांडव नृत्य हो रहा था। तत्कालीन संत कवि सारे भारत में भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। गोस्वामी जी उन्हीं संत कवियों में से एक थे, जिन्होंने तत्कालीन परिस्थिति का गहराई से अध्ययन एवं अनुशीलन करके समाज में व्याप्त विषमता एवं वैमनस्य को दूर करने का प्रयत्न किया। गोस्वामी जी ने इस विकृत रूप को दूर करने के लिए समन्वयात्मक बुद्धि से काम लिया। इस समन्वय के लिए तुलसी ने सामाजिक, पारिवारिक, अध्यात्मिक, आर्थिक, राजनैतिक आदि क्षेत्रों को चुना और इनमे समन्वय स्थापित करते हुए जन-जीवन में व्याप्त तत्कालीन घोर अशांति एवं अत्याचार आदि को दूर करने की सफल चेष्टा की। इसीलिए उनका सारा काव्य समन्वय की विराट चेष्टा से ओत-प्रोत कहा जाता है और इसी समन्वयात्मक दृष्टिकोण के कारण ही तुलसीदास जी को 'लोकनायक' कहा जाता है।

तुलसीदास एक विलक्षण प्रतिभा से संपन्न तथा लोकहित एवं समन्वय भाव से युक्त महाकवि थे। भाव चित्रण, चरित्र चित्रण एवं लोकहितकारी आदर्श के चित्रण की दृष्टि से इनकी काव्यात्मक प्रतिभा का उदाहरण संपूर्ण विश्व साहित्य में भी मिलाना दुर्लभ है। गोस्वामीजी ने अपना काव्य स्वान्तः सुखाय लिखा था। उन्होंने इसका स्पष्ट उल्लेख 'रामचरितमानस' के प्रारंभ में किया है। स्वांतः सुखाय तुलसी रघुनाथ गाथा। उनकी 'स्वांतः सुखाय' रचनाएं 'जन-हिताय' थीं। उन्होंने अपने काव्य का सृजन लोकहित के लिए ही किया था। उन्होंने किसी प्राकृत (सांसारिक) जन का गुणगान करने में अपनी प्रतिभा का अपव्यय न करके जन-कल्याण के लिए ही उसे सार्थक किया था। उनके आश्रयदाता कोई लौकिक राजा नहीं वरन् स्वयं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम हैं, जिनके प्रति उनकी अनन्य भक्ति थी। वह भक्ति किसी अर्थ-लाभ अथवा वैभव-लिप्सा के गंध से दूषित न थी।

# आंबेडकर की आड़ में


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

> मालूम हो कि हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय की सात जजों की एक पीठ ने अनुसूचित वर्ग के आरक्षण में उप वर्गीकरण की अनुमति दे दी है। इस निर्णय में कलेवर में न्यायालय ने इस वर्ग की क्रीमीलेयर के पृथकत्व किए जाने को भी इंगित किया है।

केंद्रीय कैबिनेट ने यह पास कर दिया कि अनुसूचित जाति, जन जाति के आरक्षण में मलाईदार पर्त यानी क्रीमी लेयर का कोई ध्यान या परहेज नहीं रखा जाएगा। यानी इस वर्ग के कलेक्टर, कमिश्नर और मिनिस्टर का लड़का उसी तरह आरक्षण पाता रहेगा, जैसे झुग्गी झोपड़ी में रहने वाला दलित और सवर्ण चपरासी के बेटे के लिए नौकरी विशेष के संपूर्ण संवर्ग से काटकर कोई आरक्षण नहीं दिया जाएगा। मालूम हो कि हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय की सात जजों की एक पीठ ने अनुसूचित वर्ग के आरक्षण में उप वर्गीकरण की अनुमति दे दी है। इस निर्णय में कलेवर में न्यायालय ने इस वर्ग की क्रीमीलेयर के पृथकत्व किए जाने को भी इंगित किया है। न्याय की इस सर्वोच्च पीठिका के नैसर्गिक न्यायोचित आदेश को केंद्र सरकार लागू नहीं करने जा रही है।

संप्रति केंद्र में एक मिलीजुली कमजोर सरकार है और अनुसूचित वर्ग के लोकजन शक्ति पार्टी जैसे दल उसके समर्थक हैं। आरक्षण की व्यवस्था से मालामाल ऐसे तत्व इस सुप्रीम निर्णय का विरोध करते हुए सरकार को इसे येन केन प्रकारेण निष्प्रभावी करवाने का दबाव बना रहे हैं। चूंकि सरकार को अपनी कुर्सी बचानी है, अतः झुकना मजबूरी है। आड़ आंबेडकर की ली जा रही है कि उन्होंने, जो संविधान बनाया, उसमें ऐसी व्यवस्था नहीं है। सवाल यह है कि मूल संविधान में तो यह आरक्षण दस साल के लिए ही था। यदि यह विधाता का अमिट लेख है तो बार-बार यह दस वर्षीय कालखंड बढ़ाया क्यों जा रहा है? तब से अब तक बड़ी संख्या में संशोधन क्यों किए गए? इस कथित अमिट आलेख में मोदी ने भी तो संशोधन किए हैं। असली बात यह नहीं है। आंबेडकर तो बहाना है। सरकार को अपना सिंहासन बचाना है। दलितों के वे वर्ग, जो इस आरक्षण का बेहद कम लाभ पा सके हैं, वे अपने हाल पर जिएं। उनकी कोई आवाज़ नहीं है। सवर्ण 'वोटबैंक' के रूप में मतदान नहीं करता, अतः उसकी आवाज कोई नहीं उठा रहा।

ऐसे में सवर्ण युवकों और उन दलितों में क्षोभ की चिंगारी अवश्य उद्भूत होगी, जो इस लाभ से वंचित हैं और सुप्रीम न्यायिक आदेश के बावजूद ठुकराए जा रहे हैं।

# अधिचेतना


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मुझे सही शब्द नहीं मिल रहा है। सोचा कि जातीय चेतना कहूं, लेकिन जातीय जनगणना का जमाना है। आज हमारे देश के लोग ग़लत अर्थ लेने में प्रवीण हैं। सही अर्थ लेना हमारे स्वभाव से तिरोहित हो गया है। सांप जानबूझ कर टेढ़ा थोड़ी न चलता है।

तो मैं उसे अधिचेतना कहूंगा। अपने संस्कारों और संस्कृति से जुड़े होने की चेतना। एक सांस्कृतिक समुदाय का सदस्य होने की अनुभूति।

यह कोई नई बात नहीं है। यहूदी लोग सहस्राब्दी के लिए सारे विश्व में बिखरे रहे, लेकिन उनका यह संज्ञान कभी क्षीण नहीं हुआ कि वे चाहे अमरीकी हों, ब्रिटिश हों, जर्मन हों, पर वे यहूदी हैं। उनमें सब कुछ होने के बावजूद और सबके ऊपर अपने यहूदी होने की अधिचेतना है। राष्ट्रीयता में राजनीतिक पुट है, लेकिन अधिचेतना में संस्कृति का पुट है। यह अधिचेतना कमोवेश हर संस्कृति के लोगों में है।

कार्ल मार्क्स ने वर्ग चेतना की बात की है, लेकिन वह चेतना आर्थिक आधार पर टिकी है। सर्वहारा वर्ग के पास जीने का एक ही संबल है श्रम जो आधे से अधिक शिकंजों में जकड़ा हुआ है। प्रतियोगी वर्ग साधन-संपन्न है, ताकतवर है, उसे राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। सर्वहारा वर्ग में इस चेतना का होना आवश्यक है। इसी तर्ज पर अधिचेतना सांस्कृतिक वर्ग चेतना है।

मुझे इस शब्द की जरूरत क्यों पड़ी? मैं कहना चाहता हूं कि विश्व ही नहीं, भारत के हिंदुओं में भी अधिचेतना बहुत कमजोर हैं। हिंदू समुदाय जात-पात, क्षैत्रीयता, जनतांत्रिकता, धर्मनिरपेक्षता, विश्व बंधुत्व, इत्यादिक भावनाओं से जुड़ा हुआ है जो हिंदू अधिचेतना पर भारी पड़ते हैं।

# साहित्य की कसौटी राजनैतिक मतवाद नहीं, लोकमानस


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> लोकमंगल का साहित्य-सृजन तो दरबारी राग के बूते की बात थी नहीं, वह आलोचना के माध्यम से ही आ सकता था, आया भी। राजनीति ने उसे हजार हाथों से उपकृत किया।

साहित्य स्वभाव से ही लोक का पक्षधर होता है। दरबारी राग भी होता तो है, किंतु वह सत्ता की खुशामद का राग होता है, दरबारियों के लिए पद और पुरस्कार का राग होता है, एक प्रकार से वह लोक के विरुद्ध होता है, वह लोक की सत्ता को विखंडित करता है, विच्छिन्न करता है। लोकजीवन की सहज एकता को तोड़ने वाला होता है। उसके पीछे उसका स्वार्थ छिपा हुआ होता है।

स्वतंत्रता आंदोलन की राजनीति राष्ट्र की एकता के लिए थी, लेकिन स्वतंत्रता के बाद की राजनीति इस एकता के विरुद्ध खड़ी हो गई। उसकी कहानी बहुत लंबी है, लेकिन संक्षेप में उसकी दिशा और गति लोकजीवन की एकता और लोकमंगल के विरुद्ध है, उसकी दिशा केवल और केवल राजसत्ता है। इस राजनीति के साथ साहित्य का दरबारी राग भी बदला और नए-नए रूपों में सिद्धांत बघारने लगा। पद भी पाया और पुरस्कार के तंत्र पर भी अधिकार जमा लिया। विश्वविद्यालयों में ऐसे दरबारी राग का साम्राज्य विस्तार हुआ। लोकजीवन से दूर चला गया, परंतु लोकजीवन से उसे लेना भी क्या था? साहित्य में यह राजनीति का आक्रमण था और इसका प्रवेश आलोचना के माध्यम से हुआ। लोकमंगल का साहित्य सृजन तो दरबारी राग के बूते की बात थी नहीं, वह आलोचना के माध्यम से ही आ सकता था, आया भी। राजनीति ने उसे हजार हाथों से उपकृत किया। उसका दुस्साहस इतना बढ़ा कि वह नित-नित लोक-नमस्कृत महाकवियों को भी फेल-पास करने लगा। हालांकि उसके पास उनके जैसी एक पंक्ति भी लिखने की औकात नहीं थी, जो लोकस्वीकृत हो सके।

उस कठोर जमाने में जब "लोग सीद्यमान सोच बस" थे, जनता के पक्ष में था ही कौन? ये भक्तिकाल के आचार्य मनीषी महाकवि ही तो थे, जिन्होंने लोकजीवन को विश्वास का आधार दिया था। मंगलभवन अमंगल हारी। तुलसीदास के लोटा-सोटा भी चुरा लिए गए थे। उन पर कम आक्रमण हुआ था क्या? तुलसीदास की उन पंक्तियों पर भी नजर डालें -सोचिय विप्र जो वेद न जाना। अथवा दूबर होत नहीं कबहूं पकवान के विप्र मसान के कूकुर।" अथवा विप्र निरच्छर लोलुप कामी। निराचार सठ बृषली स्वामी। अथवा पंडित सोइ जो गाल बजावा।" तुलसीदास ने बादशाही जमाने में कहा-सोचिय नृपति जो नीति न जाना। जेहि न प्रजा प्रिय प्रान समाना। वह शासक निश्चित ही चिंता के योग्य हैं, जिसे अपने देश और प्रदेश की जनता अपने ही प्राणों के समान प्रिय नहीं है। वह शासक अवश्य ही चिंतनीय है, जो नीति को नहीं जानता है, जिसमें नैतिकता नहीं है।

लोग शोध करते रहे थे कि तुलसीदास वर्णवादी हिन्दू थे? लेकिन लोग कभी समाज के निचले स्तर पर उतरे ही नहीं, वह स्वर सुन नहीं सके, जो सारे दायरे तोड़कर लोकजीवन के आंगन में आज भी गूंज रहा है- मंगलभवन अमंगल हारी। आज भी काव्य की उस कसौटी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है -सुरसरि सम सबकर हित होई। शोध का आपका उद्देश्य शत्रुताएं बढ़ाते रहना है? तुम्हारी बगल में बिरादरी का सांप बैठा है। उस जमाने में रहीम ने कह दिया था- रामचरितमानस विमल, संतन जीवन प्रान।/ हिंदुआन कों वेद सम, यवनहिं प्रकट कुरान।

किंतु दुर्भाग्य यह है कि वोट की राजनीति राष्ट्र की लोकचेतना को छिन्न-विच्छिन्न करने के अपने सदाव्रत के लिए रामचरितमानस पर सवाल उठाती है। बहस करना बुद्धिजीवियों का पेशा है, इसके अलावा वे कर भी क्या सकते हैं? परंतु वह उपेक्षा के योग्य हैं, क्योंकि लोकजीवन से उनका कोई नाता-रिश्ता है नहीं, लोकजीवन में उनकी रीझ-बूझ भी कानी कौड़ी बराबर है। रामचरित मानस की कसौटी तो प्रेम है, शबरी और केवट है, निषाद है, वानर जैसी वनवासी जातियां हैं, हां तुम अपने मतलब के लिए नफरत पैदा करते हो, नफरत बढ़ाते हो और देश की राजनीति को गर्त में ले आए हो। लिख लीजिए, यदि समष्टि के सिद्धांत को तिलांजलि दे दी तो प्राकृतिक न्याय या शक्ति का सिद्धांत वोट बैंक की घंटी बजा देगा।

# कर्मयोगी की जीवटता का प्रतीक नयाल मार्ग


प्रदीप वेदवाल
लेखक, नोएडा

हिमालयी सरोकारों के प्रति समर्पित पर्वतपुत्र स्वर्गीय दीवान सिंह नयाल जी की 12 अगस्त को 68 वीं जयंती है। दीवान सिंह नयाल उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा राजनीतिक संगठनकर्ता और इन सबसे ऊपर मानवीय संवेदनाओं से भरपूर निष्काम कर्मयोगी थे। दीवान सिंह नयाल ने दिल्ली जैसे महानगर में अपनी काबिलियत के दम पर अपने आपको स्थापित किया था।

बचपन में ही माता-पिता का साया जिस बालक के सर से उठ जाए, उसे अपने जीवन काल में किन-किन झंझावतों से गुजरना पड़ा होगा इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। ऐसे में इस शख्स ने न केवल दिल्ली में अपने आपको स्थापित किया, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई। दीवान सिंह नयाल से मेरा परिचय उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान कांस्टिट्यूशन क्लब में एक विचार गोष्ठी के दौरान हुआ। समय बीतता गया और नयाल जी से मेरी बातों और मुलाकातों का दौर भी बढ़ता गया। घनिष्ठता बढ़ने के साथ-साथ मैंने उन्हें एक बहुमुखी प्रतिभा वाले पर्वतपुत्र के रूप में देखा, जिसने अपने पुरुषार्थ के दम पर अपनी सफलता की कहानी लिखी। जहां उत्तराखंड राज्य आंदोलन में नयाल जी मुझे एक अग्रिम पंक्ति के सक्रिय आंदोलनकारी के रूप में अपनी ही कांग्रेस सरकार के विरोध में सड़कों पर संघर्ष करते दिखे, तो वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में उत्तराखंडी आबादी बाहुल्य इलाकों में एनएसयूआई के पक्ष में मतदान की अपील करते भी नजर आए।

13 नवंबर 2020 को कोरोना से ग्रस्त होने के कारण दीवान सिंह नयाल जी का निधन हुआ। उनके निधन के पश्चात एमसीडी की पहल पर मौजपुर मेट्रो के पास ही जो मेन रोड विजय पार्क की ओर जाती है, 12 अगस्त 2021 को उनकी जयंती के अवसर पर उसका नामकरण दीवान सिंह नयाल मार्ग किया गया। किसी भी व्यक्ति के नाम पर सड़क का नामकरण करना उस व्यक्ति के जीवन काल की उपलब्धियां का सम्मान करना होता है। समाज के प्रति उनकी उपादेयता क्या थी। विजय पार्क की यह सड़क मुझे साल 1998 में नयाल जी कि याद दिलाती है। मैं सोचता हूं कि हम एक शख्स से शख्सियत बनने और अपने निःस्वार्थ भाव से किए गए कार्यों से एक विचारधारा बन चुके दिवान सिंह नयाल जी के बताएं मार्ग पर चल सकेंगे। अगर हां तो फिर सही मायनो में दीवान सिंह नयाल मार्ग की सार्थकता होगी, उपादेयता मानी जाएगी।

## सार-संक्षेप



मां काली मंदिर परिसर में भंडारे की तैयारी में जुटे मंदिर कमेटी के पदाधिकारी।

### मां काली मंदिर में वार्षिक भंडारा आज

**जसपुर :** जीजीआईसी, जसपुर के पास स्थित मां काली मंदिर में 11 अगस्त को वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भंडारे की तैयारी की।



पीटीए अध्यक्ष बलवीर सिंह कास्वागत करते समर्थक व विद्यालय स्टाफ।

### पीटीए के बलवीर बने अध्यक्ष

**बाजपुर :** राजकीय इंटर कॉलेज बन्नाखेड़ा में शनिवार को बैठक आयोजित कर पीटीए की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से बलवीर सिंह को अध्यक्ष, प्रधानाध्यापक अशोक कुमार कुशवाहा को उपाध्यक्ष, शिव सम्पत लाल शर्मा को सचिव, छोटे लाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।



सैनी धर्मशाला में मरीजों के आंखों की जांच करती चिकित्सीय टीम।

### शिविर में 65 मरीजों की आंखों की जांच

**बाजपुर :** नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी के साप्ताहिक बाजार में स्थित सैनी धर्मशाला में मोहम्मद रफी के नेतृत्व में शनिवार को प्रभु नेत्रालय अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। इसमें आंखों की जांच कर लोगों को उचित परामर्श एवं दवाइयां दी गईं। डॉ. गौरव दत्त ने बताया कि कैंप में 65 मरीज की आंखों की जांच की गई जिसमें 20 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया।



नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### विजय सिंह और राजेंद्र सैनी तहसील उपाध्यक्ष हुए मनोनीत

**काशीपुर :** बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने विजय सिंह और राजेंद्र कुमार सैनी को तहसील उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। शनिवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी व उपसचिव सूरज कुमार ने बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी का विस्तार किया। इस दौरान उन्होंने विजय सिंह व राजेंद्र कुमार सैनी को को मनोनयन पत्र सौंपा।



विदाई पर अभिवादन स्वीकार करते सेवानिवृत हुए प्रधानाचार्य भट्ट।

### महर्षि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**खटीमा :** महर्षि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य उमेश चंद्र भट्ट को आज लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। उन्होंने कहा कि यहां उनकी सबसे लंबी पारी थी और लोगों का भरपूर सहयोग मिला। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हेमचंद कर्नाटक, पुष्पा मेहरा, अनीता भट्ट, मीनाक्षी भट्ट, शैल कुमारी, योगेश जोशी, लक्ष्मण सिंह दिगारी, अंबुज मिश्रा, प्रियंका जोशी, मानवेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।



शिवालिक चिल्ड्रन साइंस फाउंडेशन की प्रयोगात्मक कार्यशाला में शामिल बच्चे।

### शिवालिक चिल्ड्रन साइंस फाउंडेशन की कार्यशाला संपन्न

**खटीमा।** शिवालिक चिल्ड्रन साइंस फाउंडेशन द्वारा प्रयोगात्मक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें छठी से 10वीं के 120 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोहम्मदपुर भुड़िया में हुई कार्यशाला में पाठ्य पुस्तकों से जुड़ी गतिविधियां सम्मलित की गई थीं। शिवालिक टीम के सचिव विनय जोशी ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कौशल विकास करना है। हर्षित सामंत, रामस्वरूप, प्रधानाचार्य विनोद कुमार कटियार, जयशंकर, विक्रम कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम फाउंडेशन के वैज्ञानिक सलाहकार निर्मल न्योलिया एवं सत्यम चौरसिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आह्वान

### जसपुर में भाजपा की बैठक में तैयार की गई रूपरेखा, संगठन को मजबूत बनाने पर दिया गया जोर, कल शाम 4 बजे निकलेगी यात्रा

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक में हर घर तिरंगा अभियान व तिरंगा यात्रा की रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान दोनों कार्यक्रमों को सफल बनाने व संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक शनिवार को सिंगल नर्सिंग होम स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। इसमें स्वतंत्रता दिवस पर पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले हर घर तिरंगा अभियान व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा 12 अगस्त को सायं 4 बजे नगर में निकाली जाने वाली भव्य तिरंगा यात्रा की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक की मुख्य अतिथि काशीपुर की पूर्व मेयर ऊषा चौधरी ने संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। भाजपा नेता पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल ने भी हर घर तिरंगा अभियान तथा तिरंगा यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। संचालन भाजपा नगर महामंत्री अभिषेक चौहान ने किया। इस मौके पर मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमल चौहान, नगर अध्यक्ष राजकुमार चौहान, महामंत्री विशाल कश्यप, अशोक खन्ना, महेश प्रजापति, चौधरी ब्रजवीर सिंह, जुम्मा ठेकेदार, हाजी राशिद हुसैन, सुधीर विश्नोई, हरकेश सिंह राणा आदि मौजूद रहे।



जसपुर में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

#### तिरंगा यात्रा का रूट तय किया

**जसपुर।** भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में 12 अगस्त को नगर में निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा का रूट तय किया गया। इसके अनुसार तिरंगा यात्रा सायं 4 बजे शुरू होगी और कोतवाली रोड, ठाकुर मंदिर, गांधी पार्क, ठाकुरद्वारा प्राइवेट बस स्टैंड, मोहल्ला जोशियान मोहल्ला चौहानान, राजपूत सभा भवन, घासमंडी होली चौक पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज रोड होते हुए सुभाष चौक पर पहुंचकर कर समाप्त हो जाएगी।

## शक्तिफार्म में भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारी

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर नगर पंचायत शक्तिगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।

नगर पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारत के हर घर तिरंगा फहराने के कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं को सफल बनाना है।

इस दौरान कार्यक्रम के लिए रूपरेखा तय की गई। बैठक में विष्णुपद प्रमाणिक, कार्तिक राय, विजय बागला, देबू मंडल, रवि मजूमदार, सुनील विश्वास, संजय बाछाड़, गोपाल रावत, मुकेश रावत आदि मौजूद रहे।



हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर शक्तिगढ़ नगर पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले में सम्मानित होंगी पवित्र राणा

▸▸ 15 अगस्त को उत्तराखंड वासियों को गौरवान्वित करेंगी लखपति दीदी

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** कुछ कर गुजरने की ललक हो तो कोई काम मुश्किल नहीं। इस बात को चरितार्थ करते हुए निकटवर्ती ग्राम की एक साधारण सी गृहणी ने सफल कृषि व्यवसायी बनकर न सिर्फ अपना बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है।

नगर के ग्राम थारू बघौरी निवासी पवित्र राणा ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बलबूते घरेलू महिला से सफल कृषि उद्यमी तक का सफर तय किया है। इस कड़ी मेहनत के बाद उनको लखपति दीदी की उपाधि मिली है। 2015 से लगातार संघर्षशील महिला पवित्र राणा को लखपति दीदी बनने में 9 वर्ष का समय लग गया। शुरुआती दौर में पवित्र राणा की आय सिर्फ 100 रुपये प्रतिमाह थी और अब उनकी आय 15000 प्रतिमाह है। लखपति दीदी बनने के बाद अब उनको स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले में होने वाले सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में लोग कम पढ़े लिखे और बेरोजगार थे। उन्होंने अपने जीवन की तमाम चुनौतियों का सामना कर लखपति दीदी की उपाधि हासिल की। गृहणी से सफल कृषि उद्यमी बनी पवित्र राणा ने अथक मेहनत, समर्पण से यह मुकाम पाया है। उन्होंने कहा कि संयोग से नहीं बल्कि पसंद से उद्यमिता को चुना। केंद्र सरकार की इस योजना के बारे में केंद्र सरकार द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार लखपति दीदी एक स्वयं सहायता समूह की सदस्य होती है, जिसकी वार्षिक घरेलू आय एक लाख रुपये या उससे अधिक होती है। इस आय की गणना कम से कम चार कृषि मौसमों /या व्यवसाय चक्रों के लिए की जाती है, जिसमें औसत मासिक आय दस हजार रुपये से अधिक होती है, ताकि यह टिकाऊ हो सके।



पवित्र राणा।

## करियर काउंसलिंग ड्राइव का आयोजन

**काशीपुर।** सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विजन वे एजुकेशन कंसल्टेंसी द्वारा करियर काउंसलिंग ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में फार्मेसी व नर्सिंग विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में काउंसलर ने छात्र-छात्राओं को बताया कि विदेश में किस तरह फार्मेसी व नर्सिंग कोर्स करने के बाद आप नौकरी पा सकते हैं। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश सिंह चौहान व चेयरमैन गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि छात्रों का फार्मेसी व नर्सिंग शिक्षा के बाद भारत में ही नहीं बल्कि विदेश में भी उज्जवल भविष्य है। इस दौरान संस्थान के अमित सेन, हिमांशु लोहनी, श्रुति करार, मीना, वैशाली, हिमानी, अंजलि, योगेश आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## वित्तीय क्षेत्र में दी गयी नई संभावनाओं की जानकारी

▸▸ ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में हुई एनसीडीईएक्स के तहत कार्यशाला

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में एनसीडीईएक्स के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बीकॉम के छात्र-छात्राओं को वित्तीय क्षेत्र में नई संभावनाओं से अवगत कराया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. नृपेंद्र शर्मा व कॉलेज के चेयरमैन संतोष मेहरोत्रा, सचिव शिवानी मेहरोत्रा व डॉ. मनोज मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. नृपेंद्र शर्मा ने एनसीडीईएक्स की भूमिका और उसके महत्व पर भी प्रकाश डाला।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

## किच्छा में दहेज के लिए दिया तीन तलाक

संवाददाता, किच्छा

**आरोप**

▸▸ पीड़िता ने की दहेज लोभी ससुरालियों पर कार्रवाई की मांग

▸▸ दो साल बाद एक वर्षीय बच्ची सहित घर से निकालने का आरोप

**अमृत विचार :** निकाह के करीब सवा दो साल बाद दहेजलोभी ससुरालियों ने विवाहिता को एक वर्षीय बच्ची सहित घर से मारपीट कर निकाल दिया।

इतना ही नहीं पति पर तीन तलाक देने का भी आरोप है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बाबू अल्वी के साथ पुलभट्टा थाने पहुंची पीड़िता एवं उसके परिजनों ने थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट को ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी है। थाना पुलिस को दी शिकायत में पुलभट्टा थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 18, सिरौली कला निवासी शब्बो पुत्री उस्मान अली ने कहा कि उसका निकाह 28 मार्च 2022 को ग्राम अलसिया भोज, फरीदपुर, थाना बहेड़ी, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी जीशान के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि निकाह के कुछ समय बाद ही पीड़िता के पति जीशान, सास नफीसा बेगम, ससुर इलियास, जेठ भूरा एवं अकील अहमद, जेठानी कमराना एवं नाजमा ने एक राय होकर पीड़िता को कम दहेज लाने का ताना देते हुए उत्पीड़न करना शुरू कर दिया।

आरोप है कि दहेज लोभी ससुरालियों ने मांग पूरी न होने पर तलाक देने तथा पति जीशान का दूसरा निकाह करने की धमकी दी। एक अगस्त को पति जिशान ने माता पिता से एक राय कर पीड़िता को कमरे में बुलाया और दो लाख रुपए नगद की मांग करते हुए कमरे में रखे वाईपर से मारपीट शुरू कर दी और विरोध करने पर एक वर्षीय बच्ची के साथ घर से निकाल दिया। मायके पहुंचने पर पति जीशान ने फोन कर गाली गलौज व अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए तीन तलाक बोलकर रिश्ता खत्म कर लिया। थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि महिला की लिखित शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



एक ओर जहां जसपुर के कई स्थानों पर रात को स्ट्रीट लाइट न जलने से रात को अंधेरा छाया रहता है, वहीं कुछ स्ट्रीट लाइट दिन में भी फिजूल जलती रहती हैं। यह एक प्रकार की राष्ट्रीय हानि है। दिन में स्ट्रीट लाइट जलने का यह दृश्य जसपुर के जीजीआईसी रोड का है। ● सुशील चौहान।




बाजपुर के सेंटमेरी स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स-डे पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

## बच्चों ने ग्रैंड पेरेंट्स-डे मनाया

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परिसर में शनिवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ग्रैंड पेरेंट्स-डे मनाया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर डॉ. शाइनी पाल, मैनेजर सिस्टर मीरा, उपप्रधानाचार्या सिस्टर जोशी ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। इस मौके पर नर्सरी, किंडर गार्डन के बच्चों ने अपने दादी-दादा, नानी-नाना के लिए स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। उनके लिए अनेक प्रकार के खेलों का आयोजन भी किया गया जिसमें ग्रैंडपेरेंट्स ने प्रतिभाग करके अपने बचपन को याद किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी जड़ों से जोड़ना व उनमें मानवीय मूल्यों का विकास करना था, ताकि परिवार और समाज में वरिष्ठ सदस्य उपेक्षा का शिकार ना हो। वरिष्ठ अभिभावक के रूप में जमुना बिसारिया ने विद्यार्थियों द्वारा किए कार्यक्रमों की सराहना की और अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि हम पिछले 60 सालों से विद्यालय से जुड़े हुए हैं। प्रधानाचार्या ने ग्रैंडपेरेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आपने जो विश्वास स्कूल परिवार पर इतने वर्षों से बनाए रखा है, उसके लिए हम आपके आभारी हैं। हम हमेशा प्रयासरत रहेंगे कि आपका यह विश्वास अटूट रहे।

### सत्येंद्र चंद्र गुड़िया लॉ कॉलेज का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**काशीपुर :** सत्येंद्र चंद गुड़िया लॉ कॉलेज में बीबीए एलएल-बी का परीक्षा परीणाम शत प्रतिशत रहा। शनिवार को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि बीबीए एलएल-बी में माही ने 95 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, संजोली रस्तोगी 92.63 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय जबकि अंशिका तिवारी, कशिश, महिमा, विधि अग्रवाल ने 90.82 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। छात्र-छात्राओं की उपलब्धि पर संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया, डॉ. दीपिका गुड़िया, डॉ. नीरज आत्रेय समेत कॉलेज के शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बाइक और ठेले को टक्कर मारने का आरोप

**खटीमा :** पीलीभीत रोड स्थित स्टार कंफेक्शनरी में स्वामी समीन अहमद ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि शुक्रवार रात्रि करीब आठ बजे कुछ ग्राहकों ने बाहर मोटरसाइकिल खड़ी थी। इसी दौरान खटीमा की ओर से तेजी से आ रहा एक कार चालक बाइक सहित ठेले पर टक्कर मारते हुए फरार हो गया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## जीआईसी में उर्वेंद्र बने प्रबंध समिति अध्यक्ष

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज श्रीपुर बिछुआ में अभिभावक व शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। इसमें विद्यालय प्रबंध समिति का गठन किया गया। प्रबंध समिति में उर्वेंद्र सिंह राणा को अध्यक्ष और डॉ. संजय त्रिपाठी को सचिव चुना गया जबकि शिक्षक अभिभावक संघ का अध्यक्ष जीवन सिंह राणा को चुना गया। इस अवसर पर ममता राणा, उषा देवी, रघुवर पांडे, अनार सिंह, अशोक कुमार यादव, गीता आदि मौजूद थे। संचालन प्रमोद सक्सेना ने किया।



खटीमा के जीआईसी श्रीपुर बिछुआ में प्रबंध समिति के गठन पर उपस्थित पदाधिकारी।

# भारी वाहन से टक्कर में गई थी युवक की जान

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत के मामले में नया मोड़

संवाददाता, किच्छा

**जांच**

▸▸ **8 अगस्त को अंबेडकर चौक के निकट बेहोशी की हालत में मिला था युवक, सीसीटीवी फुटेज में हुआ खुलासा**

**अमृत विचारः** तीन दिन पूर्व कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में 25 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस जांच में नया खुलासा हुआ है। पूर्व में माना जा रहा था कि नशे का सेवन करने के चलते युवक की मौत हुई है लेकिन अब जांच में सामने आया कि युवक की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है। फिलहाल युवक की तीन दिन बाद भी कोई पहचान नहीं हो पाई। पुलिस द्वारा लगातार मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि विगत 8 अगस्त की देर शाम अंबेडकर चौक के निकट एक 25 वर्षीय युवक बेहोशी की हालत में मिला था। इसके बाद टेंपो चालक की मदद से युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई। तीन दिन बीतने के बाद भी मृतक की कोई पहचान नहीं हो पाई। दरऊ चौकी प्रभारी दीवान सिंह बिष्ट ने बताया कि मृतक के पास कोई भी दस्तावेज बरामद नहीं हुआ था जिसके चलते उसकी पहचान नहीं हो पाई। बताया कि घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने के बाद पता चला कि युवक रिलायंस पेट्रोल पंप से चौराहे की तरफ आता हुआ दिखाई दे रहा है। सड़क क्रॉस करते समय एक भारी वाहन से टकरा गया। बताया कि फुटेज में वाहन से टकराने के बाद युवक काफी दूर जाकर उछलता हुआ नजर आ रहा है। जिससे प्रतीत हो रहा है कि युवक की मौत सड़क हादसे में हुई है। प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि फिलहाल पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है और मृतक युवक की पहचान के लिए सोशल मीडिया तथा पंपलेट के माध्यम से आसपास के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रचार प्रसार किया गया है। उन्होंने बताया कि युवक की मौत का कारण स्पष्ट हो गया है लेकिन उसकी शिनाख्त का प्रयास जारी है।

## स्कूलों की छुट्टी के विरोध में उतरा अभिभावक संघ

**नैनीताल, अमृत विचार :** नैनीताल में अभिभावक संघ अस्तित्व में आ गया है। शनिवार को निजी होटल में बैठक के दौरान स्कूलों में छात्रों की पढ़ाई में आ रही गिरावट, स्कूलों में हो रही ज्यादा छुट्टी समेत कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। अभिभावकों ने कहा कि स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या गिर रही है। स्कूलों में एक्स्ट्रा एक्टिविटी से शिक्षा का स्तर गिर रहा है। नैनीताल के स्कूलों में अनुमानित 365 दिनों की अपेक्षा 211 दिन छुट्टी रहती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। लिहाजा डीएम से जल्द मुलाकात कर छुट्टियों के विरोध में ज्ञापन दिया जाएगा। साथ ही स्कूल प्रबंधनों से मुलाकात कर स्कूलों को खोलने के दिनों की संख्या बढ़ाने की मांग की जाएगी। बैठक में निवेदिता, शैली, मनीष, पूजा, कविता, मोहिता, ममता, हरिप्रिया, यादवेंद्र, साबिहा, नाहिद, पुरषोत्तम, मोनिका, कुमकुम, नेहा, एकता, अशोक, कृपा और विमला मौजूद रहे।

# बस की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

संवाददाता, खटीमा

**दुखद**

▸▸ **यूपी के बैंक में संविदा चतुर्थ श्रेणी कर्मी था मृतक**

▸▸ **मौत के बाद युवक के परिजनों में मचा है कोहराम**



कमलेश कुमार।

**अमृत विचारः** नेशनल हाइवे पर पहेनियां स्थित टोल प्लाजा के पास हुई सड़क दुर्घटना में मझोला पीलीभीत के पंजाब एंड सिंध बैंक के चतुर्थ श्रेणी संविदाकर्मी की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है।

मझोला जनपद पीलीभीत निवासी कमलेश कुमार (40) पुत्र कांता प्रसाद सेकंड सेटरडे की अवकाश के चलते शाम को अपनी ससुराल नानकमत्ता के लिए बाइक पर देर शाम घर से निकला था। वह टोल के निकट बाईपास तिराहे पर पहुंचा था कि एक निजी बस चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल को नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। बताया जा रहा है कि कमलेश मझोला के पंजाब एंड सिंध बैंक में संविदा पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में काम करता था। मृतक अपने पीछे घर में माता-पिता, पत्नी प्रीति, दो बेटे कार्तिक व गुन्नू को रोता बिलखता छोड़ गया है। घटना के बाद से युवक के घर में कोहराम मचा हुआ है। शव का पोस्टमार्टम रविवार को होगा।



पत्रकार वार्ता करते सपा मुलायम यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव।

## अगस्त क्रांति दिवस पर छात्रों को जागरूक करेगी सपा

बाजपुर : समाजवादी पार्टी मुलायम यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा-निर्देश पर कार्यकर्ता प्रदेशभर में अगस्त क्रांति दिवस के दिन से नौजवान छात्र पीडीए जागरूकता अभियान चलाएंगे। कार्यक्रम के तहत कोचिंग सेंटर, विद्यालय, महाविद्यालय, यूनिवर्सिटी आदि में पहुंचकर प्रदेश में हो रही छात्र विरोधी गतिविधियों को बताते हुए जागरूक करने का काम करेंगे एवं सदस्यता अभियान के माध्यम से पार्टी में नए सदस्य बनाए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य मुद्दे पेपर लीक, समान कोर्स, फीस वृद्धि, रोजगार, आरक्षण, मुफ्त पढ़ाई, रोस्टर प्रणाली, डिजिटल डिवाइड, पुस्तकालयों का निर्माण, नए विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों का निर्माण आदि रहेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड प्रमोद यादव, प्रदेश अध्यक्ष यूथ उत्तराखंड अमित कुमार, राणा गुकीरत सिंह, दबीर रजा आदि मौजूद रहे।

# निबंध लेखन में सांची और हर्षित आए प्रथम

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचारः** साधना स्कूल में निबंध लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य शैलजा शर्मा ने बताया कि स्कूल में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में सांची भारद्वाज ने प्रथम, अथर्व चौहान ने द्वितीय एवं तनिष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में हर्षित ने प्रथम व याचना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में सोनाक्षी कुमारी ने प्रथम, सिमरा सैफी ने द्वितीय व प्रशांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में कनिष्का ने प्रथम, अर्पित कुमार ने द्वितीय एवं अमृता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंध समिति ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक गौरव कुमार, अर्चना राणा व ग्रेसी आदि मौजूद रहे।



जसपुर में आयोजित निबंध व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चे।

# मैथ विजार्ड में वंश प्रथम, काव्या द्वितीय रही

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचारः** प्राथमिक स्तर पर कक्षा 5 के बच्चों में गणित की संख्यात्मकता एवं अंग्रेजी के शब्द कोष की पहचान के उद्देश्य से संकुल स्तरीय मैथ्स विजार्ड एवं स्पैल जीनियस प्रतियोगिता का आयोजन नोडल अधिकारी राजकीय इंटर कालेज बैलपड़ाव मनोज कुमार उप्रेती की अध्यक्षता एवं नवीन चंद्र प्रभारी समन्वयक एनपीआरसी बैलपड़ाव के संचालन में आयोजित हुआ।

उक्त प्रतियोगिता में संकुल बैलपड़ाव के 12 प्राथमिक विद्यालयो के 33 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।



कालाढूंगी में विजेता छात्र को सम्मानित करते अभिभावक व शिक्षक। ● अमृत विचार

मैथ विजार्ड में वंश राजकीय प्राथमिक विद्यालय रतनपुर ने प्रथम एवं काव्या बंदरजूड़ा द्वितीय तथा मयंक सनवाल धनपुर एवं मयंक पवलगढ़ ने सयुंक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्पैल जीनियस में कविता राजकीय प्राथमिक विद्यालय गैबुआ प्रथम, नेहा राजकीय प्राथमिक विद्यालय धनपुर द्वितीय एवं रचना काण्डपाल राजकीय प्राथमिक विद्यालय पवलगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आब्जर्वर परीक्षक के रूप में मैथ विजार्ड का मूल्यांकन रमेश चंद्र भट्ट, उदम सिंह ने किया। स्पैल जीनियस प्रतियोगिता का मूल्यांकन कुलदीप कुमार, कमलेश खेरी ने किया। यहां प्रकाश चन्द्र आर्या, शबीना, सीएस गौतम, सीता रानी, किरन आर्या, अन्नू राजौरिया, शशि वर्मा, उदम सिंह, विद्या महरा, नीलम आर्या आदि का सहयोग रहा।

## मल्लीताल क्षेत्र में डीडीए ने अवैध निर्माण ध्वस्त किया

**नैनीतालः** नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में अवैध निर्माण पर जिला विकास प्राधिकरण ने फिर एक बार कार्रवाई की है। टीम ने मल्लीताल क्षेत्र में हो रहे एक अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया है।

नैनीताल में बरसात की आड़ में लोग इन दिनों जमकर अवैध निर्माण कर रहे हैं। जिसकी प्राधीकरण को भी भनक नहीं लग पा रही है। लेकिन बीते दिनों मल्लीताल में अवैध निर्माण होने की सूचना के बाद टीम क्षेत्र में निरीक्षण के लिए निकल गई थी। जहां प्राधिकरण सचिव ने अवैध निर्माण हटाने की बात कही। लेकिन निर्माणकर्ता की ओर से अवैध निर्माण नहीं हटाया गया। जिसके बाद शनिवार को टीम ने दोबारो क्षेत्र में जाकर हो रहे निर्माण को रोक दिया। प्राधिकरण सचिव विजयनाथ शुक्ल ने बताया कि रूकुट क्षेत्र में मो. शकील के घर के प्रथम तल में अवैध निर्माण होता मिला। इस दौरान टीम ने हो रहे कार्य को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है।

# विद्यार्थियों के लिए अपने भवन में शुरू किया कौशल विकास केंद्र

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** बाल कल्याण समिति द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों हेतु ढिकुली में कौशल विकास केंद्र का शुभारंभ किया गया। बता दें कि बाल कल्याण समिति ढिकुली के अध्यक्ष इंजी. ललित मोहन छिम्वाल ने जन्मदिन पर कौशल विकास केंद्र स्थापना करते हुए सराहनीय पहल की।

उन्होंने अपने नवनिर्मित भवन के हॉल में स्थापित कौशल विकास केंद्र में विद्यार्थियों हेतु कंप्यूटर शिक्षा, योग, गायन, नृत्य, सिलाई, बुनाई, पेंटिंग, संगीत इत्यादि विधाओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था की है। बच्चों के निशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था बाल कल्याण समिति ढिकुली की ओर से की जायेगी। केंद्र का उद्घाटन सेवानिवृत्ति मुख्य शिक्षा अधिकारी मदन राम आर्य, प्रधानाचार्य आसाराम निराला, प्रो. गोविंद सिंह रावत, सेवानिवृत्ति वित्त अधिकारी एनके नैनवाल ने किया। इस मौके पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात बाल कल्याण समिति के सचिव दिनेश चंद्र सिंह रावत ने




रामनगर में कौशल विकास केंद्र का शुभारम्भ करते अतिथि। ● अमृत विचार

इंजीनियर ललित मोहन छिमवाल के प्रयास की सराहना की। बाल कल्याण समिति द्वारा अध्यक्ष ललित मोहन छिमवाल की ओर से आर्थिक रूप से निर्बल पांच मेधावी विद्यार्थियों ज्योति आर्या, सोनिया, कृष्णा अधिकारी, तनुजा कड़ाकोटी एवं योगेश बिष्ट को छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई। 2019 से शुरू इस छात्रवृत्ति में प्रतिमाह 500 रुपये प्रत्येक विद्यार्थी को दिए जाते हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी जगदीश छिमवाल, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर संजय छिमवाल, कोषाध्यक्ष रमेश बिष्ट, उमेश अधिकारी, विनय बलोदी, बलवंत सिंह रावत, अखिलेश मैंदोला, हेम पांडे, कुंदन लाल, चंदन सिंह रावत, नवीन चंद्र कांडपाल, प्रभात सक्सेना, मोहन सिंह, शीतल आर्य रहे। संचालन चंद्र बहादुर सिंह कन्याल ने किया।

## डीएसडब्ल्यू ने किया कुमाऊं विश्वविद्यालय के छात्रावासों का निरीक्षण

**नैनीतालः** डीएसबी परिसर के डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर संजय पंत ने शनिवार को कालेज कैन फील्ड, गौरा देवी एवं केपी बालिका छात्रावासों का निरीक्षण कर छात्रावास में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान डीएसडब्ल्यू ने कार्य संस्था को छात्रावास में चल रहे काम को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। जानकारी देते हुए डीएसडब्ल्यू संजय पंत ने बताया कि छात्र और छात्राओं के हॉस्टल की स्थिति को सुधारने का काम मंडी परिषद के द्वारा किया जा रहा है। अब नए सत्र में कॉलेज में नए छात्र-छात्राओं का प्रवेश हुआ है। ऐसे में हॉस्टल में प्रवेश लेने वाले नए छात्र-छात्राओं को रहने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए निरीक्षण किया गया है। साथ ही कार्य संस्था को जल्द गुणवत्ता युक्त कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान विजिटिंग प्रो. निदेशालय के निदेशक प्रो. ललित तिवारी, सहायक डीएसडब्ल्यू डॉ. गगनदीप, डॉ. मोहन लाल, डॉ. हिमांशु लोहनी, डॉ. संतोष कुमार मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-158

**बाएं से दाएं**

4. जागने की क्रिया

6. 1. राजा का दरबार 2. राजओं का सभागृह।

7. 1. धार्मिक 2. मंगलकारी, शुभ 3. उपयोगी, उपयुक्त 4. समृद्ध 5. प्रसन्न।

9. 1. एक प्रकार का पत्थर या उपकरण जिसपर रगड़कर अस्त्रों आदि की धार तेज़ की जाती है 2. कसौटी नाम का एक पत्थर 3. चार माशे की एक तौल 4. सन के रेशे से बना वस्त्र, भंगरा 5. करपत्र, आरा।

**ऊपर से नीचे**

1. एक घुमंतू तथा ख़ानाबदोश जाति जो लोहे के औज़ार

2. (काव्यशास्त्र) किसी अवस्था विशेष के उत्पन्न होने पर उसके साथ तादात्म्य स्थापित हो जाना, एकात्मता, सामान्यीकरण, व्यापकीकरण।

3. 1. जो अपने में ही खोया रहता हो 2. आत्मकेंद्रित, अंतर्मनस्क।

5. हाथी के माथे पर दोनों ओर के उठे हुए भाग या हाथी के मस्तक का उभार।

8. 1. साधु-संतों के सिर के लंबे-उलझे बाल या जटा 2. कलंगी, शिखा, जूड़ा 3. शेर की गरदन के बाल, अयाल 4. सुअर के बाल 5. कबरी।



### वर्ग पहेली -157 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 क | भी | क | भी | | |
| | | | | 2 सू | 3 म |
| | | | 4 ता | | ज़ा |
| 5 आ | धि | 6 क | र | णि | क |
| कं | | 7 ठ | क | | प |
| पि | | जी | | | सं |
| त | | वी | | 8 ख़ु | द |

### सुडोकू-71

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | 4 | | 2 | |
| 8 | | 6 | | | 3 | 4 | | |
| | | | 8 | 6 | 7 | | | 5 |
| | | | | 9 | | 5 | 8 | |
| | 2 | | 3 | | 6 | | 1 | |
| | 4 | 1 | | 5 | | | | |
| 3 | | | 6 | 7 | 5 | | | |
| | | 5 | 4 | | | 9 | | 7 |
| | 6 | | 1 | | | 2 | | |

### सुडोकू -70 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 9 | 2 | 1 |
| 5 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 1 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 |
| 7 | 4 | 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 5 | 2 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 6 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 5 | 8 | 9 | 6 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 6 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 अगस्त रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 05.44 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष:** आज आपकी आय में वृद्धि होगी। नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ है। समाज में आपको प्रशंसा प्राप्त होगी। साझेदारी में काम करने से लाभ मिलेगा। परिवार में विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है।

**वृष:** आज समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। गूढ़ विषयों का अध्ययन करने में रुचि जागृत होगी। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा। विरोधियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले सकते हैं।

**मिथुन:** आज सामाजिक कार्य में आपका मन लगेगा। छोटे मोटे तनावों को अपने ऊपर हावी न होने दें। विद्यार्थी कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। आपके सलाह से लोगों को लाभ होगा। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रसन्न होंगे।

**कर्क:** आज व्यापार में नया प्रयोग करेंगे। परोपकार में धन खर्च करेंगे। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अपनी क्षमताओं को विकसित करने का प्रयास करें। मित्र आपसे मिलने घर आ सकते हैं।

**सिंह:** आज सरकारी कार्यों में आपको उत्तम लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको उच्च पद सौंपा जा सकता है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक पलों का आनंद उठाएंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय होने की संभावना है।

**कन्या:** आज अति आत्मविश्वास के कारण नुकसान हो सकता है। परिजनों के साथ संवाद बनाकर रखें। जीवन में उन्नति के नए अवसर बनेंगे। दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला:** आज मनोनुकूल काम होने से आप प्रसन्न रहेंगे। कारोबार में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। आपके सहयोगियों की संख्या में वृद्धि होगी। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

**वृश्चिक:** आज आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे। विद्यार्थियों को एकाग्रता में कमी महसूस होगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। निरर्थक कार्यों में समय बर्बाद होगा।

**धनु:** आज अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आय की स्थिति मजबूत रहेगी। परिस्थितियों में धीरे-धीरे सुधार आएगा।

**मकर:** आज काम करने के तरीके में बदलाव ला सकते हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यापारिक उद्देश्य से यात्रा कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार के लोगों को आप काफी समय देंगे। स्वास्थ्य समस्याओं में सुधार होगा।

**कुंभ:** आज उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा कर सकते हैं। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। कोई महत्वपूर्ण काम पूर्ण हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों से ज्यादा बहसबाजी न करें। पुराने मामले उभरने की आशंका है। उधार दिया हुआ धन अटक सकता है।

**मीन:** आज शत्रु पक्ष को कमजोर आंकने की गलती न करें। बच्चों की परेशानियों को समझें। स्वास्थ्य कमजोर रहने वाला है। पेट में जलन महसूस हो सकती है। शाम के समय जीवनसाथी के साथ डिनर के लिए जा सकते हैं। घर में साफ-सफाई का ध्यान रखें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-चित्रा 05.49 तक तत्पश्चात स्वाती।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- मफिया राज — सुबह : 09.00
- घायल वन्स अगेन — रात : 09.00

**&pictures**
- ड्रीम गर्ल — सुबह : 11.14
- डॉक्टर जी — रात : 08.00

**SONY PIX**
- ओलिम्पस हेज फॉलेन — सुबह : 11.37
- 65 — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
- हम आपके हैं कौन — दोपहर : 01.13
- स्कंदा — रात : 08.00

**colors CINEPLEX**
- स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 — सुबह : 11.20
- युद्ध — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लाटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाउंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया। पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा– तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा – मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला – दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

### भाई-बहन के अटूट रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन 19 अगस्त को मनाया जाएगा, बाजारों में दिखने लगी रौनक

# अल्मोड़ा में रंग-बिरंगी राखियों से सजा बाजार

**चंदन, तुलसी, चांदी व मोतियों की राखियों की है खासी डिमांड**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा में रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार रंग बिरंगी राखियों से सजने लगा है। एक से बढ़कर एक राखी बाजार में उपलब्ध हैं। आकर्षक राखियां बच्चों को खूब लुभा रही हैं। महिलाओं के लिए भी आकर्षक राखी आई हैं। त्योहार पर महंगी राखियों की मांग भी है। इनमें चंदन, तुलसी, चांदी, मोतियों की राखी शामिल हैं।

रक्षाबंधन का त्योहार 19 अगस्त को मनाया जाएगा, आठ दिन शेष रह गए हैं। जिसके चलते राखियों का बाजार सजने लगा है। बहनें राखियां खरीदकर दूर रह रहे अपने भाइयों को राखियां भेज रही हैं। बाजार में राखियों की बिक्री शुरू हो गई है। बाजार में दस रुपये से लेकर पांच सौ रुपये तक की राखियां उपलब्ध हैं।

सस्ती राखियों के साथ महंगी राखियों की मांग अधिक है। चंदन, तुलसी, चांदी और मोतियों की राखी की मांग अधिक है। बाजार में विभिन्न आकृति में राखियां उपलब्ध हैं। बहनें भाई की पसंद को ध्यान में रखते हुए राखी खरीद रही हैं। वहीं, इन दिनों बाजार में चहल-पहल देखी जा रही है।



अल्मोड़ा की एक दुकान में राखियों की खरीदारी करतीं बहनें। ● अमृत विचार

### ऐपण वाली राखियों की अधिक डिमांड

व्यापारी आलोक सिंह ने बताया कि इन दिनों बाजार में बहनें अपने भाइयों के लिए राखियां खरीदने के लिए दुकानों में पहुंच रही हैं। उन्हें कुमाऊं की लोककला ऐंपण वाली राखियां पसंद आ रही हैं।

### पोस्ट ऑफिस में भी भीड़

रक्षाबंधन की तिथि नजदीक आते ही डाकघरों में भीड़ बढ़ने लग गई है। स्पीड पोस्ट और अन्य कांउटरों में राखी भेजने वाली बहनों की लाइन देखी जा रही है। वहीं, पोस्ट ऑफिस ने भी विशेष तैयारियां की है। जिससे बहनें दूर दराज रहने वाले अपने भाईयों के लिए राखियां भेज रही हैं।

# नाले में बहे बच्चे का सुराग नहीं

**एसडीआरएफ, एसएसबी व पुलिस के गोताखोर चला रहे सर्च अभियान**

**किरोड़ा नाले में बह गई थी पूर्णागिरि धाम जा रहे यात्रियों की मैक्स**

संवाददाता, टनकपुर



टनकपुर के शारदा नदी में बालक की खोजबीन में जुटा बचाव दल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शुक्रवार को पूर्णागिरि मार्ग के उफनाए किरोड़ा लाने में मैक्स वाहन के साथ बहे 9 वर्षीय मंगल सिंह का सुराग दूसरे दिन भी नहीं लग पाया।

शुक्रवार रात में भी सर्च आपरेशन चलाया गया, लेकिन बच्चे का पता नहीं चल सका। शनिवार को एसएसबी के गोताखोरों को भी सर्च आपरेशन में लगाया गया है। मालूम हो कि शुक्रवार सुबह टनकपुर-पूर्णागिरि मार्ग पर उफान में आए किरोड़ा नाले में एक मैक्स वाहन बह गया था। इस घटना में बलविंदर कौर 14 पुत्री सुखविंदर सिंह, निवासी विजयपुर पकडिया, खटीमा तथा सोना कौर 24 पुत्री मक्खन सिंह, निवासी, रघुलिया खटीमा की मौत हो गई थी। जबकि नौ वर्षीय मंगल सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह, निवासी विजयपुर पकडिया, खटीमा लापता हो गया था। वाहन में सवार छह यात्रियों को टनकपुर अस्पताल में भर्ती करने के बाद रेफर कर दिया गया। लापता बच्चे की तलाश में लगातार सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है। शनिवार को सर्च टीम ने किरोड़ा नाले से लेकर करीब दो किलोमीटर दूर शारदा बैराज तक खोजबीन की। लेकिन बालक का पता नहीं लगा। इधर सीओ शिवराज सिंह राणा ने बताया कि मंगल सिंह की तलाश जारी है। शुक्रवार को हुए हादसे के बाद अब एसपी अजय गणपति के निर्देश पर ककरालीगेट एवं किरोड़ा नाले के पास पुलिस तैनात कर दी गई है।

## सार-संक्षेप

### मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना प्रतियोगिताएं शुरू

**रानीखेत :** मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रद्धानंद खेल मैदान ताड़ीखेत में हुआ। प्रतियोगिता के संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी रोशन लाल टम्टा ने प्रतियोगिताएं शुरू की। ब्लॉक क्रीड़ा समन्वयक डॉ. शिवराज सिंह बिष्ट ने बताया 14 से 23 वर्ष आयु वर्ग में एथलेटिक्स, कबड्डी, हॉकी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, जूडो, बॉक्सिंग, फुटबॉल ,बास्केटबॉल, ताइक्वांडो, कराटे प्रतिभागियों का चयन जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के साथ टीम प्रभारी और अभिभावक भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में चंदन सिंह मेहरा राजीव खाती, मनमोहन देव, अजय चंद, राहुल त्यागी, ममता जोशी, धर्मेश सिंह बोरा, सुनील कुमार, कृतिका जोशी, प्रताप सिंह नेगी, यशोदा कांडपाल, मृदुला कुमारी, भगवती बिष्ट, देवेंद्र राम, शादाब कुंवर पपनै, दिलीप गिरी गोस्वामी आदि रहे।

### अल्मोड़ा में घर-घर तिरंगा फहराएगी भाजपा

**अल्मोड़ा :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की ओर से सांसद कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसमें पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को लेकर चर्चा हुई। शनिवार को आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा पार्टी कार्यकर्ता राष्ट्रीयता का भाव को लेकर नगर मंडल के प्रत्येक बूथ में और घर-घर पहुंच झंडा लगाएंगे। नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू ने कार्यकर्ताओं से अभियान में पूर्ण सहयोग देने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी ने बताया कि पार्टी की तरफ से हर वर्ष की तरह इस बार भी 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर गोष्ठी आयोजित की जाएगी। यहां नगर महामंत्री अर्जुन बिष्ट, रवि रौतेला, रणजीत सिंह भंडारी, देवाशीष नेगी, जगत तिवारी, कृष्ण बहादुर सिंह, अर्जुन बिष्ट, मनोज जोशी, चंदन रावत, सौरव वर्मा, दिनेश मठपाल, आशीष गुरुरानी, अशोक गोस्वामी भीमा पवार, जगमोहन बिष्ट, श्याम पांडे, पंकज जोशी रहे।

### चम्पावत में धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**टनकपुर :** स्वतंत्रता दिवस चम्पावत जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत, महाविद्यालय और आयोजन स्थलों पर नोडल और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। जो यह देखेंगे कि तिरंगा यात्रा या ध्वजारोहण के दौरान फ्लैग कोड ऑफ़ इंडिया 2002 के प्रावधानों का उल्लंघन न हो। उन्होंने बताया कि 12 अगस्त से 14 अगस्त तक जुलूस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूलों, कॉलेज संगठनों और क्षेत्र के लोग इस तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। अमृत सरोवर स्थल पर ध्वजारोहण किया जाएगा तथा राष्ट्रगान गाया जाएगा। ग्रामीणों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी जो पूरे गांव से होते हुए अमृत सरोवर स्थल पर समाप्त होगी।

### हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील

**बनबसा :** शनिवार को मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन किया। इस अवसर पर हर घर तिंरगा अभियान के जिला सह संयोजक व मुख्य वक्ता गोविंद सामंत ने कार्यकर्ताओं से 11 से 16 अगस्त तक चलने वाले कार्यक्रम में हर घर में तिरंगा लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक में प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट, जिला सह संयोजक गोविंद सामंत, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, महिला मौर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता मुरारी, मोनू ठाकुर, हरीश पांडे, एमआर चन्द, संदीप पाठक, सुरेश उप्रेती, प्रेम रावत, मोहन राम आर्या, केसर सिंह खोलिया, जतिन देउपा, बलबीर प्रजापति, सावन चन्द, माधवी धामी, बिमला बिष्ट, उमेश भट्ट, दीपक सक्सेना, भूपेन्द्र बोरा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



अल्मोड़ा देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने डीएम को ज्ञापन सौंपा।

### अल्मोड़ा बाजार में गैस सिलेंडरों के वितरण की मांग

**अल्मोड़ा :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने अल्मोड़ा मुख्य बाजार में गैस सिलेंडरो के वितरण की मांग उठाई है। मामले को लेकर व्यापारियों ने डीएम से मुलाकात कर पूर्व में दिए मांग पत्र पर कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताई। व्यापारियों ने कहा कि लोगों की परेशानी को देखते हुए पूर्व में जिला मुख्यालय की मुख्य बाजार में हर रविवार को गैस सिलेंडरो का वितरण करने की मांग उठाई थी। कहा कि पूर्व में आश्वासन भी दिया गया। लेकिन आश्वासन के तीन माह बीत जाने के बाद भी बाजार क्षेत्र में गैस का वाहन सिलेंडरो वितरण को नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में अब भी लोगों को गैस सिलेंडर के लिए माल रोड की दौड़ लगानी पड़ रही है। इससे लोग परेशान हैं। वहीं व्यापारी वर्ग भी ठगा महसूस कर रहा है। व्यापारियों ने शीघ्र ही मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग उठाई। यहां जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार, प्रमोद पवार, दीप चंद्र जोशी, हिमांशु कांडपाल, वंदना वर्मा, मनु गुप्ता, हिमांशु बिष्ट, दीपक जोशी, आनंद सिंह भोज, गणेश जोशी आदि मौजूद रहे।

### नहीं रहे 1971 के योद्धा कै. शेर गिरी



कैप्टन शेर गिरी।

**लोहाघाट/चम्पावत :** नगर से लगे पाटन गांव के प्रेमनगर निवासी एवं वर्ष 1971 में पूर्वी बांग्लादेश को पाकिस्तान से मुक्त करने की लड़ाई में भारतीय सेना की ओर से शामिल योद्धा कै. शेर गिरी का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। शनिवार की सुबह उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनकी पार्थिव देह को रामेश्वर में समाधि दी गई। उनके ज्येष्ठ पुत्र कैलाश गिरी व कनिष्ठ पुत्र सुंदर गिरी ने उन्हें समाधिस्त किया। सेवानिवृत्त होने के बाद से ही स्व. गिरी सामाजिक सरोकारों में हिस्सा लेते रहे। उनके निधन पर सांसद अजय टम्टा, विधायक खुशाल सिंह अधिकारी, पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, कै. पीएस देव, कै. राजेंद्र सिंह देव, कै. चंद्रबल्लभ बिष्ट, हरीश अधिकारी, गणेश चौथिया, भूपेश देव, हयात सिंह, मोहन पाटनी, कैलाश अधिकारी, ईश्वर नाथ, कल्याण नाथ, रिंकू अधिकारी, दिनेश नाथ, अमरनाथ, पुष्कर नाथ, त्रिलोक गिरी, मोहन जोशी आदि ने गहरा शोक जताया है।

# बागेश्वर में चिकित्सा व्यवस्था बदहाल होने पर भड़के कांग्रेसी, पुतला फूंका

### कार्यकर्ताओं ने सरकारी अस्पतालों में हावी दलाली प्रथा को समाप्त करने की मांग उठाई

संवाददाता, बागेश्वर




बागेश्वर में जनप्रतिनिधियों का पुतला फूंकते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जनपद में स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल होने पर रोष जताते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसबीआई तिराहे पर जनप्रतिनिधियों का पुतला फूंका। कहा कि आम आदमी को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल रही है तथा भाजपा नेता इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

कांग्रेस के जिला महामंत्री संगठन कवि जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता एसबीआई तिराहे पर एकत्र हुए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में दवाइयां नहीं मिल रही हैं। गरीब जनता को दवाइयां, रक्त परीक्षण आदि के लिए बाहर भेजा जा रहा है। गर्भवती महिलाओं को भी बाहर से जांच कराने के लिए मजबूर किया जा रहा है। कहा कि कुछ चिकित्सक सरकारी अस्पताल की जांच व दवाइयां को गलत बताकर मरीजों को बाहर से दवा खरीदने को मजबूर कर रहे हैं। बागेश्वर के अस्पताल रेफर सेंटर बन कर रह गए हैं। अस्पताल में सफाई, पेयजल, खाने की व्यवस्था खराब है। कहा कि बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते गत दिनों गरुड़ की महिला की मौत हो गई। वक्ताओं ने कहा कि मंडलसेरा में बने ट्रांजिट हॉस्टल का कोई सुध लेवा नहीं है। कहा कि यदि जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी तथा जनप्रतिनिधियों के पुतलों की शव यात्रा निकाली जएगी। इस दौरान गोकुल परिहार, कमलेश गड़िया, राहुल कुमार, कुंदन गोस्वामी, रिजवान खान, जुनेद, जयदीप कुमार, संस्कार भारती, अज्जू, पंकज कुमार, प्रेम दानू, राहुल बाराकोटी, फिरोज खान, उमेश उपाध्याय, पंकज पपोला, चंदन कोरंगा आदि उपस्थित थे।

## नगर में जाम ने बढ़ाई मुश्किलें, लोग परेशान

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** नगर में बढ़ते जाम से राहत दिलाने के कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। विभिन्न सड़कों में यातायात के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है इसके बाद भी पुलिस इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। नगर में शनिवार को दिन भर जाम की स्थिति रही।

गोमती पुल, माल रोड, पिंडारी रोड व अस्पताल रोड में जाम की स्थिति रही। जिससे पैदल चलने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर दुकानों के आगे कुछ लोगों ने दोनों ओर आड़ी तिरछी बाइक रखने से भी जाम को बढ़ावा मिला जबकि कई वाहन चालक ओवर टेक करते हुए अपनी लाइन को छोड़कर वाहन दौड़ाने का प्रयास करते दिखे जिससे जाम बढ़ता रहा तथा यातायात पुलिस समेत राहगीर भी परेशान रहे। कई वाहन चालक इसके लिए पुलिस का ढीलापन करार देते हुए पुलिस को कोसते दिखे कहा कि जाम के दौरान ओवर टेक करने, सड़कों पर आड़ी तिरछी बाइक खड़ी करने वालों के खिलाफ पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए। इधर प्रभारी यातायात निरीक्षक जीवन सामंत ने कहा कि यातायात व्यवस्था सुधारने को कई चालान किए जा रहे हैं।

### शावकों के साथ गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत

**बनबसा :** बीती रात्रि ग्राम सभा बमनपुरी की सीमा से लगे जंगल के किनारे गुलदार के अपने शावकों के साथ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत है। ग्राम प्रधान भावना नेगी का कहना है कि बीती रात उनके सूचित करने पर वन विभाग के कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंच गए उनके शोर मचाने पर मादा गुलदार अपने शावकों के साथ जंगल में चली गई। ग्राम प्रधान ने बताया कि उन्होंने पूर्व में भी वन विभाग से पत्र भेजकर गुलदार के आतंक से बचाव हेतु सोलर फेंसिंग की मांग की थी किंतु वन विभाग द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पूर्व में भी कई बार जंगली जानवर ग्रामीणों के पालतू जानवरों को अपना निवाला बन चुके हैं। साथ ही ग्रामीणों पर जानलेवा हमला कर चुके हैं। आए दिन गुलजार के गांव के जंगल की सीमा पर दिखाई देने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्राम प्रधान भावना नेगी ने चेतावनी देते हुए कहा कि वन विभाग द्वारा जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वह ग्रामीणों को साथ लेकर वन विभाग के खिलाफ आंदोलन करेंगी।

# अल्मोड़ा में महिला ने फांसी लगाकर जान दी

**नगर के दुगालखोला निवासी थी 42 वर्षीय महिला**

**अपने ही रेस्टोरेंट की छत में बने टीन शेड में लगाई फांसी**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** नगर के दुगालखोला निवासी एक महिला ने घर के पास ही रेस्टोरेंट की छत पर बने टीन शेड में फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर मौके पर पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मिली जानकारी अनुसार 42 वर्षीय सुनीता बिष्ट पत्नी गणेश बिष्ट शुक्रवार शाम बच्चों के साथ अपने कमरे में थी। रात करीब 10 बजे सुनीता कुछ सामान लेने की बात कहकर घर के पास ही अपने रेस्टोरेंट में चली गई। काफी देर बाद भी वापस नहीं लौटी तो परिजन रेस्टोरेंट में पहुंचे। जहां महिला टीन शेड में लोहे के ऐंगल में फांसी के फंदे में झूलती मिली। आनन-फानन में परिजन महिला को लेकर अस्पताल पहुंचे।

जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। एसएसआई सतीश चंद्र कापड़ी ने बताया कि मौत के असल कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## सीईओ को जान की धमकी, मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा।** प्रशासन की टीम के साथ नगर स्थित एक सरकारी विद्यालय से अतिक्रमण हटाने गए मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। सीईओ की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक अत्रेश सयाना ने पुलिस में तहरीर दी। बताया कि शुक्रवार को डीएम के निर्देश पर प्रशासन और शिक्षा विभाग की टीम के साथ अतिक्रमण हटाने राप्रावि कृष्णदास साह पहुंचे। अतिक्रमण हटाने के दौरान एक व्यक्ति कैलाश चंद्र अपनी पत्नी के साथ वहां पहुंचा। आरोपी कैलाश चंद्र ने पुलिस और राजस्व टीम के साथ अन्य मौजूद कर्मचारियों के सामने अभ्रदता शुरू कर दी। आरोप लगाया कि आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

# चोरी में दो नेपाली युवक दबोचे

**पुलिस ने डोलीडाना के जंगल से किया गिरफ्तार, चोरी का सामान भी बरामद**

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा पुलिस की गिरफ्त में चोरी करने के आरोपी।

### यह सामान किया बरामद

30 जोड़ी चांदी के पायल, एक मोबाइल फोन, एक इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, एक पर्स, एक आलानकब, एक टार्च, पेंचकस, लोहे का पंच आदि बरामद किया है।

**अमृत विचारः** नगर में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो नेपाली मूल के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने ज्वेलरी शॉप से चोरी किया सामान भी बरामद किया है। बीते दिनों अल्मोड़ा जिला मुख्यालय में दुकान और घरों में एक के बाद एक चोरी की घटनाओं ने लोगों की नींद उड़ी दी थी।

चोर दुकानों और मंदिरों को निशाना बना रहे थे। इससे लोगों में खौफ था। वहीं, पुलिस की मुस्तैदी पर भी लगातार सवाल उठ रहे थे। चोरी की घटनाओं का खुलासा करने के लिए एसएसपी देवेंद्र पींचा ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। सीओ सदर विमल प्रसाद और प्रभारी एसओजी को टीम गठित कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया। एसएसपी के निर्देश पर गठित टीम ने 150 से अधिक सीसीटीवी खंगाले। आखिरकार शनिवार को पुलिस ने चोरी के आरोपी अशोक पुन (24) पुत्र चन्द्र पुन और अविरल पुन (19) पुत्र गोरा पुन, दोनों निवासी ग्राम पामसा वार्ड नंबर 14 उदानपुरी गांव पालिका जिला हुमला नेपाल डोलीडाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। एसएसआई सतीश चंद्र कापड़ी, भुवन चंद्र जोशी, सुनील सिंह बिष्ट, संतोष तिवारी, देवेंद्र सिंह नेगी, कुंदन सिंह रौतेला, हर्षपाल सिंह, आसिफ हुसैन, किशोर कुमार, खुशाल राम, सुंदर लाल, विनोद कुमार आदि शामिल रहे।

## टनकपुर में होगा जिला स्तरीय ट्रायल

**टनकपुरः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर खेल विभाग द्वारा जिले में मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। चम्पावत के प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि योजना के तहत ब्लाक एवं नगर पालिका स्तर से चयनित जिले के 14 से 23 आयु वर्ग के महिला व पुरुष खिलाडियों का जिला स्तरीय ट्रायल 12 अगस्त से 14 अगस्त तक स्पोर्ट्स स्टेडियम टनकपुर में किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ट्रायल सुबह नौ बजे से शुरू होंगे। उन्होंने जिला स्तरीय ट्रायल के लिए चयनित सभी खिलाडियों से अपने-अपने खेलों के अनुसार समय पर मैदान में पहुंचने की अपील की है। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने पर जिला स्तरीय ट्रायल की तिथियों में बदलाव किया जा सकता है, जिसकी सूचना खिलाडियों को दे दी जाएगी।

# फिर शान बढ़ाएंगीं कलाकृतियां

**देहरादून में 'निनाद' प्रदर्शनी को भेजी कलाकृतियों को वापस संग्रहालय में लाया गया**

संवाददाता, अल्मोड़ा



राजकीय संग्रहालय में रखी पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक महत्व की मूल कलाकृतियां।

**अमृत विचारः** पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक महत्व की मूल कलाकृतियां एक बार फिर अल्मोड़ा जीबी पंत राजकीय संग्रहालय की शान बढ़ाएंगी। एक साल पूर्व देहरादून में 'निनाद' प्रदर्शनी को भेजी गई कलाकृतियों को वापस संग्रहालय पहुंचा दिया गया है।

राजकीय संग्रहालय के प्रभारी निदेशक डॉ. सीएस चौहान ने बताया कि बीते वर्ष जुलाई में कलाकृतियां हिमालयन सांस्कृतिक कला केंद्र, गढ़ी कैंट देहरादून में 'निनाद' प्रदर्शनी को भेजी गई थी। उन्होंने बताया कि बीते एक साल में इन कलाकृतियों को हिमालयन सांस्कृतिक, गढ़ी केंट, देहरादून में प्रदर्शित किया गया। जिससे वहां पहुंचने वाले पर्यटकों को कुमाऊं के इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व जानकारी मिल सके।

इसके बाद संस्कृति विभाग की तरफ से इन कलाकृतियों की अनुकृति निर्माण कर निर्माणाधीन संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया। बताया कि संग्रहालय की मूल प्रदर्शित कलाकृतियों की फिजिकल एवं साल्वेंट क्लीनिंग, क्रोमेटिक इंटीग्रेशन एवं अनुकृति निर्माण कर सभी कलाकृतियां मूल रूप में संग्रहालय अल्मोड़ा को वापस कर दी गई हैं।

उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन मल्ला महल संग्रहालय तैयार होने के बाद इन कृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद की ओर से टनकपुर व बनबसा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में भारत को जानो विषय पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। परिषद के अध्यक्ष राजीव कुमार आर्या की देखरेख में 13 विद्यालयों के 1128 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रतियोगिता में विद्यालय के शिक्षकों के साथ ही परिषद के सदस्यों ने सहयोग किया। संयोजक अंकुर टंडन रहे। परिषद के अध्यक्ष राजीव आर्या ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को अपने देश के बारे में जानकारी देना एवं उन्हें प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयार करना है। यहां अतुल शारदा, कौशल तिवारी, सत्य प्रकाश गुप्ता, राजीव अग्रवाल, संजय अग्रवाल, भुवन चंद्र जोशी, वैभव अग्रवाल, संजय कुमार गर्ग, मनुश्रवा आर्य, विनय अग्रवाल रहे।

### लोहाघाट टाउन पंपिंग पेयजल योजना को मिली स्वीकृति

**टनकपुर :** लोहाघाट की टाउन पंपिंग पेयजल योजना को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शासन से प्राप्त हो गई है। जानकारी देते हुए जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने बताया कि शासन द्वारा लोहाघाट टाउन पंपिंग पेयजल योजना के लिए 114.78 लाख (1 करोड़ 14 लाख 78 हजार) की धनराशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किस्त के रूप में 68.87 लाख की धनराशि स्वीकृति की गई है। डीएम ने बताया कि स्वीकृत धनराशि से मदानुसार गुणवत्ता पूर्ण कार्य किया जाएगा।

# क्रीमी लेयर मामला: संसद के जरिए करना चाहिए था रद

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एससी/एसटी के अंदर उप-वर्गीकरण संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के प्रति विरोध जताया

नई दिल्ली, एजेंसी



- भाजपा पर कांग्रेस नेता ने आरक्षण खत्म करने के प्रयास का आरोप लगाया
- कांग्रेस अध्यक्ष बोले- जब तक छुआछूत है, तब तक आरक्षण रहना चाहिए

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अंदर उप-वर्गीकरण और क्रीमी लेयर संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के प्रति विरोध जताते हुए शनिवार को कहा कि सरकार को यह निर्णय आते ही इसे संसद के माध्यम से निरस्त करना चाहिए था। उन्होंने भाजपा पर आरक्षण खत्म करने के प्रयास का आरोप लगाया और कहा कि किसी को क्रीमी लेयर के फैसले को मान्यता नहीं देना चाहिए तथा जब तक छुआछूत है, तब तक आरक्षण रहना चाहिए।

खरगे ने कहा कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के सात न्यायाधीशों ने फैसला दिया है, जिसमें उन्होंने एससी-एसटी वर्ग के उप-वर्गीकरण के साथ ही क्रीमी लेयर की भी बात की है। भारत में दलित समुदाय के लिए आरक्षण बाबासाहेब के पूना पैक्ट से मिला था। बाद में पंडित जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी ने आरक्षण नीति को जारी रखा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक आरक्षण के साथ ही शिक्षा और रोजगार में भी आरक्षण जरूरी था, लेकिन अब एससी-एसटी को क्रीमी लेयर कहकर आरक्षण से निकालना, उनके ऊपर प्रहार है।

खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा का इरादा आरक्षण खत्म करने का है। उन्होंने कहा कि आज सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को निजी हाथों में सौंपकर सरकारी नौकरी और आरक्षण खत्म किया जा रहा है। एक तरफ देश में लाखों सरकारी नौकरियां हैं, जिनमें भर्तियां नहीं की जा रही हैं, दूसरी तरफ आप क्रीमी लेयर लाकर दलित समाज को कुचल रहे हैं। मैं इसका विरोध करता हूं। कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार, एसटी-एसटी का जो मुद्दा उठा है, उसमें दलितों-वंचितों के बारे में नहीं सोचा गया। उन्होंने कहा कि जब तक देश में छुआछूत है, तब तक आरक्षण रहना चाहिए और रहेगा। उसके लिए हम लड़ते रहेंगे। मेरी अपील है कि सभी मिलकर इस फैसले को मान्यता न दें।

### केंद्र सरकार के निर्देशों में राष्ट्रीय आपदा जैसी कोई अवधारणा नहीं

- राहुल गांधी भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की कर रहे हैं मांग

**नई दिल्ली।** सरकारी सूत्रों ने कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के मंत्री द्वारा 2013 में संसद में दिए जवाब का हवाला देते हुए शनिवार को इस बात पर बल दिया कि केंद्र सरकार के निर्देशों में राष्ट्रीय आपदा जैसी कोई अवधारणा मौजूद नहीं है। यह स्पष्टीकरण ऐसे वक्त में आया है जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा अन्य नेता केरल के वायनाड में हुए भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग कर रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि तत्कालीन गृह राज्य मंत्री एवं केरल से कांग्रेस सांसद मुल्लापल्ली रामचंद्रन ने 2013 में लोकसभा में कहा था कि प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का कोई प्रावधान नहीं है। उत्तर में कहा गया था कि भारत सरकार कई स्थितियों के आधार पर यह तय करती है कि आपदा की प्रकृति क्या है जिसमें इसकी तीव्रता, राहत सहायता का स्तर, समस्या से निपटने में राज्य सरकार की क्षमता और सहायता तथा राहत प्रदान करने के लिए योजना में उपलब्ध विकल्प आदि को ध्यान में रखा जाता है। प्राकृतिक आपदा के संदर्भ में राहत और सहायता देना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा था कि तो कोई मानदंड नहीं है। गंभीर प्रकृति आपदा के लिए, स्थापित प्रक्रिया का पालन करने के बाद एनडीआरएफ से अतिरिक्त सहायता पर भी विचार किया जाता है।

# नकली देशभक्त हैं कांग्रेस नेता समाज को चाहते हैं बांटना : नड्डा

राजकोट, एजेंसी



- भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस पर साधा निशान, सरदार पटेल के योगदान की उपेक्षा करने का लगाया आरोप

भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसके नेताओं को नकली देशभक्त बताया और उन पर समाज को बांटने तथा केवल एक परिवार की चिंता करने का आरोप लगाया। गुजरात के राजकोट में भाजपा की तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले सभा में नड्डा ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा।

नड्डा ने कहा कि संकीर्ण और छोटी सोच वाले लोगों ने भारत जोड़ो यात्रा के जरिए भारत को एकजुट करने में सरदार पटेल के योगदान की उपेक्षा की। नड्डा ने कांग्रेस पर चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु और नेताजी सुभाष चंद्र बोस सहित अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आज तक एक भी कांग्रेस नेता लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्प अर्पित करने नहीं गया, जिन्होंने 562 रियासतों को एक साथ लाकर इस भारत का निर्माण किया था। नड्डा ने कहा कि ऐसी संकीर्ण सोच और छोटी सोच वाले ये लोग भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से भारत को जोड़ने में लगे हैं। आइए भारत को एकजुट करने वाले को नमन कीजिए। कभी गुजरात और केवडिया आइए और लौह पुरुष सरदार पटेल को पुष्प अर्पित कीजिए, जिन्होंने देश का एकीकरण किया।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ : हाथी के हमले में चार लोगों की मौत

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में जंगली हाथी के हमले में एक ही परिवार के तीन सदस्यों समेत चार लोगों की मौत हो गई। बगीचा गांव में जंगली हाथी के हमले में रामकेश्वर सोनी (35), उसकी बेटी रवीता सोनी (नौ), भाई अजय सोनी (25) और पड़ोसी अश्विन कुजूर (28) की मौत हो गई। शुक्रवार रात जंगली हाथी ने बगीचा गांव में हमला किया और रामकेश्वर और उसकी बेटी रवीता को मार डाला। दोनों की चीख सुनकर अजय व अश्विन वहां पहुंचे, हाथी ने उनको भी कुचल दिया।

### शेयर कारोबार का झांसा देकर 65 लाख ठगे

**ठाणे।** महाराष्ट्र में नवी मुंबई के कलामबोली में तीन लोगों ने शेयर कारोबार में अच्छे लाभ का झांसा देकर एक व्यक्ति से 65 लाख रुपये ठग लिये। नवी मुंबई के साइबर थाने के वरिष्ठ निरीक्षक गजानन कदम ने बताया कि मामले में एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### दुर्घटना में सिपाही की मौत, एएसपी घायल

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शनिवार को एक खड़े वाहन को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपमंडल अधिकारी (एसडीओपी) शेखर दुबे ने बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर घाटीगांव में सुबह करीब तीन बजे हुई।

## सुप्रीम कोर्ट में कविता की जमानत पर कल सुनवाई

आबकारी नीति मामला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बीआरएस नेता के. कविता की कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर 12 अगस्त (कल) को सुनवाई करेगा। हाईकोर्ट ने एक जुलाई को दोनों मामलों में कविता की जमानत याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि बीआरएस नेता दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 (अब रद्द कर दी गई) को बनाने और उसे लागू करने से संबंधित आपराधिक साजिश में प्रथम दृष्टया मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक हैं। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड 12 अगस्त की वाद सूची के मुताबिक, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

## गडकरी ने पंजाब सरकार से कहा- व्यवस्था सुधारें नहीं तो बंद कर देंगे परियोजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- मुख्यमंत्री मान को केंद्रीय मंत्री ने लिखा पत्र आठ परियोजनाओं की लागत 14,288 करोड़

पंजाब में अगर कानून-व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो एनएचएआई के पास राज्य की आठ राजमार्ग परियोजनाओं को रद या बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को लिखे पत्र में यह चेतावनी दी है। इस परियोजनाओं की कुल लंबाई 293 किलोमीटर है और लागत 14,288 करोड़ है।

गडकरी ने कहा कि उन्हें दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं पर हाल में हुई दो घटनाओं की जानकारी दी गई है। उन्होंने नौ अगस्त को लिखे पत्र में कहा कि जालंधर जिले में एक घटना में ठेकेदार के इंजीनियर पर बेरहमी से हमला किया गया। हालांकि, एफआईआर दर्ज हुई है, लेकिन अपराधियों पर कार्रवाई की जरूरत है। मंत्री ने लुधियाना में एक और घटना की ओर इशारा किया, जहां दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे के ठेकेदार के परियोजना कैंप पर उपद्रवियों ने हमला किया और इंजीनियरों को धमकी दी। इस घटना में एनएचएआई अधिकारियों के लिखित अनुरोध के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं हुआ। गडकरी ने कहा कि यदि स्थिति में सुधार नहीं होता है, तो 14,288 करोड़ की लागत वाली आठ परियोजनाओं को बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।

## लोगों को तानाशाही के खिलाफ लड़ना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी



- सिसोदिया ने कहा- ये लोग संविधान से ज्यादा ताकतवर नहीं
- सिसोदिया को आबकारी नीति मामले में कल मिली है जमानत

आप नेता मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कार्यकर्ताओं और लोगों से तानाशाही के खिलाफ लड़ने का आह्वान किया। दिल्ली आबकारी नीति मामले में सिसोदिया को कल सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है। सिसोदिया ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग संविधान से ज्यादा ताकतवर नहीं हैं।

सिसोदिया ने पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं से कहा कि हर व्यक्ति को इस तानाशाही के खिलाफ लड़ना होगा जो न केवल नेताओं को जेल में डाल रही है बल्कि नागरिकों को भी परेशान कर रही है। आप नेता ने दावा किया कि जब वह जेल में थे तो उन्हें जमानत मिलने की चिंता नहीं थी लेकिन उन्हें यह देखकर पीड़ा हुई कि व्यापारियों को फर्जी मामलों में सलाखों के पीछे डाला दिया गया है वो भी सिर्फ इसलिए कि उन्होंने भाजपा को चंदा नहीं दिया। सिसोदिया ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जिक्र किया और उन्हें देश में ईमानदारी का प्रतीक करार दिया। केजरीवाल भी इसी मामले में तिहाड़ जेल में है। सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल के काम को बदनाम करने की साजिशें रची जा रही हैं और अगर विपक्ष के नेता इस तानाशाही के खिलाफ एकजुट हो जाएं तो केजरीवाल 24 घंटे में जेल से बाहर आ जाएंगे। सिसोदिया ने कहा कि कल सुप्रीम कोर्ट ने संविधान की शक्ति का इस्तेमाल कर तानाशाही को कुचल दिया। उन्हें उम्मीद थी कि सात-आठ महीने में न्याय मिल जाएगा लेकिन 17 महीने लग गए, अंततः सत्य की जीत हुई।

## 50,000 से अधिक वार्षिक आय वालों को नहीं मिलेगा मुफ्त पानी

शिमला, एजेंसी

हिमाचल सरकार का फैसला

- ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 100 रुपये का करना होगा भुगतान

हिमाचल के ग्रामीण क्षेत्रों में अब सभी लोगों को मुफ्त पानी की सुविधा नहीं मिलेगी। राज्य सरकार के नए फैसले के तहत 50,000 रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 100 रुपये का भुगतान करना होगा। इसके अलावा, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी किलोलीटर के हिसाब से भुगतान करना होगा।

मंत्रिमंडल ने राजस्व बढ़ाने और रियायतों में कमी करने के लिए यह निर्णय लिया। इसके साथ होटल और होम-स्टे जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जलापूर्ति के लिए बिल जारी करने का भी निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा कि पचास हजार रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले घरेलू उपभोक्ताओं को पानी के बिल के तौर पर 100 रुपये प्रतिमाह का भुगतान करना होगा, जबकि होटल जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से प्रति किलोलीटर के हिसाब से शुल्क लिया जाएगा तथा इस राशि का उपयोग पेयजल की गुणवत्ता सुधारने में होगा। हालांकि, विधवाओं, निराश्रितों, अकेली महिला, दिव्यांगों और अन्य कमजोर वर्गों सहित कुछ वंचित वर्गों के लिए मुफ्त पानी की सुविधा जारी रहेगी।

## लंबित मामलों के निदान को अदालतों में बुनियादी ढांचा मजबूत करने की जरूरत : सीजेआई

चंडीगढ़, एजेंसी



- मुकदमों की संख्या कम करने के लिए लोक अदालत जैसे माध्यम अपनाए जाएं

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने लंबित मामलों से निपटने के लिए अदालतों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर शनिवार को जोर दिया। मुकदमों की संख्या कम करने के लिए लोक अदालत जैसे माध्यम अपनाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए अदालती फैसलों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने को लेकर कृत्रिम मेधा (एआई) जैसी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीजेआई यहां स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर) के 37वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। लंबित मुकदमों के बारे में पूछे गए एक सवाल पर प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि अस्पतालों की तरह लोगों का अदालतों पर भी विश्वास है, जो मामलों की संख्या में वृद्धि का एक कारण है।

सीजेआई ने कहा कि अगर आप अस्पताल को देखें तो मरीजों की संख्या बढ़ती रहती है, इसी तरह अदालतों में भी मामलों की संख्या बढ़ती है। इसके पीछे क्या कारण है? लोगों का अस्पतालों पर विश्वास होता है, इसलिए मरीजों की संख्या बढ़ती है। लोगों का अदालतों पर भरोसा होता है, इसलिए संख्या बढ़ती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें बुनियादी ढांचे को बढ़ाना होगा।

### सेप्टिक टैंक के लिए बने गड्ढे में डूबने से तीन नाबालिग बहनों की मौत

- मु गड्ढे में भरा था बारिश का पानी, तीनों की उम्र 6,7,9 वर्ष थी

**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में बारिश के पानी से भरे एक निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में तीन नाबालिग बहनें डूब गईं, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह घटना शुक्रवार को गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के तमारा गांव में हुई। मृतकों में जाह्नवी (6), तन्वी (7) और सुहानी (9) है। गोविंदगढ़ थाना प्रभारी शिव अग्रवाल ने बताया कि तीनों बहनें शाम को नाग पंचमी के अवसर पर मिट्टी की मूर्तियों को जलाशय में विसर्जित करने के लिए घर से निकली थीं। पास में ही सेप्टिक टैंक बनाने के लिए गड्ढा खोदा गया था, जिसमें बारिश का पानी भरा था। तीनों उसमें गिर गईं और डूबने से उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों को जब इस घटना के बारे में पता चला, तो वे मौके पर पहुंचे और तीनों बहनों को पानी से निकाला, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।

# कारोबार/कृषि

## एक नजर

### सबसे बड़ी तैरती सौर परियोजना मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में चालू

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में 90 मेगावाट बिजली पैदा करने वाली मध्य और उत्तर भारत की सबसे बड़ी तैरती सौर परियोजना चालू हो गई है। राज्य के नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि 646 करोड़ की लागत वाली ओंकारेश्वर तैरती सौर परियोजना आठ अगस्त को शुरू की गई। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केंद्रीय नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत विकसित की गई है और यह भारत का सबसे बड़ा सौर पार्क और मध्य और उत्तर भारत की सबसे बड़ी तैरती सौर ऊर्जा परियोजना है। मंत्री ने कहा कि इस परियोजना का क्रियान्वयन एसजेवीएन की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एसजीईएल) द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के चालू होने पर एसजेवीएन की कुल स्थापित क्षमता बढ़कर 2466 .50 मेगावाट हो गई है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से पहले वर्ष में 19 .65 करोड़ यूनिट तथा अगले 25 साल में 462 .93 करोड़ यूनिट बिजली पैदा होने का अनुमान है।

### कॉफी डे के खिलाफ दिवाला कार्यवाही के आदेश

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट विवाद न्यायाधिकरण एनसीएलटी ने कॉफी डे समूह की मूल कंपनी कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड (सीडीईएल) के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया है। कॉफी डे समूह कॉफी हाउस की कैफे कॉफी डे श्रृंखला का परिचालन करती है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की बेंगलुरु पीठ ने आठ अगस्त को आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लिमिटेड (आईडीबीआई टीएसएल) द्वारा दायर याचिका को स्वीकार कर लिया। याचिका में 228 .45 करोड़ की चूक का दावा था और कर्ज में डूबी कंपनी के परिचालन की देखभाल के लिए एक अंतरिम समाधान पेशेवर की नियुक्ति की थी।

# बैंक जमा जुटाने को आकर्षक योजनाएं लाएं: सीतारमण

## वित्तमंत्री बोलीं- बैंकों को अपने मुख्य कारोबार जमा प्राप्त करने और कर्ज देने पर देना चाहिए ध्यान

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बैंकों से अपने मुख्य कामकाज पर ध्यान देने और जमा के लिए नई और आकर्षक योजनाएं लाने को कहा। उन्होंने कहा कि घरेलू बचत तेजी से अन्य निवेश उत्पादों में जा रहे हैं, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। सीतारमण ने केंद्रीय निदेशक मंडल की 609वीं बैठक के मौके पर निदेशक मंडल के सदस्यों को संबोधित किया। सीतारमण ने कहा कि आरबीआई और सरकार, दोनों बैंकों से अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान देने को कह रहे हैं... उन्हें जमा प्राप्त करने और कर्ज देने पर ध्यान देना चाहिए।

वित्त मंत्री परंपरागत रूप से बजट बाद आरबीआई के निदेशक मंडल की बैठक को संबोधित करती हैं। उन्होंने कहा कि कर्ज और जमा वृद्धि में अंतर है, ऐसे में बैंकों को जमा प्राप्त करने पर ध्यान देना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि आरबीआई ने उन्हें ब्याज दर के प्रबंधन में कुछ स्वतंत्रता दी है। उस स्वतंत्रता का उपयोग करते हुए, उन्हें जमा को आकर्षक बनाना चाहिए। नये-नये उत्पाद लाने चाहिए और जमा जुटाना चाहिए। उन्होंने बैंक अधिकारियों से बड़े या थोक जमा के बजाय छोटे बचतकर्ताओं पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने कहा कि हम जमा और कर्ज वृद्धि के बीच तीन से चार प्रतिशत का अंतर देख रहे हैं। इसमें जमा कम है। कर्ज अब डिजिटल रूप से दिया जा रहा है, जबकि जमा के साथ ऐसा नहीं है और यह महत्वपूर्ण बदलाव है। इसीलिए बैंकों को जमा प्राप्त करने के लिए अनूठे उत्पाद पर ध्यान देना चाहिए। दास कहा कि कर्ज और जमा का अनुपात बढ़ा है। कासा (चालू और बचत खाता) जमा, कुल जमा का घटकर 39 प्रतिशत पर आ गया है जो एक साल पहले 43 प्रतिशत था। दूसरी तरफ कर्ज बढ़ा है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है और नहीं दिया तो नकदी प्रबंधन की समस्या हो सकती है। दास ने कहा कि ब्याज दरें नियंत्रण मुक्त हैं और बैंक प्रायः पैसा जुटाने के लिए जमा दरें बढ़ाते हैं।



रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल की बैठक के दौरान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

- सीतारमण ने कहा- घरेलू बचत तेजी से अन्य निवेश उत्पादों में जा रहे हैं, इस पर ध्यान देने की जरूरत

### देश के बैंकों में नकदी प्रबंधन की हो सकती है समस्या : दास

आरबीआई गवर्नर ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए बैंक क्षेत्र में जमा-कर्ज के बीच अंतर पर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा था कि बैंक कर्ज की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अल्पकालिक गैर-खुदरा जमा और देनदारी के अन्य साधनों का अधिक सहारा ले रहे हैं। दास ने आगाह किया कि बैंकों में नकदी प्रबंधन की समस्या हो सकती है। बैंक नवीन उत्पादों और सेवा पेशकशों और घरेलू वित्तीय बचत जुटाने पर ध्यान दें। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव टीवी सोमनाथन, आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ और निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन सचिव तुहिन कांत पांडेय मौजूद थे।

# चीनी मिल एथनॉल के कच्चे माल में विविधता ले आएं : अमित शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



- एनएफसीएसएफ के कार्यक्रम में शाह ने कहा- 20% एथनॉल मिश्रण का 2030 रखा गया है लक्ष्य

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को चीनी मिलों से एथनॉल उत्पादन के लिए गन्ने का विकल्प तलाशने को कहा और जैव ईंधन विनिर्माण के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ (एनएफसीएसएफ) के कार्यक्रम में शाह ने कहा कि 20% एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य 2030 रखा गया है। हम 2025-26 में इसे हासिल कर लेंगे।

मंत्री ने कहा कि सरकार के एथनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम से कच्चे तेल के आयात बिल को कम करने और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को दूर करने में मदद मिली है। शाह ने चीनी मिलों के लिए दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। शाह ने सहकारी चीनी मिलों से आग्रह किया कि वे रूढ़िवादी दृष्टिकोण त्यागें और मक्का तथा बांस जैसे वैकल्पिक कच्चे माल का उपयोग करें। मिश्रण के लिए 1,000 करोड़ लीटर एथनॉल की आवश्यकता है और इसको प्राप्त करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा मौजूद है। उन्होंने चीनी मिलों के आधुनिकीकरण और नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर बल दिया। केंद्रीय मंत्री ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की स्थापना के बाद संभावित निर्यात अवसरों का हवाला दिया।

मंत्री ने एनएफसीएसएफ को परिचालन का विस्तार करने तथा महासंघ को एक वर्ष में चार राज्यों के हर तीन जिलों में एक सहकारी चीनी मिल स्थापित करने का सुझाव दिया। शाह ने घाटे में चल रही सहकारी समितियों के मार्गदर्शन के लिए पेशेवरों की नियुक्ति तथा दो वर्षों में कारोबार को 25% बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित करने की भी सलाह दी।

## खाद्य बाजार के 47% बढ़कर 1,274 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद

चेन्नई, एजेंसी



घरेलू खाद्य बाजार के 2027 तक 47 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,274 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की रिपोर्ट में यह बात कही गई।

डैनफॉस इंडिया के सहयोग से तैयार रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में अत्याधुनिक तकनीक के साथ नवाचारी स्टार्टअप उभर रहे हैं। भारत में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र - दक्षिणी राज्यों के लिए संभावनाएं शीर्षक वाली रिपोर्ट के मुताबिक तमिलनाडु भारत के प्रसंस्कृत फलों, जूस और मेवों के निर्यात में सबसे आगे है। राज्य की मात्रा के हिसाब से 33% और मूल्य के हिसाब से 27% हिस्सेदारी है। अध्ययन में उभरते रुझानों, प्रौद्योगिकियों और निर्यात अवसरों के बारे में विचार किया गया है। सीआईआई नेशनल काउंसिल फॉर कोल्ड चेन एंड एग्री लॉजिस्टिक्स के चेयरमैन रविचंद्रन पुरुषोत्तमन ने कहा कि इस वृद्धि को गति देने में प्रौद्योगिकी अग्रणी भूमिका निभाएगी।

### मालदीव में भारत शुरू करेगा यूपीआई सेवा

**माले।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और मालदीव ने यहां एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) शुरू करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि इस समझौते का मालदीव के पर्यटन क्षेत्र पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जयशंकर की तीन दिवसीय आधिकारिक मालदीव यात्रा के दौरान शुक्रवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने एक्स पर कहा कि मालदीव में (ए) डिजिटल भुगतान प्रणाली की शुरुआत पर भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और मालदीव के आर्थिक विकास और व्यापार मंत्रालय के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

## आईएफएससी से चर्चा, जल्द शुरू होगा हरित बॉण्ड कारोबार : आरबीआई गवर्नर

नई दिल्ली, एजेंसी




- सरकार ने बॉण्ड से दो साल में कुल 36,000 करोड़ रुपये जुटाए

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शनिवार को कहा कि गुजरात स्थित अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र में चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में सरकारी हरित बॉण्ड कारोबार शुरू हो सकता है। दास ने कहा कि हम अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) के साथ चर्चा कर रहे हैं। इसे जल्द चालू किया जाएगा। मुझे लगता है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में यह शुरू हो जाएगा।

आरबीआई ने घोषणा की थी कि वह गिफ्ट सिटी में सरकारी हरित बॉण्ड के कारोबार को सुगम बनाने के लिए रूपरेखा जारी करेगा। सरकार 2022-23 से ग्रीन यानी हरित बॉण्ड के माध्यम से धन जुटा रही है और पिछले दो साल में कुल 36,000 करोड़ जुटाए गए हैं। सरकार ने हरित बॉण्ड से सितंबर में समाप्त होने वाली पहली छमाही में अबतक 1,697 करोड़ रुपये जुटाए हैं। जबकि 12,000 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखा था। इसका कारण अनुकूल बोलियां नहीं मिलना है।

हरित बॉण्ड को लेकर निवेशकों की धीमी प्रतिक्रिया पर दास ने कहा कि सरकार के कर्ज प्रबंधक के रूप में हम इस पर नजर रखते हैं कि वास्तव में क्या हो रहा है और अगर कुछ करने की जरूरत है तो हम सरकार के साथ बातचीत करेंगे और इससे निपटेंगे। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में एक बड़ी घोषणा जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए जलवायु वित्तपोषण को लेकर टैक्सोनॉमी विकसित करने के बारे में है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इसका हरित क्षेत्र के लिए धन जुटाने को लेकर महत्वपूर्ण दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा। न केवल हरित बॉण्ड से बल्कि हरित क्षेत्र के समग्र वित्तपोषण पर इसका असर होगा।




# पेरिस ओलंपिक 2024




## खेल डायरी

### इथियोपिया के टमिरेट ने पुरूषों की मैराथन जीती


युगांडा के स्टीफन किप्रोटिच थे जिन्होंने लंदन ओलंपिक 2012 में पहला स्थान हासिल किया था।

**पेरिस।** इथियोपियाई धावक तामिरत टोला ने शनिवार को यहां पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की मैराथन जीतकर कीनिया का दबदबा खत्म किया। टोला ने दो घंटे, छह मिनट, 26 सेकंड का समय निकालकर ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया जबकि बेल्जियम के बशीर अब्दी 21 सेकंड पीछे रहकर दूसरे स्थान पर रहे। कीनिया के बेनसन किप्रूतो 34 सेकंड पीछे कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। दो बार के गत विजेता एलियुड किपचोगे पूरे समय संघर्ष करते रहे और टोला से आठ से ज्यादा मिनट पीछे रहे। पुरुष वर्ग की मैराथन जीतने वाले पिछले गैर कीनियाई एथलीट

### केशव महाराज ने वेस्टइंडीज को बैकफुट पर भेजा

**पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद)।** केशव महाराज के तीन विकेट की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को झकझोर कर बारिश से प्रभावित पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना पलड़ा भारी रखा। वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 145 रन बनाए हैं और वह अभी दक्षिण अफ्रीका से 212 रन पीछे है। दक्षिण अफ्रीका ने सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 344 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 357 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय एक विकेट पर 114 रन था लेकिन लगातार 28 ओवर करने वाले महाराज ने कीसी कार्टी और एलिक अथानाजे के विकेट लिए जिससे स्कोर चार विकेट पर 124 रन हो गया। महाराज ने अभी तक 45 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय जैसन होल्डर 13 और कावेम हॉज 11 रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज की तरफ से कार्टी ने सर्वाधिक 42 रन बनाए।

### शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गाफ नेशनल बैंक ओपन से बाहर



**टोरंटो।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गाफ 14वीं वरीयता प्राप्त डायना स्नाइडर से 6-4, 6-1 से हारकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस से बाहर हो गई। स्नाइडर का सामना अब छठी वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा से होगा जिन्होंने एलिस मर्टेंस को 6-2, 6-4 से मात दी थी। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कैटी बूल्टर को 6-3, 6-3 से हराया। गत चैंपियन जेसिका पेगुला ने क्वालीफायर एशलिन क्रूगर को 6-2, 6-4 से मात दी। अब उनका सामना पेटोन स्टीयर्न्स से होगा जो विक्टोरिया अजारेंका के जांघ में चोट के कारण कोर्ट छोड़ने के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। टेलर टाउंसेंड ने चौथी वरीयता प्राप्त येलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-1 से हराया। वहीं एम्मा नवारो ने मार्टा कोस्टियुक को 7-5, 7-5 से हराया।

### प्री क्वालीफायर में 'फ्री अफगान वूमेन' के नारे वाली पोशाक पर अफगानिस्तान की ब्रेक डांसर अयोग्य घोषित

**पेरिस।** अफगानिस्तान के रहने वाली और ओलंपिक में शरणार्थी टीम की तरफ से भाग ले रही ब्रेक डांसर मनिझा तलाश को शुक्रवार को अयोग्य घोषित कर दिया क्योंकि उन्होंने प्री क्वालीफायर के दौरान फ्री अफगान वूमेन (अफगानिस्तान की महिलाओं को आजादी दो) के नारे वाली पोशाक पहन रखी थी। यह 21 वर्षीय ब्रेक डांसर अगर अयोग्य घोषित नहीं भी की जाती तब भी आगे नहीं बढ़ पाती क्योंकि वह भारत की ब्रेक डांसर सार्डजो से हार गई थी। सार्डजो को बी-गर्ल इंडिया के नाम से जाना जाता है। ओलंपिक में खेल के मैदान और पोडियम पर राजनीतिक बयानों और नारों पर प्रतिबंध है। वर्ल्ड डांसस्पोर्ट फेडरेशन ने बाद में एक बयान जारी किया जिसमें कहा गया कि प्री-क्वालीफायर मुकाबले के दौरान अपनी पोशाक पर राजनीतिक नारा प्रदर्शित करने के लिए उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। तलाश ने 2021 में अफगानिस्तान को छोड़कर स्पेन में शरण ली थी।

**भारतीय हॉकी टीम के सदस्यों का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत, कप्तान ने कहा- देशवासियों का ऐसा स्नेह देख बढ़ गई है जिम्मेदारी**

# अभिभूत हूं, देश मना रहा है हमारी जीत का जश्न : हरमनप्रीत

नई दिल्ली, एजेंसी


दिल्ली हवाई अड्डे पर प्रशंसकों को अपने मेडल दिखाते खिलाड़ी।

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्यों का शनिवार की सुबह पेरिस से यहां पहुंचने पर सैकड़ों की संख्या में हवाई अड्डे पर मौजूद खेलप्रेमियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय टीम गुरुवार को स्पेन को कांस्य पदक के मुकाबले में 2-1 को हराकर हॉकी में 13वां ओलंपिक पदक जीतकर लौटी। भारतीय हॉकी की दीवार गोलकीपर पी आर श्रीजेश पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में दो पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर के साथ भारत के ध्वजवाहक होंगे।

श्रीजेश, अमित रोहिदास, राजकुमार पाल, अभिषेक, सुखजीत सिंह और संजय समापन समारोह के बाद लौटेंगे। कप्तान हरमनप्रीत सिंह और टीम का फूलों की मालाओं और ढोल ताशे के साथ इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर स्वागत किया गया।

कांस्य पदक के मैच में दोनों गोल करने वाले हरमनप्रीत ने मीडिया से कहा हमें पूरा सहयोग मिला और हमारी सारी जरूरतें पूरी की गई। हम धन्यवाद देना चाहते हैं। हॉकी के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। इस प्यार से हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। हम हर बार पदक जीतकर लौटने की कोशिश करेंगे। हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक में सर्वाधिक 10 गोल दागे। उन्होंने कहा कि इस स्वागत से टीम अभिभूत है। टीम ने तैयारी में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी और यह देखकर खुशी हुई कि हमारी मेहनत रंग लाई और हमारी जीत का जश्न पूरा देश मना रहा है। भारत ने पेरिस ओलंपिक में ग्रुप चरण में ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया और म्युनिख ओलंपिक 1972 के बाद ओलंपिक में आस्ट्रेलिया पर यह पहली जीत थी।


खेली मंत्री मनसुख मांडविया को जर्सी सौंपते हरमनप्रीत साथ में कांस्य विजेता हॉकी टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### यह जीत आपकी दृढ़ता, टीम वर्क, जज्बे का प्रमाण : मांडविया

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्यों को शनिवार को यहां सम्मानित करते हुए उनकी दृढ़ता और अदम्य जज्बे की सराहना की। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार ओलंपिक कांस्य पदक जीता। मांडविया ने कहा आपने भारत को बहुत गौरव दिलाया है और लाखों युवा खिलाड़ियों को अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। मांडविया ने खिलाड़ियों के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि वैश्विक मंच पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने पूरे देश को गर्व से भर दिया है। पूरे देश को आपकी उपलब्धि पर गर्व है। यह जीत आपकी दृढ़ता, टीम वर्क और अदम्य जज्बे का प्रमाण है। आपने भारत को बहुत गौरव दिलाया है और लाखों युवा एथलीटों को अपने सपने पूरे करने के लिए प्रेरित किया है। केंद्रीय मंत्री ने टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कोचिंग स्टाफ और सहयोगी टीम के अथक प्रयास की भी सराहना की। उन्होंने भारत में हॉकी को और अधिक बढ़ावा देने के साथ देश की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

# क्वार्टर फाइनल में चित हुईं रीतिका

## आखिरी अंक गंवाने के कारण किर्गिस्तान की एइपेरी मेतेट के खिलाफ मिली हार

पेरिस, एजेंसी


क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान की एइपेरी मेतेट के खिलाफ जोर आजमातीं भारत की रीतिका हुड्डा। >>

भारतीय पहलवान रीतिका हुड्डा को पेरिस ओलंपिक महिला कुश्ती के 76 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान की एइपेरी मेतेट के खिलाफ बराबरी के बाद आखिरी अंक गंवाने के कारण हार का सामना करना पड़ा।

अपना पहला ओलंपिक खेल रही 21 साल की रीतिका ने शीर्ष वरीयता प्राप्त पहलवान को कड़ी टक्कर दी और शुरुआती पीरियड में एक अंक की बढ़त बनाने में सफल रही। दूसरे पीरियड में रीतिका ने कड़ी टक्कर देने के बावजूद पैसिविटी (अति रक्षात्मक रवैया) के कारण एक अंक गंवाया जो इस मैच का आखिरी अंक साबित हुआ। नियमों के अनुसार मुकाबला बराबर रहने पर आखिरी अंक बनाने वाले खिलाड़ी को विजेता घोषित किया जाता है। किर्गिस्तान की पहलवान अगर फाइनल में पहुंचती है तो रीतिका के पास रेपेचेज से कांस्य पदक हासिल करने का मौका होगा। इस भारवर्ग में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली देश की पहली पहलवान रीतिका ने इससे पहले तकनीकी श्रेष्ठता से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में हंगरी की बर्नाडेट नैगी को 12-2 से तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। रीतिका पहले पीरियड में 4-0 से आगे थी लेकिन उन्होंने दूसरे पीरियड में शानदार प्रदर्शन कर आठवीं वरीयता प्राप्त पहलवान को ज्यादा मौके नहीं दिए।

रीतिका ने रक्षात्मक खेल के साथ शुरुआत की और हंगरी की पहलवान के आक्रमण को शानदार तरीके से रोकने में सफल रही। रीतिका को इसके बाद पैसिविटी के कारण रेफरी ने चेतावनी दी और इस पहलवान के पास अगले 30 सेकंड में अंक बनाने की चुनौती थी। बर्नाडेट ने रीतिका के पैर पर आक्रमण किया लेकिन भारतीय पहलवान ने 'फ्लिप' कर शानदार बचाव के बाद पलटवार के साथ दो बार दो अंक हासिल करने में सफल रहीं। शुरूआती पीरियड में 0-4 से पिछड़ने वाली हंगरी की पहलवान ने दो अंक हासिल कर वापसी की लेकिन रीतिका ने इसके बाद उन्हें कोई मौका नहीं दिया। रीतिका ने प्रतिद्वंद्वी को टेकडाउन कर दो अंक हासिल करने के बाद लगातार तीन बार अपने दांव पर दो-दो अंक हासिल किए जिससे रेफरी को 29 सेकंड पहले ही मैच को रोकना पड़ा।

**पदक तालिका**

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 37 | 27 | 23 | 87 |
| अमेरिका | 33 | 41 | 39 | 113 |
| ऑस्ट्रेलिया | 18 | 17 | 14 | 49 |
| जापान | 16 | 10 | 13 | 39 |
| फ्रांस | 15 | 21 | 22 | 58 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 14 | 20 | 24 | 58 |
| द. कोरिया | 13 | 8 | 8 | 29 |
| नीदरलैंड | 13 | 6 | 11 | 30 |
| जर्मनी | 12 | 9 | 8 | 29 |
| इटली | 11 | 12 | 14 | 37 |
| भारत | 0 | 1 | 5 | 6 |

### एनआरएआई 14 सितंबर को अपना अध्यक्ष चुनेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) 14 सितंबर को अपना अध्यक्ष चुनेगा क्योंकि यह पद पिछले साल रनिंदर सिंह के 12 साल के कार्यकाल के खत्म होने के बाद खाली पड़ा है।

एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह ने पीटीआई को बताया कि चुनाव मौजूदा चुनावी चक्र में बचे हुए कार्यकाल के लिए ही होंगे और यह कार्यकाल प्रभावी रूप से सिर्फ एक साल का है। सिंह ने कहा चुनाव सिर्फ बचे हुए कार्यकाल के लिए अध्यक्ष पद के लिए होंगे। हम 14 सितंबर को दिल्ली में आम सभा की बैठक बुलाएंगे और उसी दिन अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। पिछले साल खेल मंत्रालय ने निर्देश जारी किया था कि राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रमुख राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुसार 12 साल से अधिक समय तक पद पर नहीं रह सकते। इससे एनआरएआई का नेतृत्व पिछले 16 महीनों से वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश सिंह देव कर रहे हैं।

# महिला विश्व कप की मेजबानी के लिए सेना से मांगा आश्वासन

ढाका, एजेंसी

● 27 सितंबर से शुरू होना है टूर्नामेंट, आईसीसी के पास तैयार हैं अन्य विकल्प

पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाए जाने के बाद बांग्लादेश में बनी राजनीतिक अस्थिरता को देखते हुए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने देश के सेवा प्रमुख से 3 से 20 अक्टूबर के बीच होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के आयोजन के लिए सुरक्षा का आश्वासन मांगा है।

महिला टी-20 विश्व कप बांग्लादेश के दो शहरों सिलहट और मीरपुर में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के अभ्यास मैच 27 सितंबर से शुरू हो जाएंगे। क्रिकबज के अनुसार, बीसीबी ने बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वेकर उज जमान को पत्र लिखकर टूर्नामेंट के आयोजन के लिए सुरक्षा आश्वासन मांगा है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भी बांग्लादेश की स्थिति पर नजर रखे हुए है जहां सरकार के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शनों में सैकड़ो लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी और शेख हसीना को अपना पद छोड़ना पड़ा।

आईसीसी समान समय क्षेत्र में इस टूर्नामेंट का आयोजन कर सकता है तथा ऐसे में उसके पास भारत, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका विकल्प होंगे। बीसीबी अंपायरिंग कमेटी के अध्यक्ष इफ्तिखार अहमद मिठू ने कहा हम टूर्नामेंट की मेजबानी करने की कोशिश कर रहे हैं। हमने आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की सुरक्षा को लेकर आश्वासन मांगने के संबंध में गुरुवार को सेना प्रमुख को एक पत्र भेजा है क्योंकि हमारे पास अब केवल दो महीने का समय बचा है।

### ट्रेनिंग में बाधा, जल्दी पाकिस्तान पहुंचेगी बांग्लादेश की टीम

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को घोषणा की कि बांग्लादेश की सीनियर क्रिकेट टीम 13 अगस्त को पाकिस्तान पहुंचेगी क्योंकि घरेलू राजनीतिक अशांति के कारण उनकी दो मैच की टेस्ट श्रृंखला की ट्रेनिंग बाधित हुई है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने इस संबंध में पीसीबी का निमंत्रण स्वीकार लिया है।

बांग्लादेश आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंतर्गत पाकिस्तान से दो टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलेगा। पहला टेस्ट 21 से 25 अगस्त को रावलपिंडी में जबकि दूसरा टेस्ट 30 अगस्त से तीन सितंबर तक कराची में होगा। पीसीबी के मुख्य परिचालन अधिकारी सलमान नसीर ने कहा कि उन्हें खुशी है कि बीसीबी ने उनका निमंत्रण स्वीकार कर लिया। नसीर ने कहा खेल महज जीत और हार नहीं है। मुझे पूरा भरोसा है कि अतिरिक्त ट्रेनिंग सत्र से बांग्लादेश के खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। बीसीबी के मुख्य कार्यकारी ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम को अतिरिक्त ट्रेनिंग का मौका देने के लिए धन्यवाद दिया।

# 61.5 किलो आया वजन, 10 घंटे बहाया पसीना

पेरिस, एजेंसी



● अमन ने सौना के पांच सत्र, ट्रेडमिल पर अभ्यास से 10 घंटे में घटाया 4.6 किलो वजन

कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है और पेरिस ओलंपिक में भारत को कुश्ती का कांस्य पदक दिलाने वाले अमन सेहरावत को 4.6 किलो वजन खोना पड़ा। सेमीफाइनल में जापान के रेइ हिगुची से हारने के बाद अमन का वजन 61.5 किलो आया था। अब कांस्य पदक के प्लेआफ के लिये मैट पर उतरने से पहले उनके सामने वजन कम करने की चुनौती थी।

ओलंपिक कांस्य पदक जीतने वाले भारत के सबसे युवा खिलाड़ी अमन ने दस घंटे के भीतर 4.6 किलो वजन कम किया क्योंकि उन्हें 57 किलोवर्ग के मुकाबले में उतरना था। दूसरे दिन सुबह वजन किया गया तो कोच जगमंदर सिंह और वीरेंदर दहिया ने राहत की सांस ली क्योंकि अमन का वजन निर्धारित सीमा के भीतर आया। कुछ दिन पहले ही विनेश फोगाट सौ ग्राम वजन अधिक पाये जाने के कारण फाइनल से अयोग्य करार दी गई थी। अमन ने मिशन की शुरूआत डेढ घंटे अपने दो सीनियर कोचों के साथ मैट पर अभ्यास करने के साथ की। इसके बाद एक घंटा गर्म पानी से स्नान किया। चूंकि पसीने से भी वजन कम होता है तो आधा घंटे के ब्रेक के बाद पांच पांच मिनट के पांच सौना बाथ सत्र हुए। आखिरी सत्र के बाद अमन का वजन 900 ग्राम अधिक था तो उनकी मालिश की गई और कोचों ने उसे हल्की जॉगिंग करने के लिए कहा। इसके बाद 15 मिनट दौड़ लगाई। सुबह 4.30 तक उसका वजन 56.9 किलो आ गया। इस दौरान उसे गर्म पानी के साथ नींबू और शहद और थोड़ी कॉफी दी गई। अमन उसके बाद सो ही नहीं सका। उसने कहा मैने कुश्ती के मुकाबलों के वीडियो पूरी रात देखे। कोच ने कहा हम हर घंटे उसका वजन जांचते रहे।

### अमन का जीवन प्रेरणादायक : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर पहलवान अमन सेहरावत की शनिवार को सराहना की और कहा कि उनका जीवन दूसरों के लिए प्रेरणादायक है। प्रधानमंत्री ने पहलवान को फोन पर बधाई दी, कहा वह इस ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में सबसे कम उम्र के है और उनकी यह उपलब्धि लंबे समय तक खुशी देती रहेगी। सेहरावत ने कम उम्र में अपने माता-पिता को खो दिया था और उन्होंने खुद को कुश्ती के लिए समर्पित कर दिया।

# ओलंपिक में जीते यह पदक बच्चों को करेंगे प्रेरित : नीरज

● स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनाए रखते हुए भाला फेंक को लोकप्रिय बनाना चाहते हैं नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम

पेरिस, एजेंसी



भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा और अरशद नदीम मैदान पर अपनी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और मैदान के बाहर पक्की दोस्ती से भारत और पाकिस्तान के युवाओं को प्रेरित करने और इस खेल से जोड़ने के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए तैयार हैं।

नदीम ने पेरिस ओलंपिक की पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो से ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि अपने खिताब का बचाव कर रहे चोपड़ा ने 89.45 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से रजत पदक जीता। चोपड़ा से जब पूछा गया कि क्या दोनों की सफलता से भारत और पाकिस्तान दोनों में एथलेटिक्स लोकप्रिय होगी तो उन्होंने कहा यह पहले से ही बहुत बढ़ चुकी है। हम पहले से ही भारत में अधिक प्रतिभाशाली भाला फेंक एथलीट देख रहे हैं। पाकिस्तान में भी यही हो रहा है।

चोपड़ा ने कहा यह तभी संभव होगा जब हमारे पास क्रिकेट की तरह काफी प्रतियोगिताएं हों। हमारे पास दो बड़ी प्रतियोगिताएं हैं। चार साल में ओलंपिक और दो साल में विश्व चैंपियनशिप। अगर अधिक प्रतियोगिताएं होती तो ज्यादा से ज्यादा लोग इसे देखेंगे जैसे डायमंड लीग और कुछ अन्य प्रतियोगिताओं को देखते हैं। 27 वर्षीय नदीम ने कहा मैं बहुत खुश हूं। भाग लेने वाले सैकड़ों देशों में से पाकिस्तान और भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया। नीरज ने बुडापेस्ट में (2023) विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता और यह मेरे लिए एक सुनहरा पल है। नदीम ने कहा हमारी दोस्ती बहुत मजबूत है और मैं चाहता हूं कि यह लंबे समय तक जारी रहे।

### विनेश ने देश के लिए जो कुछ किया, उसे लोग नहीं भूलेंगे

**पेरिस।** स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पहलवान विनेश फोगाट की खेल पंचाट (सीएएस) की गयी अपील को सफल रहने की उम्मीद जताते हुए कहा कि अगर यह फैसला उनके पक्ष में नहीं रहा तो भी लोगों यह भूलना नहीं चाहिये कि उन्होंने देश के लिए क्या किया है। वह विनेश के गले में पदक सिर्फ एक कारण से देखना चाहते है क्योंकि इससे 'लोग उनकी उपलब्धि को भूलेंगे नहीं। अगर उसे पदक मिलता है, तो यह बहुत अच्छा होगा। अगर चीजें उस तरह से नहीं हुई होती, तो उसके पास पदक होता। मुझे उम्मीद है कि उसे यह मिलेगा क्योंकि अगर यह आपके गले में नहीं है, तो आपको हमेशा इसकी निराशा रहती है।

# विनेश का दर्द समझता हूंः हिगुची

पेरिस, एजेंसी



● जापान के ओलंपिक चैंपियन ने किया फोगाट का समर्थन, कहा- ऐसे मै धैर्य बनाए रखना जरूरी

कुछ अतिरिक्त ग्राम के कारण अयोग्य घोषित किए जाने के दर्द से सभी पहलवान परिचित हैं और अब जापानी ओलंपिक चैंपियन रेई हिगुची ने भारतीय पहलवान विनेश फोगाट का समर्थन करते हुए कहा कि वह उनका दर्द समझते हैं।

विनेश को निर्धारित सीमा से 100 ग्राम अधिक होने के कारण पेरिस ओलंपिक के फाइनल के लिए अयोग्य ठहराकर बाहर दिया गया था। पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता हिगुची को तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक के क्वालीफायर से सिर्फ 50 ग्राम अधिक वजन होने के कारण बाहर कर दिया गया था। इसके बाद वह अपने घरेलू ओलंपिक में हिस्सा नहीं ले सके। हिगुची ने 57 किग्रा फ्रीस्टाइल के सेमीफाइनल में भारत के अमन सेहरावत को हराकर फाइनल में प्रवेश किया और स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने विनेश की संन्यास की घोषणा पर टिप्पणी करते हुए 'एक्स' पर लिखा, मैं आपका दर्द अच्छी तरह समझता हूं। बस 50 ग्राम। दूसरों की बातों की चिंता मत करो। जिंदगी चलती रहती है। असफलताओं से उबरना सबसे खूबसूरत चीज है।

हिगुची ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत पदक जीता था। उन्होंने 'जापान न्यूज' से तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में असफल होने के बारे में कहा मैं असफलता और निराशा से गुजर चुका हूं, लेकिन मैं खुद पर विश्वास करके सफल होने में कामयाब रहा। फिर भी मुझे नहीं लगता कि मैं सिर्फ अपने प्रयासों से स्वर्ण पदक जीत सकता था। तब हिगुची को 'जंक फूड' के प्रति लगाव के लिए दोषी माना जा रहा था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### मोंटाना जा रहे ट्रंप के विमान का मार्ग बदला



**बोजमैन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के विमान में शुक्रवार रात उस समय यांत्रिक समस्या आ गई, जब वह मोंटाना के बोजमैन में एक जनसभा में शामिल होने के वास्ते रवाना हुआ था। एक अधिकारी ने बताया कि यांत्रिक समस्या के कारण ट्रंप के विमान के मार्ग में बदलाव किया गया और यह पास के बिलिंग हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतरा।

### भारत-नेपाल में उपग्रह प्रक्षेपण को लेकर करार

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय और इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) ने नेपाल निर्मित मुनाल उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए सहायता देने के लिए शनिवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मुनाल नेपाल में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अकादमी (एनएएसटी) के तत्वावधान में विकसित एक स्वदेशी उपग्रह है। नेपाली अंतरिक्ष स्टार्टअप अन्तरिक्षीय प्रतिष्ठान नेपाल (एपीएन) ने इस उपग्रह के डिजाइन और निर्माण में नेपाली विद्यार्थियों की सहायता की है।

### सिंगापुर में गुरुद्वारे में शताब्दी वर्ष समारोह

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक गुरुद्वारे की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर समारोह आयोजित किया गया और इस दौरान वहां प्रार्थना सभाएं भी आयोजित की गईं जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। यह गुरुद्वारा सिंगापुर जनरल हॉस्पिटल के विशाल मैदान के सामने जालान बुकिट मेराह में स्थित है। गुरुद्वारे में शताब्दी वर्ष समारोह से जुड़े कार्यक्रम 15 जून से शुरू हुए और दिसंबर तक होंगे।

### उत्तर कोरिया ने उड़ाए दक्षिण कोरिया में गुब्बारे

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने फिर से दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे गुब्बारे उड़ाए हैं। सेना ने शनिवार को कहा कि हवा से ये गुब्बारे दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के उत्तरी क्षेत्रों तक पहुंच सकते हैं। सियोल सिटी हॉल और ग्योंगी प्रांतीय सरकार ने नागरिकों को संदेश जारी कर आसमान से गिरने वाली वस्तुओं से सावधान रहने और कोई गुब्बारा दिखाई देने पर सेना या पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया है।

### असम सीमा विवाद हल करने को प्रतिबद्धः लालदुहोमा

**आइजोल।** मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार पड़ोसी राज्य असम के साथ सीमा विवाद सुलझाने और सीमा पर शांति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। लालदुहोमा ने एक बयान में कहा कि उनकी सरकार मौजूदा कार्यकाल के दौरान अंतरराज्यीय सीमा विवाद को हल करने की इच्छुक है।

# तिमोर लेस्ते से द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाएगा भारत

**तिमोर-लेस्ते, एजेंसी**



● राष्ट्रपति मुर्मू को तिमोर-लेस्ते का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि भारत और तिमोर-लेस्ते लोकतंत्र और बहुलवाद के मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं और दोनों देशों के बीच मधुर एवं मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। मुर्मू ने तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता के साथ दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर व्यापक चर्चा की। मुर्मू शनिवार को इस दक्षिण-पूर्व एशियाई देश पहुंची थीं। दिली स्थित राष्ट्रपति भवन में मुर्मू का स्वागत किया गया और उन्होंने सलामी गारद का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भारत और तिमोर-लेस्ते लोकतंत्र और बहुलवाद के मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं और दोनों देशों के बीच मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से नवाजा। मुर्मू को यह सम्मान सार्वजनिक सेवा में उपलब्धियों तथा शिक्षा, सामाजिक कल्याण और महिला सशक्तीकरण के प्रति समर्पण के लिए दिया गया है।

# बांग्लादेश के प्रधान न्यायाधीश सहित छह जजों का इस्तीफा

## मोहम्मद अशफाकुल इस्लाम को बनाया गया कार्यवाहक प्रधान न्यायाधीश

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ओबैदुल हसन और पांच अन्य न्यायाधीशों ने छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उच्चतम न्यायालय के जनसंपर्क अधिकारी मोहम्मद शफीकुल इस्लाम ने बताया कि अपीलीय डिवीजन के न्यायाधीश मोहम्मद अशफाकुल इस्लाम को कार्यवाहक प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। प्रधान न्यायाधीश (65) ने अपना निर्णय दोपहर करीब एक बजे घोषित किया, जब भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के प्रदर्शनकारी अदालत परिसर में एकत्र हुए। अंतरिम सरकार के कानूनी सलाहकार प्रोफेसर आसिफ नजरुल ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश का त्यागपत्र राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। इस घोषणा के कुछ ही घंटों बाद शीर्ष अदालत के पांच अन्य न्यायाधीशों ने कानून मंत्रालय के माध्यम से राष्ट्रपति को इस्तीफा सौंप दिया।

### छात्रों के दबाव में दिया इस्तीफा



भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयकों में से एक हसनत अब्दुल्ला ने प्रधान न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों को इस्तीफे के लिए दोपहर एक बजे तक का समय दिया था। प्रधान न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट के सभी न्यायाधीशों की बैठक बुलाई थी किंतु छात्रों के विरोध के मद्देनजर बैठक स्थगित कर दी और बाद में कहा कि वह पद से इस्तीफा दे देंगे।

### पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह

**कोलकाता।** कॉमनवेल्थ जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) ने शनिवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से देश में पत्रकारों और मीडिया संस्थानों के लिए सुरक्षा और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बांग्लादेश में पत्रकारों पर गंभीर हमलों और धमकाने की घटनाओं के मद्देनजर एसोसिएशन ने यह पत्र लिखा है।

### हिंदुओं पर हमले रोकने के लिए अमेरिका करे हस्तक्षेप, भारतीय-अमेरिकी सांसद ने उठाई मांग

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी सांसद थानेदार ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ समन्वित हमलों को रोकने का विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से आग्रह करते हुए अमेरिकी सरकार से अल्पसंख्यक समुदाय के सताए गए सदस्यों को शरणार्थी के रूप में अस्थायी संरक्षित दर्जा देने का अनुरोध किया है। बांग्लादेश में पांच अगस्त को शेख हसीना सरकार के पतन के बाद अल्पसंख्यक समुदायों पर 52 जिलों में कम से कम 205 हमले हुए।

### बांग्लादेश से घुसपैठ चिंता का विषय : बीरेन सिंह

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शनिवार को कहा कि बांग्लादेश में अशांति के मद्देनजर पड़ोसी मुल्क से होने वाली घुसपैठ चिंता का विषय है और उनकी सरकार ने इसे रोकने के लिए कुछ जिलों में रात्रि कर्फ्यू लगाया है।

### अल्पसंख्यकों पर हमले जघन्य अपराध : यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को अल्पसंख्यकों पर हमलों की निंदा करते हुए इन्हें जघन्य करार दिया और युवाओं से उनकी रक्षा करने का आग्रह किया।

# इजराइल ने किया गाजा में स्कूल पर हवाई हमला, 80 नागरिकों की मौत

## हमले में 47 लोग हुए घायल, मृतकों में महिलाओं और बच्चों की संख्या अधिक

**दीर अल-बलाह, एजेंसी**

● इजराइल का दावा-स्कूल में उसने हमास के कमांड सेंटर को बनाया निशाना

गाजा सिटी में शरणार्थी शिविर में तब्दील एक स्कूल पर शनिवार तड़के हुए इजराइल के हवाई हमले में कम से कम 80 लोगों की मौत हो गई है। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच 10 महीने से जारी युद्ध में यह हमला अब तक के भीषण हमलों में से एक है। इजराइली सरकार ने हमले की बात स्वीकार करते हुए दावा किया है कि उसने स्कूल के अंदर स्थित हमास के कमान सेंटर को निशाना बनाया। हालांकि, हमास ने इससे (कमान सेंटर से) इनकार किया है।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मध्य गाजा में तबीन स्कूल पर हुए हमले में 47 लोग घायल भी हुए हैं। स्कूल का इस्तेमाल युद्ध के चलते अपने घरों को छोड़कर भागने को मजबूर हुए लोगों को शरण देने के लिए किया जा रहा था। गाजा सिटी में अल-अहली अस्पताल के निदेशक फदेल नईम ने कहा कि हवाई हमले में मारे गए 70 लोगों के शव और 10 अन्य के शरीर के अंग लाए गए हैं। लोगों को बचाने में जुटे एक प्रत्यक्षदर्शी अबू अनस के अनुसार, हमला बिना किसी चेतावनी के सुबह सूर्योदय से पहले हुआ, जब लोग स्कूल के अंदर स्थित मस्जिद में नमाज अदा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वहां लोग नमाज कर रहे थे, कुछ लोग नहा रहे थे और कुछ ऊपर सो रहे थे, जिनमें बच्चे, महिलाएं और बूढ़े भी शामिल थे।

### जून में भी हुआ था स्कूल पर हमला

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, युद्ध के दौरान छह जुलाई तक गाजा के 564 स्कूलों में से 477 पर सीधा हमला हुआ है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार जून में, मध्य गाजा में विस्थापित फलस्तीनियों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर इजरायली हमले में कम से कम 33 लोग मारे गए थे, जिनमें 12 महिलाएं और बच्चे थे।

### स्कूल-मस्जिद में थे छह हजार शरणार्थी

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि मिसाइल अचानक उन पर गिर गई। पहले एक मिसाइल गिरी, फिर एक और। हमने शवों के अंग बरामद किए हैं। हमास की स्थानीय सरकार के तहत काम करने वाले नागरिक सुरक्षा दल के प्रवक्ता महमूद बस्सल ने बताया कि तीन मिसाइल स्कूल और मस्जिद के अंदर गिरीं, जहां युद्ध के कारण लगभग 6,000 लोग शरण लिए हुए थे। उन्होंने कहा कि मृतकों में से अधिकांश की पहचान नहीं हुई है और मृतक संख्या बढ़ने की आशंका जताई। बस्सल ने कहा कि मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं।



**झंडा ऊंचा रहे हमारा...** हिमालय पर्वतारोहण संस्थान (एचएमआई) द्वारा कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान से अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो तक दिव्यांगजन अभियान के हिस्से के रूप में 7,800 वर्ग फुट का राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित किया जा रहा है।

# श्रीलंका पीपुल्स फ्रंट के बागी बनाएंगे अपनी पार्टी

**कोलंबो, एजेंसी।** राजपक्षे परिवार की अगुवाई वाले दल के बागी नेताओं ने 21 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में निवर्तमान राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे का समर्थन करने के प्रयास के तहत अगले सप्ताह नया संगठन बनाने का निर्णय किया है। राजपक्षे परिवार के प्रति निष्ठावान रह चुके महिंदानंद अलुथगामगे ने मध्यवर्ती कैंडी जिले में एक राजनीतिक सभा में कहा कि नई पार्टी के गठन की तैयारी चल रही है। राजपक्षे श्रीलंका में शासन करने वाले प्रभावशाली राजनीतिक परिवारों में एक है। राजपक्षे की श्रीलंका पीपुल्स फ्रंट (एसएलपीपी) करीब दो दशक तक केंद्र में शासन कर चुका है। वर्ष 2020 में संसद के लिए निर्वाचित हुए एसएलपीपी के 145 से अधिक सांसदों में से 100 से अधिक अब 75 वर्षीय विक्रमसिंघे के साथ हैं जिन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है।

# यूक्रेन को 12.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की मदद

**वाशिंगटन, एजेंसी**

● व्हाइट हाउस ने की सहायता देने की घोषणा, भेजेगा हथियार

रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की मदद के लिए अमेरिका ने उसे अतिरिक्त 12.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के हथियार भेजने का फैसला किया है। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को बताया कि यूक्रेन को भेजी जा रही अतिरिक्त सैन्य सहायता में अति आवश्यक वायु रक्षा प्रणालियां, टैंक रोधी हथियार और दुश्मन द्वारा दागे गए गोलों का पता लगाने व उन्हें नष्ट करने में मदद करने वाले राडार शामिल हैं।

अमेरिका ने यूक्रेन के लिए अतिरिक्त सैन्य सहायता की घोषणा ऐसे समय में की है, जब कीव ने फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से रूस की जमीन पर अपना अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में हमला किया, जिससे मॉस्को को आपातकाल घोषित करना पड़ा और वहां अतिरिक्त सैन्य बल भेजना पड़ा। राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि रूस के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए यूक्रेन अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराए गए हथियारों का इस्तेमाल बाइडन प्रशासन की नीतियों के अनुरूप ही कर रहा है।

बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन को सीमावर्ती क्षेत्रों में रूस के खिलाफ जवाबी कार्रवाई में इन हथियारों का इस्तेमाल करने की इजाजत दी है, लेकिन वह देश के भीतरी हिस्सों में स्थित लक्ष्यों को इन हथियारों से निशाना नहीं बना सकता। हालांकि, उसने यह स्पष्ट नहीं किया है कि इन हथियारों का इस्तेमाल कितनी दूरी पर स्थित लक्ष्यों पर हमले के लिए किया जा सकता है। अमेरिका से यूक्रेन को भेजी जा रही नवीनतम सैन्य सहायता में स्टिंगर मिसाइलें, 155 मिलीमीटर और 105 मिलीमीटर के गोले, ''हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम'' में प्रयुक्त गोला-बारूद और बख्तरबंद वाहन शामिल हैं।

# इस्माइली फिर बने ईरान के परमाणु विभाग के प्रमुख

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने अमेरिका में पढ़े अधिकारी मोहम्मद इस्माइली को एक बार फिर देश के परमाणु विभाग का प्रमुख नियुक्त किया है, जिन पर 16 साल पहले संयुक्त राष्ट्र ने प्रतिबंध लगाए थे। इस्माइली ईरान के असैन्य परमाणु विभाग के प्रमुख के तौर पर काम करते रहेंगे। वर्ष 2015 का परमाणु कार्यक्रम समझौता खत्म होने के बाद पश्चिमी देशों ने ईरान पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं, जिनके बीच पेजेश्कियान ने इस्माइली को दोबारा इस पद पर नियुक्त किया है। समझौते के तहत ईरान को परमाणु गतिविधियों में कटौती के बदले प्रतिबंधों से राहत मिली थी। पेजेश्कियान ने राष्ट्रपति चुनाव में प्रचार अभियान के दौरान कहा था कि वह परमाणु समझौते को बहाल करने का प्रयास करेंगे। संयुक्त राष्ट्र ने इस्माइली पर ईरान की संवेदनशील परमाणु गतिविधियों में शामिल होने, सीधे तौर पर जुड़े रहने या समर्थन प्रदान करने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# भारत हमारा करीबी और बहुमूल्य साझेदार : मुइज्जू

**माले, एजेंसी**



विदेशमंत्री जयशंकर ने मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू से मुलाकात की।

● मालदीव के राष्ट्रपति से मिले विदेशमंत्री जयशंकर

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शनिवार को कहा कि भारत हमेशा से एक करीबी सहयोगी और बहुमूल्य साझेदार रहा है तथा उनके देश को जब भी उसकी जरूरत पड़ी तब नई दिल्ली ने हर तरह की सहायता प्रदान की है। उन्होंने मालदीव में 28 द्वीप क्षेत्रों में जलापूर्ति व सीवर सुविधाएं शुरू किए जाने को लेकर राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। भारत सरकार ने भारतीय एक्जिम बैंक के माध्यम से ऋण सुविधा के तहत इन परियोजनाओं का वित्तपोषण किया है।

इससे पहले, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मुइज्जू से मुलाकात कर दोनों देशों की जनता और क्षेत्र के लाभ के लिए भारत-मालदीव संबंधों को मजबूत बनाने की नई दिल्ली की प्रतिबद्धता दोहराई। मुइज्जू ने कहा कि इन परियोजनाओं से महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ होंगे, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और कुल मिलाकर देश की समृद्धि में योगदान होगा। उन्होंने कहा कि भारत के साथ मालदीव के द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से ये परियोजनाएं महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं। समारोह के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू ने एक बार फिर मालदीव और भारत के बीच ऐतिहासिक एवं निकट संबंधों को मजबूत बनाने की अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई। मुइज्जू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मालदीव को उदारतापूर्वक व निरंतर सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारत सरकार और भारत के मित्रवत लोगों का आभार व्यक्त किया। जयशंकर मालदीव की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं।

### जल एवं स्वच्छता परियोजनाएं मालदीव को सौंपी

**माले।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मालदीव के 28 द्वीपों में भारत के वित्तपोषण वाली 11 करोड़ अमेरिकी डॉलर की व्यापक जल एवं स्वच्छता परियोजनाएं शनिवार को पड़ोसी देश को सौंप दीं। तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर यहां पहुंचे जयशंकर ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में डिजिटल माध्यम से परियोजनाओं की शुरुआत की। भारत ने एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से ऋण सुविधा के तहत मालदीव के 28 द्वीपों में जल एवं स्वच्छता परियोजनाएं शुरू की हैं।

### मालदीव के रक्षा मंत्री से सुरक्षा संबंधों पर चर्चा

**माले।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून के साथ सकारात्मक बैठक की और द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग तथा क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने में साझा हित पर चर्चा की। अपनी मालदीव यात्रा के दूसरे दिन जयशंकर ने द्वीपीय राष्ट्र के रक्षा मंत्री मौमून से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि रक्षा मंत्री मौमून से रक्षा और सुरक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा के लिए संयुक्त पहल और क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने में हमारे साझा हितों पर चर्चा हुई। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब पिछले वर्ष राष्ट्रपति मुइज्जू के पदभार ग्रहण करने के बाद से मालदीव के साथ चीन के सैन्य संबंध बढ़ रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# नई मेधाओं को मंच देना चाहता हूं : आमिर खान



**नई दिल्ली।** सुपरस्टार आमिर खान का कहना है कि लापता लेडीज फिल्म बनाने का उनका फैसला इस अहसास पर आधारित है कि वह हर रोचक कहानी में अभिनय नहीं कर सकते और अब वह उभरते कलाकारों के लिए मौका पैदा करना चाहते हैं। किरण राव निर्देशित यह फिल्म शुक्रवार शाम में यहां उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों, उनके परिवारों और अधिकारियों को दिखायी गई। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने खान एवं राव का स्वागत किया। फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद के सत्र को संबोधित करते हुए खान ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान उनके पास अपने करियर के बारे में सोचने के लिए काफी वक्त था।

### अर्जुन रामपाल का एक्स खाता हैक



**मुंबई।** अभिनेता अर्जुन रामपाल ने शनिवार को अपने प्रशंसकों से अनुरोध किया कि वे उनके एक्स अकाउंट से किसी भी संदेश का जवाब न दें, क्योंकि यह हैक हो गया है। रामपाल (51) ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट में यह खबर साझा की। उन्होंने लिखा यह अच्छी खबर नहीं है कि मेरा एक्स अकाउंट हैक हो गया है। हाल ही में प्रसिद्ध गीतकार और शायर जावेद अख्तर ने भी खुलासा किया कि उनका एक्स खाता हैक कर लिया गया था और 2024 पेरिस ओलंपिक से संबंधित एक पोस्ट साझा कर दी गयी थी। अख्तर ने पोस्ट किया था मेरा एक्स खाता हैक हो गया है। मेरे अकाउंट से ओलंपिक के लिए हमारी भारतीय टीम के बारे में एक संदेश आया है। यह पूरी तरह से हानिरहित है, लेकिन मैंने इसे नहीं भेजा है।

### यश चोपड़ा की फिल्म पर महेश भट्ट ने कसा तंज

**मुंबई।** फिल्ममेकर महेश भट्ट ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान यश चोपड़ा की फिल्म सिलसिला पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर सीक्रेट रिलेशनशिप होती है, गार्डन में जाकर गाना नहीं गाते। लोग इसे सीक्रेट रखते हैं। महेश भट्ट ने यह भी कहा कि उनकी फिल्म अर्थ यशराज की फिल्म सिलसिला से प्रेरित नहीं थी। दरससल, महेश भट्ट ने जब अर्थ बनाई थी तो उस समय यह अफवाह उड़ी थी कि उन्होंने यह फिल्म यशराज की सिलसिला देखने के बाद बनाई थी। महेश भट्ट ने कहा– मैंने अर्थ अपने जीवन के अनुभवों से प्रेरणा लेकर बनाई थी। इससे पहले जो चार फिल्में बनाई थीं वो फ्लॉप थीं। मेरा करियर खत्म होने वाला था। सोचा कि एक और रिस्क लेते हैं। लोग मुझसे कहते थे कि आप पहले से फ्लॉप डायरेक्टर हैं और अब अर्थ जैसी फिल्म बना रहे हैं। जिस पर पहले ही सिलसिला जैसी फिल्म बन चुकी है। जो फ्लॉप थी।

## ज्ञान-वि

**90 किमी से नीचे गिरने वाली उल्कावृष्टि में यह प्रभाव देखा जा सकता है**

# आसमान में घंटाभर प्रभाव बनाए रख सकता है उल्कापात

**नैनीताल कार्यालय**



### 17 को होगी उल्कावृष्टि

**नैनीताल** : 17 अगस्त की रात सिग्निड उल्कावृष्टि की घटना होगी। मगर इस खगोलीय घटना का लुत्फ उठाने में चंद्रमा की रोशनी बड़ी बाधा होगी। चंद्रमा के अस्त होने के बाद ही इसे देखा जाना आसान हो सकेगा। वर्ष में कई दिन आते हैं, जब उल्कावृष्टि चरम पर होती है। जिसमें दर्जनों से लेकर सैंकड़ों उल्कापात प्रति घंटे की दर से देखी जा सकती हैं।

**अमृत विचार** : आसमान की रोमांचक घटनाओं में शूमार उल्कावृष्टि यानी टूटते तारों को लेकर नई जानकारी आई है कि आसमान से धरती की ओर आने वाली उल्का एक घंटे तक आसमान में अपना प्रभाव छोड़ सकती है। यह प्रभाव आसमान में सीमित ऊंचाई से आने वाली उल्काओं पर ही देखा जा सकता है, जबकि अधिक ऊंचाई पर जलने वाले उल्कापिंड कुछ ही पल में नष्ट हो जाते हैं।

उल्कापिंड आम तौर पर पलक झपकते ही दिखना बंद हो जाती हैं। यह रोमांचक खगोलीय घटना होती है और वर्ष में रोजाना होने वाली खगोलीय घटना है। मगर साल में कुछ ही दिनों का अवसर मिलता है, जब हम इन्हें काफी संख्या में आसमान से जमीन की ओर गिरते देख सकते हैं। मगर नई जानकारी के मुताबिक कभी कभी उल्का एक स्थायी आभा आसमान में छोड़ जाता है। खगोलविदों ने सौ वर्षों से भी अधिक समय से इन लगातार चलने वाली घटनाओं का अध्ययन किया है और इनकी उत्पत्ति से लेकर अंत तक विस्तार से जांच पड़ताल की है। स्विट्जरलैंड के बर्न विश्वविद्यालय के खगोल भौतिकीविद कहते हैं कि 10 से 60 मिनट तक स्थायी प्रभाव तब बनता है, जब अंतरिक्ष से जली हुई धातुएँ वायुमंडल में ऑक्सीजन व विशेष रूप से ओजोन के साथ प्रतिक्रिया करती हैं।

रासायनिक प्रतिक्रिया से गर्मी और प्रकाश निकलता है, जो उल्कापिंड को एक घंटे तक बनाए रखता है। बड़ी बात यह है कि जब हवा उन्हें दूर ले जाती है तो वे चमकीले सापों की तरह ऐंठ और मुड़ सकती हैं। वैज्ञानिकों द्वारा 1940 से 1950 के दशक के किए अध्ययनों से पता चला है कि प्रत्येक 750 उल्काओं में से एक उल्का पर यह प्रभाव देखा जाता है। वायुमंडलीय भौतिकविद कहते हैं कि उल्कापिंड से टकराकर गिरने वाले छोटे आवेशित धूल के कण एक विद्युत क्षेत्र उत्पन्न कर सकते हैं जो उल्का को एक साथ बनाए रख सकता है।